राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापुर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शुक्रवार, 06 मार्च 2026

वर्ष 07, अंक 153, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

बिना हेलमेट और इंश्योरेंस के बाइक चलाते दिखे पुलिसकर्मी, उठे सवाल....03

पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार का आश्वासन, देश में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं...12

## लिव-इन रिलेशनशिप पर दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा- कानूनी न होकर भी एक तरह से विवाह के समान

● हाई कोर्ट ने लिव-इन को विवाह के समान बताया।

● वयस्क जोड़े को पुलिस सुरक्षा देने का निर्देश।

● जीवनसाथी चुनने का अधिकार संविधान के तहत मौलिक है।




**नई दिल्ली।** लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले दो वयस्कों को पुलिस सुरक्षा देते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ताओं का लिव-इन रिलेशनशिप एक तरह से विवाह के समान है, हालांकि कानूनी रूप से नहीं।

न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी की पीठ ने कहा कि आखिरकार, भारत में विवाह तभी मान्यता प्राप्त है जब यह दो सहमति देने वाले व्यक्तियों के बीच हो, फिर चाहे उनकी जाति, पंथ, रंग, धर्म या आस्था कुछ भी हो।

अदालत ने कहा कि लिव-इन में रहने वाले वयस्क पारिवारिक सदस्यों की धमकियों और हस्तक्षेप से पुलिस सुरक्षा पाने के हकदार हैं। कोर्ट ने इस बात को दोहराया कि संविधान के अनुच्छेद-19 व 21 के तहत जीवनसाथी चुनने का अधिकार है।

**कोर्ट की महत्वपूर्ण टिप्पणियां**

कोर्ट ने उक्त टिप्पणी के साथ याचिकाकर्ताओं की याचिका को स्वीकार कर लिया। याचिकाकर्ता ने लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर महिला के पिता से मिल रही धमकी से सुरक्षा की मांग की थी।

याचिका में कहा गया था कि दोनों वयस्क हैं और सहमति से 2024 से रिलेशनशिप में हैं और अभी साथ रह रहे हैं। यह भी बताया कि 17 फरवरी को दोनों के बीच एक लिव-इन रिलेशनशिप अनुबंध भी किया था और युवति के पिता इस रिश्ते से खुश नहीं थे और धमकियां दे रहे थे।

अदालत ने कहा कि दोनों वयस्क हैं और उन्हें अपनी पसंद या इच्छा के अनुसार अपने-अपने पार्टनर को चुनने और उनके साथ रहने का पूरा अधिकार है।

**रिश्ते को मान्यता देने के लिए कपल ने किया है अनुबंध**

अदालत ने कहा कि अपने रिश्ते को मान्यता देने के लिए दोनों याचिकाकर्ताओं ने 17 फरवरी 2026 को अपनी मर्जी से एक लिव-इन रिलेशनशिप अनुबंध किया है। ऐसे में स्वजन से लेकर रिश्तेदार या दोस्त को ऐसे रिश्ते में दखल देने या धमकी देने का कोई अधिकार नहीं है।

अदालत ने कहा, भले ही याचिकाकर्ता कानूनी तौर पर शादीशुदा नहीं हैं और लिव-इनरिलेशनशिप में हैं, लेकिन, चूंकि वे दोनों बालिग हैं और अपनी मर्जी से एक-दूसरे के साथ रिलेशनशिप में आने का फैसला किया है तो किसी को उन्हें धमकी देने का अधिकार नहीं है।

इसके साथ ही अदालत ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि वे संबंधित थाना के एसएचओ या संबंधित बीट कांस्टेबल से संपर्क कर सकते हैं और पुलिस कानून के अनुसार उन्हें जरूरी मदद उपलब्ध कराएगा। यह भी कहा कि अगर याची अपना घर बदलते हैं तो उन्हें तीन दिनों के अंदर संबंधित एसएचओ को बताना होगा, ताकि सुरक्षा बढ़ाई जा सके।

## भारत बनाम इंग्लैंडः संजू सैमसन- शिवम दुबे ने छुड़ाए अंग्रेजों के छक्के, भारत ने इंग्लैंड को रौंदकर कटाया फाइनल का टिकट

» फाइनल में भारत का सामना न्यूजीलैंड से

» 8 मार्च को खेला जाएगा फाइनल मैच

» अहमदाबाद में होगी दोनों टीमों की जंग



**नई दिल्ली।** वानखेड़े स्टेडियम में गुरुवार रात रनों का ऐसा तूफान उठा कि अंग्रेज गेंदबाज उसमें उड़ गए। क्या जोफ्रा आर्चर और क्या सैम करन, जो सामने आया भारतीय बल्लेबाजों ने ऐसी कुटाई की कि वह छुपने की जगह ढूंढते दिखे। संजू सैमसन ने तीसरे ओवर (15 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे) में मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाया और तूफानी पारी खेली। संजू सैमसन (89) के अलावा ईशान किशन (39), शिवम दुबे (43) और तिलक वर्मा (21) भी सिक्स हिटिंग मशीन बन गए। ऐसे में भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 250 से ज्यादा स्कोर बनाया। मुकाबले में कुल 499 रन बने।

**इंग्लैंड ने टॉस जीतकर चुनी गेंदबाजी**

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 253 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड टीम अंत तक लड़ी। जैकब बेथेल के शतक की बदौलत इंग्लैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 246 रन बना दिए। टीम इंडिया ने 7 रन से जीत दर्ज कर फाइनल का टिकट कटाया। 8 मार्च को फाइनल में भारत का सामना न्यूजीलैंड से होगा। यह मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

**संजू को मिला जीवनदान**

बल्लेबाजी का आमंत्रण पाकर उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और अभिषेक शर्मा (9) एक बार फिर नाकाम रहे। अगले ही ओवर में संजू सैमसन को एक जीवनदान भी मिला। कप्तान हैरी ब्रूक ने उनका आसान कैच छोड़ दिया। इसके बाद तो संजू ने इंग्लैंड के सभी गेंदबाजों को आड़े हाथों लिया। ईशान किशन ने भी उनका भरपूर साथ दिया। दोनों ने 45 गेंदों पर 97 रन जोड़े।

**शतक से चूके संजू सैमसन**

ईशान ने 18 गेंदों पर 39 रन ठोके। अपनी इस पारी में उन्होंने 4 चौके और 2 सिक्स लगाए। शतक की ओर बढ़ रहे संजू सैमसन के रूप में भारत को तीसरा झटका लगा। पिछले मैच के हीरो संजू ने 42 गेंदों पर 89 रन की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 8 चौके और 7 छक्के लगाए। इसके साथ ही संजू ने सिक्स का खास रिकॉर्ड भी बनाया।

**शिवम दुबे हुए रन आउट**

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव (11) बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। बल्लेबाजी में प्रमोट होकर 4 नंबर पर उतरे शिवम दुबे ने अपने होम ग्राउंड पर छक्कों की लाइन लगा दी। दुबे ने अपनी पारी में 4 सिक्स और 1 चौका लगाया। हालांकि, हार्दिक पांड्या के साथ तालमेल में कमी के कारण वह रन आउट हुए। शिवम दुबे ने 25 गेंदों पर 43 रन की पारी खेली।

**तिलक ने जड़ दिए 3 छक्के**

7 नंबर पर उतरे तिलक वर्मा ने फिनिशर का रोल बखूबी निभाया और 3 छक्कों की मदद से 7 गेंदों पर 21 रन कूट दिए। हार्दिक पांड्या (27) भी रन आउट हुए। अक्षर पटेल 2 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड की ओर से विल जैक्स और आदिल रशीद के खाते में 2-2 विकेट आए। वहीं जोफ्रा आर्चर को 1 सफलता मिली। जोफ्रा आर्चर ने 4 ओवर में 61 रन लुटा दिए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। सैम करन ने 53 रन खर्च किए।

**पावरप्ले में गिरे 3 विकेट**

254 रन चेज करने उतरी इंग्लैंड को दूसरे ही ओवर में पहला झटका लगा। हार्दिक पांड्या ने पहली गेंद पर ही फिल सॉल्ट (5) का शिकार किया। अक्षर पटेल ने यह कैच को लपका। 5वां ओवर कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जसप्रीत बुमराह को थमाया। बुमराह ने पहली गेंद पर ही कप्तान हैरी ब्रूक (7) को अपने जाल में फंसा लिया। इस कैच को भी अक्षर पटेल ने लिया।

**वरुण ने बटलर को किया बोल्ड**

पावरप्ले के आखिरी ओवर में 3 छक्के खाने के बाद वरुण चक्रवर्ती ने जोस बटलर को बोल्ड किया। खराब फॉर्म से जूझ रहे बटलर ने 17 गेंदों का सामना किया और 25 रन बनाए। 8वें ओवर में अक्षर पटेल ने टॉम बेंटन को बोल्ड किया। बेंटन खतरनाक होते जा रहे थे और उन्होंने 5 गेंदों पर 17 रन ठोक दिए थे। 10 ओवर के बाद इं?लैंड का स्?कोर 4 विकेट के नुकसान पर 119 रन थे। अगली 60 गेंदों पर टीम को जीत के लिए 135 रनों की जरूरत थी।

**बेथेल ने खेली अहम पारी**

इसके बाद जैकब बेथेल को विल जैक्?स का साथ मिला और दोनों ने भारतीय गेंदबाजों पर जमकर प्रहार किया। इस जोड़ ने मिलकर बड़े शॉट लगाए और जरूरी रन रेट को कम किया। इस दौरान पूरे वानखेड़े स्टेडियम में सन्नाटा पसर गया था। मैच किसी भी करवट बदल सकता था। इसके बाद आया मैच बदलने वाला कैच।


अक्षर पटेल ने बाउंड्री पर सूझबूझ दिखाई और शिवम दुबे के साथ मिलकर विल जैक्स का यादगार कैच लिया। विल ने 20 गेंदों पर 35 रन की पारी खेली। अर्शदीप सिंह के खाते में यह विकेट आया। इसके साथ ही सिंह ने विल जैक?स और जैकब बेथेल के बीच 39 गेंदों पर 77 रन की साझेदारी को तोड़ा।

**जसप्रीत बुमराह ने किफायती गेंदबाजी की**

आखिरी 5 ओवर में इंग्लैंड को 69 रनों की दरकार थी। जैकब बेथेल और सैम करन मैदान पर थे। 16वां ओवर जसप्रीत बुमराह को थमाया गया और इसमें 8 रन बने। अर्शदीप सिंह ने 17वें ओवर में 16 रन दे दिए। 18वें ओवर में बुमराह ने 6 रन दिए। आखिरी 12 गेंदों पर इंग्लैंड को जीत के लिए 39 रनों की जरूरत थी। 19वें ओवर में हार्दिक ने 9 रन दिए। अब आखिरी ओवर में इंग्लैंड को जीत के लिए 30 रनों की दरकार थी। हालांकि, टीम 22 रन ही बना सकी और भारत ने 7 रन से यह मैच जीता। इंग्लैंड की ओर से जैकब बेथेल ने शतक लगाया। उन्होंने 48 गेंदों पर 105 रन ठोक दिए। हालांकि, अंत में वह रन आउट हुए। यह टी20 विश्व कप में बेस्ट स्?कोर है। भारत की ओर से हार्दिक पांड्या ने 2 विकेट चटकाए। अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल के खाते में 1-1 विकेट आया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### जिला उद्योग केंद्रों के जीएस और एजीएम सीखेंगे निवेशकों के साथ तालमेल बनाने के गुण



निवेश की परियोजनाओं को धरातल पर उतारने में निवेशकों की मदद करने के लिए जिला उद्योग केंद्रों के महाप्रबंधकों व सहायक महाप्रबंधकों को भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) लखनऊ में विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। दस मार्च से शुरू हो रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में 40-40 के बैच में महाप्रबंधकों व सहायक महाप्रबंधकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। औद्योगिक विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इनवेस्ट यूपी ने राज्य में निवेशकों की सहूलियत के लिए सभी जिलों में स्थित जिला उद्योग केंद्रों के महाप्रबंधकों व उनके अधीन कार्यरत सहायक महाप्रबंधकों के लिए विशेष कोर्स डिजाइन कराया है। इस कोर्स में संबंधित को निवेशकों के साथ तालमेल बनाने, भूमि आवंटन, संबंधित विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दिलाने सहित निवेश की परियोजनाओं को धरातल पर उतारने में सहयोग करने को लेकर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन्वेस्ट यूपी की सिफारिश पर औद्योगिक विकास सभी जिला उद्योग केंद्रों का कायाकल्प भी करा रहा है। इस परियोजना के तहत निवेशकों के साथ बैठकें करने, उत्तर प्रदेश में उपलब्ध भूमि बैंक, सरकार की निवेश की योजनाओं को लेकर निवेशकों को दिए जा रहे प्रोत्साहन की जानकारी देने के लिए प्रोजेक्टर और लैपटाप सहित फर्नीचर भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इन्वेस्ट यूपी की कोशिश है कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी)-5 से पहले यह प्रशिक्षण कार्यक्रम समाप्त करके सभी जिलों में निवेशकों की सुविधा के लिए तैनात स्टाफ को प्रोफेशनल तौर-तरीके सिखा दिए जाएं। इस बार जीबीसी के लिए छह लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा गया है। फरवरी में जीबीसी का आयोजन होना था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से समय न मिल पाने के कारण फिलहाल जीबीसी का आयोजन आगे बढ़ा दिया गया गया है।

## रसड़ा में भीषण सड़क हादसाः दो बाइकों की टक्कर में दो युवकों की मौत, दो गंभीर घायल



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलियाः** रसड़ा कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। गढ़िया रेलवे क्रॉसिंग के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान गाजीपुर जिले के सरिया निवासी जयप्रकाश सिंह (40) पुत्र ललन सिंह और रसड़ा क्षेत्र के गौरपुरा निवासी दीपू गुप्ता (20) पुत्र जयप्रकाश गुप्ता के रूप में हुई है। हादसे में घायल हुए युवकों में गाजीपुर के कुठहन, शादियाबाद निवासी नितेश (17) पुत्र संतोष और बबलू (26) पुत्र देव सरण शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने बबलू की हालत गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है, जबकि अन्य घायल का उपचार चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही रसड़ा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मिडिल ईस्ट संकटः भारतीयों के लिए सबसे बड़ा आसरा बना दुबई एयरपोर्ट, प्रमुख ट्रांजिट हब वेटिंग रूम में तब्दील

● हजारों भारतीय यात्री मध्यपूर्व के हवाई अड्डों पर फंसे।

● दुबई, अबू धाबी जैसे प्रमुख हब वेटिंग रूम बने।

● स्पाइसजेट ने फंसे यात्रियों के लिए विशेष उड़ानें शुरू कीं।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नई दिल्ली।** मध्यपूर्व में गहराते संकट ने अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। मध्यपूर्व के विभिन्न देशों से लौट रहे यात्रियों से बातचीत के आधार पर मोटे तौर पर यह कहा जा सकता है कि विभिन्न एयरपोर्ट पर हजारों की तादाद में भारतीय यात्री फंसे हुए हैं। स्थिति यह है कि कई प्रमुख ट्रांजिट हब अब वेटिंग रूम में तब्दील हो गए हैं।

**एतिहाद एयरवेज की उड़ानें रद हो रहीं**

सबसे ज्यादा भारतीय यात्री दुबई एयरपोर्ट पर फंसे हैं। इसके पीछे की सबसे बड़ी वजह इसका सबसे बड़ा ट्रांजिट हब होना है। यहां से कनेक्टिंग और लांग-हाल उड़ानें होती है, जो रद हो रही हैं। इसके बाद अबुधाबी का स्थान है। यहां से भी बड़ी संख्या में एतिहाद एयरवेज की उड़ानें रद हो रही हैं। दोहा में भी बड़ी संख्या में यात्री फंसे हैं। ईरान-लेबनान एयरस्पेस बंद होने से कतर एयरवेज की उड़ानें रद हो रही हैं।

कुवैत और मस्कट एयरपोर्ट पर इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा उड़ानों को रद किए जाने के कारण बड़ी संख्या में लोग फंसे हैं। पिछले 24 घंटे की ही बात करें तो सिर्फ भारतीय कैरियर्स की 60 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुई हैं।

**एयरपोर्ट ही बना सबका घर**

दुबई से नई दिल्ली पहुंचे एक यात्री ने बताया कि एयरपोर्ट पर कई यात्री ऐसे हैं जो पिछले 30 घंटों से टर्मिनल पर हैं। कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल रही कि इनकी उड़ान कब प्रस्थान करेगी। खाने और आराम की जगह कम पड़ रही है। वहीं, कई यात्रियों को दुबई और अबू धाबी के बजाय फुजैराह और दम्माम जैसे छोटे एयरपोर्ट्स की ओर डायवर्ट किया जा रहा है, जिससे भ्रम की स्थिति और बढ़ गई है।

**स्पाइसजेट ने शुरू की विशेष उड़ानें**

स्पाइसजेट में मध्यपूर्व संकट के बीच अपनी विशेष उड़ानें शुरु की हैं। पांच मार्च को स्पाइसजेट ने कुल 13 उड़ानों का संचालन किया। ये उड़ानें फुजैराह से मुंबई व नई दिल्ली के लिए रवाना हुई। इनमें पांच उड़ानें नई दिल्ली के लिए रहीं। इससे पूर्व यानि चार मार्च को 12 विशेष उड़ानों का संचालन स्पाइसजेट ने किया।

## लखनऊ में होली पर गुलाल पड़ने से भड़का विवाद, दो पक्षों में चले ईंट-पत्थर

● गुलाल पड़ने पर लखनऊ में दो पक्षों में विवाद हुआ।

विवाद बढ़कर ईंट-पत्थर और लाठी-डंडों तक पहुंच गया।

घटना का वीडियो वायरल, पुलिस जांच में जुटी है।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** होली के दिन ठाकुरगंज के दाउलतगंज स्थित प्रभा देवी मंदिर के पास गुलाल पड़ने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई और दोनों पक्षों की ओर से ईट-पत्थर व लाठी-डंडे चलने लगे। घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई है। हालांकि त्योहार के दिन इलाके में पुलिस गश्त पर्याप्त न होने पर भी सवाल उठ रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार होली के अवसर पर मंदिर के पास कुछ युवक रंग और गुलाल खेल रहे थे। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति पर हल्का गुलाल पड़ गया। इस बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। कुछ ही देर में विवाद बढ़ गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए।

मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार विवाद के दौरान अचानक दोनों ओर से ईंट-पत्थर चलने लगे। कुछ युवकों ने लाठी-डंडों से भी हमला किया। इस दौरान अफरातफरी मच गई और आसपास के लोग अपनी दुकानों व घरों में दुबक गए। झड़प में कुछ लोगों के चोटिल होने की भी चर्चा है, हालांकि पुलिस ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। घटना का वीडियो किसी ने मोबाइल से बनाकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस प्रशासन सक्रिय हुआ और स्थानीय थाने की टीम मौके पर पहुंची।

पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर हालात को काबू में किया। संवेदनशीलता को देखते हुए इलाके में एहतियातन अतिरिक्त पुलिस



बल तैनात कर दिया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि होली जैसे संवेदनशील त्योहार पर भी क्षेत्र में पुलिस की नियमित गश्त नहीं थी। यदि समय पर पुलिस मौजूद रहती तो मामूली विवाद इतना नहीं बढ़ता। इसे लेकर पुलिस की गश्त व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक इंटरनेट मीडिया पर वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। फुटेज के आधार पर विवाद में शामिल लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## भ्रष्टाचार में सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता-सहायक को 4-4 वर्ष की सजा, कोर्ट ने कहा-' कठोर दंड जरूरी'

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बादशाहपुर।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील चौहान की अदालत ने भ्रष्टाचार के एक मामले में सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता नवीन कुमार यादव और सहायक चंद्रशेखर को चार-चार साल की सजा सुनाई है। अदालत ने कहा कि लोकसेवकों को वैधानिक जिम्मेदारियां सौंपी जाती हैं। उनसे निष्पक्षता व ईमानदारी की अपेक्षा की जाती है?, लेकिन दोषियों ने ऐसा आचरण किया जिससे प्रशासनिक व्यवस्था में जनता का विश्वास कमजोर हुआ।

सार्वजनिक पद की गरिमा प्रभावित हुई। दोनों दोषियों के विरुद्ध एंटी करप्शन ब्यूरो ने 16 दिसंबर 2022 को ठेकेदार की शिकायत पर मामला दर्ज किया था।

**कोर्ट ने कहा- 'कठोर दंड आवश्यक है'**

सजा पर बहस के दौरान चंद्रशेखर (41 वर्ष) ने दलील दी कि वह दो नाबालिग बेटियों, पत्नी और वृद्ध माता-पिता का एकमात्र कमाने वाला सदस्य है। उसका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। नवीन कुमार यादव (36 वर्ष) ने भी पारिवारिवाक जिम्मेदारियों और पूर्व में किसी आपराधिक मामले में संलिप्त न होने का हवाला देते हुए दया की प्रार्थना की। लोक अभियोजक ने तर्क दिया कि सार्वजनिक सेवकों द्वारा रिश्वत लेना कानून के शासन को कमजोर करता है। ऐसे मामलों में कठोर दंड आवश्यक है ताकि समाज में बेहतर संदेश जाए। अदालत ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कहा कि भ्रष्टाचार से प्रशासनिक तंत्र की साख को गंभीर क्षति पहुंचती है। इसलिए ऐसे अपराधों से सख्ती से निपटना आवश्यक है।

**क्या है पूरा मामला**

गांव भोंडसी के रहने वाले अनंतराम ने विजिलेंस को दी शिकायत में बताया कि उसने लगभग एक वर्ष पहले ठेकेदार के रूप में पंजीकरण कराने के लिए आवेदन किया था। उसकी फाइल सिंचाई विभाग के सेक्टर-14



कार्यालय में कार्यकारी अभियंता नवीन कुमार के पास लंबित थी। लाइसेंस जारी करने के बदले कार्यकारी अभियंता नवीन कुमार और उसके सहायक चंद्रशेखर ने उससे 24 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की। वह पहले भी 10 हजार रुपये दे चुका था। जबकि नवीन कुमार को दो बार 20-20 हजार रुपये दिए जा चुके हैं। शिकायतकर्ता ने विजिलेंस को बताया कि उसनके पास आरोपियों से हुई बातचीत की मोबाइल कॉल और वॉट्सऐप के जरिए हुई बातचीत की रिकार्डिंग भी है। विजिलेंस अधिकारियों ने जांच के बाद पाया कि प्रथम दृष्टया भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 तथा भादस की धारा 120-बी के तहत अपराध बनता है।

स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा , वही दिखेगा

स्वतंत्र प्रभात के राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार, पत्रिका एवं ऑनलाइन चैनल में काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।

जिला, तहसील एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरोचीफ, संवाददाता और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।

अपना बायोडाटा भेजे : 9511151254

www.swatantraprabhat.com www.epaper.swatantraprabhat.com

## संक्षिप्त खबरें

### होली के दिन तालाब में युवक लापता:SDRF टीम तलाश में जुटी, नहाने के दौरान हादसा



**बस्ती।** बस्ती जिले के लालगंज थाना क्षेत्र में होली के दिन एक युवक तालाब में लापता हो गया। बुधवार शाम करीब तीन बजे 32 वर्षीय प्रदीप उर्फ करिया पुत्र चंद्रसेन गुप्ता कैतहा उर्फ भवानीपुर गांव के तालाब में नहाने गया था, जिसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल सका है।ग्रामीणों के अनुसार, होली के जश्न के बाद प्रदीप गांव के तालाब पर नहाने पहुंचा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वह नशे की हालत में था। नहाने के दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते लापता हो गया। जब काफी देर तक वह बाहर नहीं आया, तो मौजूद लोगों ने शोर मचाया और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही मुंडेरवा और लालगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल खोजबीन शुरू कराई। बाद में राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम को भी बुलाया गया। स्थानीय गोताखोरों की मदद से तालाब में युवक की तलाश देर शाम तक जारी रही। समाचार लिखे जाने तक प्रदीप का कोई सुराग नहीं मिल सका था। घटना स्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि युवक की तलाश के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

### होली को लेकर सीएचसी श्रीदत्तगंज में इमरजेंसी व्यवस्था का जायज़ा




**श्रीदत्तगंज (बलरामपुर)।** होली पर्व के मद्देनज़र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज में इमरजेंसी सेवाओं की तैयारियों का जायज़ा लिया गया। अधीक्षक डॉ. आनंद प्रकाश त्रिपाठी ने अस्पताल पहुंचकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डॉ. तारिक सिद्दीकी, फार्मासिस्ट गुफ़रान, वार्ड ब्वाय राजेश, एस/सी महेंद्र तथा स्टाफ नर्स मौजूद रहे। अधीक्षक ने निर्देशित किया कि होली के दौरान किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ पूरी तरह सतर्क रहें तथा मरीजों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने दवाओं की उपलब्धता, इमरजेंसी कक्ष की साफ-सफाई, आवश्यक उपकरणों की कार्यस्थिति तथा ड्यूटी रोस्टर की भी जांच की। साथ ही सभी कर्मचारियों को समय पर उपस्थित रहने और आपसी समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए, ताकि त्योहार के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अधीक्षक ने कहा कि त्योहार के अवसर पर स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और मरीजों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

### बलरामपुर में दिनदहाड़े बुलेट चोरी:दुकान के सामने से बाइक उड़ाई, ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज से पहचान में जुटी पुलिस



**बलरामपुर-** जिले में दिनदहाड़े बुलेट मोटरसाइकिल चोरी की घटना सामने आई है। यह वारदात कोतवाली नगर क्षेत्र के कटिया चौराहे के पास 2 मार्च की दोपहर करीब 2 बजे हुई। चोरी की यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।जानकारी के अनुसार, कटिया मधवाजोत निवासी सलमान सिद्दीकी ने अपनी बुलेट मोटरसाइकिल अपनी किराने की दुकान के बाहर खड़ी की थी। इसी दौरान एक अज्ञात युवक मौके पर पहुंचा और मौका पाकर मोटरसाइकिल स्टार्ट कर फरार हो गया। यह घटना इतनी तेजी से हुई कि आसपास मौजूद लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी।चोरी की इस वारदात का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। फुटेज में आरोपी स्पष्ट रूप से मोटरसाइकिल ले जाते हुए दिखाई दे रहा है। पीड़ित सलमान सिद्दीकी ने नगर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।कोतवाली नगर पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# होली की खुशियां मातम में बदलीदो बाईकों की आमने-सामने हुई टक्कर, दो की मौत

**●दूसरी घटनाबाइक सवार को तेज रफ्तार नशे की हालत में थार चालकनें रौदा हुये रेफरनशे की हालत मेंतेज रफ्तार थार चालक ने बाइक सवार को रौंदा, बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो की मौत, एक गंभीर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में होली त्यौहार को लेकर कहीं खुशी कहीं गम में शामिल रहा ना जिले मेंहोली के त्योहार के बीच बस्ती जिले में 2 दर्दनाक सड़क हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया। दुबौलिया और कलवारी थाना क्षेत्र में आज हुए दो हादसे में



दो की दर्दनाक मौत हो गई और 2 लोग गंभीर अवस्था में रेफर कर दिए गए7 पहली घटना कलवारी थाना क्षेत्र के लुंबिनी दुद्दी पर मार्ग पर कुसौरा बाजार में हुई जहां तेज रफ्तार थार वाहन ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी, जिससे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।बताया जा रहा है कि लुंबिनी-दुद्धी मार्ग पर बाइक सवार जा रहा था उसके पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार थार ने बाइक सवार को पीछे से जोरदार टक्कर मारा 7दूसरी घटना दुबौलिया थाना क्षेत्र के चिलमा बाजार की है जहां पर दूध तेज रफ्तार बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कलवारी ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया, जबकि तीसरे घायल युवक की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। हादसे में मृतकों की पहचान स्वप्निल सिंह (22) पुत्र धर्मेंद्र सिंह निवासी ऊंजी थाना दुबौलिया और शनी (20) पुत्र राम पलट निवासी ग्राम रोहीपुर थाना कलवारी के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक की पहचान ज्ञान चंद (25) पुत्र दद्दू प्रसाद निवासी ग्राम रोहीपुर थाना कलवारी के रूप में हुई है, जिसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया है। इस दर्दनाक हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जांघ की हड्डी टूटने और पेशाब नली का फटना आया मृत्यु का कारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में गौर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक किसान गन्ना बेचकर घर आ रहे किसान की मृत्यु का कारण सामान्य नहीं था। वह हादसे का शिकार हुए थे और उसके बाद उन्हें घायल अवस्था में घर लाया गया था। जहां पर उनकी मृत्यु हो गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण स्पष्ट हो गया है। गौर थाना क्षेत्र के अर्जुनवीरों गांव निवासी 65 वर्षीय राम दवन चौधरी रविवार को गांव के दो लोगों के साथ ट्रैक्टर से सोनहा थाना क्षेत्र के भिरिया में गन्ना बेचने के लिए गए थे। वहां से वापस आते समय कूपनगर में अचानक वह ट्रैक्टर से गिर गए और पहिए के नीचे दब गए। साथ में जो लोग थे वह हादसे की सूचना घर वालों को देने के बजाय वहां उन्हें अकेले छोड़कर चले गए। शाम को जब राम दवन अपने घर नहीं पहुंचे तो उनकी खोजबीन शुरू हुई। देर रात में वह घायल अवस्था में सड़क किनारे झाड़ियां में मिले थे। इसके बाद लोग उन्हें घर लेकर गए। जहां अगली सुबह अचानक उनकी मृत्यु हो गई। इसके बाद उनके शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम करवाया गया। रिपोर्ट में जांघ की हड्डी टूटने, पेशाब नली फटने सहित अन्य कारणों से मृत्यु होने की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वह कैसे गिरे और उसके बाद जो उनके साथ दो लोग गांव के थे। वह क्यों उन्हें वहां छोड़कर भाग गए इसके कारणों की भी जांच की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक गौर संतोष कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट जांघ की हड्डी टूटने और पेशाब नली फटने सहित अन्य कारणों से मौत की पुष्टि हुई है। स्वजन की तरफ से तहरीर मिलने पर नियमानुसार विधि कार्रवाई की जाएगी। राम दवन चौधरी जिन दो लोगों के साथ गन्ना बेचने गए थे। वह गांव के यादव बिरादरी के बताए जा रहे है। ऐसे में यह मामला अब जातिगत और राजनीतिक रंग ले रहा है। दोनों तरफ से अलग अलग लोग जातिगत आधार पर पैरवी कर रहे है। एक पक्ष कार्रवाई की बात कह रहा है, जबकि दूसरा पक्ष सुलह के पक्ष में है। फिलहाल पुलिस को तहरीर का इंतजार है।

### हर्बल रंगों से बच्चों ने खेली होली



**एक दूसरे को गुलाल लगाकर दी होली पर्व की शुभकामनाएं**

**ललितपुर।** प्रेम व सौहार्द के पर्व होली के पवित्र त्योहार को बच्चों ने मिलजुल कर मनाया। बच्चों ने एक-दूसरे से गले मिलकर व हर्बल गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।करुणा इंटरनेशनल के संयोजक पुष्पेंद्र जैन ने बच्चों को बताया कि केमिकल युक्त रंग शरीर के लिए हानि पहुंचाते हैं और अनेक रोग भी उत्पन्न कर देते हैं इसी बात को मानकर बच्चों ने केमिकल युक्त रंगों का प्रयोग नहीं किया। उन्होंने बच्चों को बताया कि पर्यावरण संरक्षण में भूमिका निभाना है तो पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में अपना योगदान देना होगा।तभी पर्यावरण सुरक्षित रहेगा।प्राकृतिक व सूखे रंगों का प्रयोग करके होली खेलकर पानी को बचाया जा सकता है।

## 03 दिन बीतने के बाद भी लापता लवकुश का नही लग रहा कोई सुरागपीड़ित परिजन लापता लवकुश के साथ अनहोनी होने की जताई है

**● अशंकापीड़ित पत्नी गुड़िया ने कप्तानगंज थाने पर दी तहरीरहोली मनाने में व्यस्त होने के कारण कप्तानगंज पुलिस ने मामले का नही लिया संज्ञान - पीड़ित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत थूहा निवासी लवकुश कुमार का 03 दिन बीतने के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा है पीड़ित परिजनों ने लापता लवकुश कुमार के साथ कोई अनहोनी होने की अशंका जताई है । पीड़ित पत्नी गुड़िया ने कप्तानगंज थाने पर तहरीर देकर लापता



पति लवकुश कुमार के मोबाइल नंम्बर को सर्विलांस पर लगाकर जांच पड़ताल करने की मांग की है । जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत थूहा निवासी लवकुश कुमार दिनांक 28-2-26 को एक अति आवश्यक कार्य से दिल्ली गये थे। जबकि दिल्ली से दिनांक 03-03-2026 को शाम को 6:20 बजे पर अयोध्या एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 14206 से वापस घर के लिए बैठे थे शाम को 05 बजे के आसपास फ़ोन नंबर 9792548643 पर बात हुई थी । दिनांक 04 - 03 - 2026 सुबह से लापता लवकुश कुमार के फोन पर लगातार सम्पर्क करने की कोशिश किया जा रहा है लेकिन फोन बन्द होने के कारण सम्पर्क नही हो पा रहा है अर्थात् 03 दिन बीतने के बाद भी लापता लवकुश कुमार का अभी तक कोई पता नहीं चल पा रहा है। पीड़ित परिजन बहुत परेशान हैं और दिल्ली से लेकर फैजाबाद तक खोजबीन कर रहा है । पीड़ित परिजनों द्वारा दिल्ली रेलवे स्टेशन , फैजाबाद रेलवे स्टेशन व कप्तानगंज थाने पर तहरीर दिया है लेकिन अभी तक दिल्ली जीआरपी , फैजाबाद जीआरपी व कप्तानगंज पुलिस लापता लवकुश कुमार का खोजने में नाकाम रही है । पीड़ित पत्नी गुड़िया ने बताया कि कप्तानगंज थाने पर तहरीर दी गई है लेकिन कप्तानगंज पुलिस होली में व्यस्त होने के कारण अभी तक मामले का संज्ञान नही लिया है । पीड़ित परिजनों का रो - रो कर बुरा हाल है ।

## बेलवरियां जंगल (मुसहा ) में बिना परमिट के आम के पेड़ की हुई कटान

**● विवादित जमीन पर जबरन काटा गया आम का पेड़ - शिकायत कर्ताआम के पेड़ कटने की सूचना पर पहुंची वन विभाग गौर की टीम, जांच पड़ताल में जुटीकटी आम के लकड़ी को लेकर फरार हो रहा था वन माफिया, दौड़ाकर वन विभाग की टीम ने लकड़ी को कब्जे में लिया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिलेगौर वन रेंज राम नगर के अन्तर्गत विकासखण्ड गौर क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलवरियां जंगल के राजस्व गांव मुसहा में बिना परमिट के आम के पेड़ की कटान 02 दिन पहले हुई थी जिसकी सूचना वन विभाग गौर के कर्मचारियों को दी गई थी । वन विभाग के कर्मचारियों ने आम के पेड़ कटने की सूचना पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया था तब पता चला था कि मुसहा में कटा आम का पेड़ बिना परमिट के कटा हुआ है तब आम के कटी लकड़ी को बिना वन विभाग के कर्मचारियों के परमिशन के बाद ही हटाने के लिए कहा था लेकिन आज कटी लकड़ी को लेकर टैक्टर ट्राली पर लाद कर लेकर लकड़ी ठेकेदार / पेड़ मालिक फरार होने के फिराक में थे । सूत्रों कि माने तो कटी आम की लकड़ी को गोण्डा जिला पहुंचाने की तैयारी में जुटे हुए थे । टैक्टर ट्राली पर आम की कटी लकड़ी को देखकर ग्रामीणों ने पुनः वन विभाग गौर के कर्मचारियों को सूचना दिया और टैक्टर ट्राली का पीछा किया । ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची वन विभाग गौर के कर्मचारियों ने टैक्टर ट्राली को कब्जे लेकर कार्यवाही में जुट गई है । अब देखना यह है कि वन विभाग गौर के कर्मचारियों द्वारा उक्त प्रकरण में क्या कार्यवाही की जाती है ? यह लेन देन करके मामले को रफा दफा कर दिया जायेगा । उक्त प्रकरण में हल्का वन दरोगा हरि ओम पाण्डेय से फोन के माध्यम से जानकारी लेना चाहा तो हल्का वन दरोगा का फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर निकाला ।

### संगठन को मजबूत बनाने, जनहित से जुड़े मुद्दों तथा आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर होगीं चर्चा

**देवरिया।** समाजवादी पार्टी की जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक शनिवार को जिला कार्यालय पर 11 बजे आयोजित होगी। जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने बताया कि बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, जनहित से जुड़े मुद्दों तथा आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की जाएगी। बैठक में जनपद के सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, विधान परिषद सदस्य, पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका व नगर पंचायत अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी, सभी विधानसभा, ब्लॉक और नगर अध्यक्ष सहित फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी भाग लेंगे। इसके अलावा पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी बैठक में मौजूद रहेंगे। जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से समय पर पहुंचकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती और आगामी रणनीति तय करने के लिए यह बैठक महत्वपूर्ण होगी।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली का त्योहार



**● रंग-गुलाल और गुझिया की मिठास में घुली आपसी भाईचारे की भावना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी शुकुल बाजार।** क्षेत्र में होली का पर्व पूरे उत्साह, उमंग और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। सुबह से ही गांवों और कस्बों में रंग-गुलाल की बौछार के बीच लोग एक-दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं देते नजर आए। कहीं ढोलक की थाप पर फाग गीत गूंजे तो कहीं युवाओं ने रंगों और अबीर-गुलाल से एक-दूसरे को सराबोर कर दिया।होली के अवसर पर लोगों के घरों में विशेष रूप से गुझिया, नमकीन और अन्य पारंपरिक पकवान बनाए गए। मेहमानों के स्वागत में गुझिया की मिठास और ठंडाई की खुशबू ने त्योहार की रौनक को और बढ़ा दिया। छोटे-बड़े सभी ने मिलकर रंगों के इस पर्व का आनंद लिया और आपसी प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया।कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह लोग टोली बनाकर एक-दूसरे के घर पहुंचे और गुलाल लगाकर बधाई दी। इस दौरान होली के पारंपरिक गीतों की गूंज से पूरा वातावरण उल्लासमय बना रहा। बुजुर्गों ने युवाओं को होली की परंपराओं और सामाजिक सौहार्द का महत्व भी बताया।होली के इस रंगीन पर्व ने एक बार फिर समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। लोगों ने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार ही नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने और पुराने गिले-शिकवे भुलाकर नई शुरुआत करने का अवसर भी है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष एवं मशहूर उद्योगपति राजेश अग्रहरि के होली मिलन समारोह में उमड़ा जनसैलाब

**● राजनीतिक व सामाजिक हस्तियों की रही गरिमामयी उपस्थिति**

**महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष कंचन गुप्ता द्वारा आगंतुक महिलाओं का किया गया स्वागत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** होली के पावन पर्व पर आयोजित होली मिलन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं प्रदेश के अग्रणी उद्योगपतियों में शुमार राजेश अग्रहरि (राजेश मसाला) के आवास/प्रतिष्ठान पर लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, समाजसेवियों तथा गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि राजेश अग्रहरि न केवल एक सफल उद्योगपति हैं बल्कि समाज सेवा के कार्यों में भी हमेशा आगे रहते हैं। जरूरतमंदों की सहायता के लिए वे सदैव तत्पर रहते हैं, इसी कारण क्षेत्र में उन्हें दानवीर के रूप में भी जाना जाता है।होली मिलन समारोह का माहौल पूरी तरह सौहार्द और उत्साह से भरा रहा। लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की बधाई दी और पारंपरिक मिठाइयों का आनंद लिया।समारोह में प्रमुख रूप से शुकुल बाजार व्यापार मंडल अध्यक्ष पंडित राम उंजेरे शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा, अरूणा शंकर शुक्ला, विनय चौरसिया सहित कई राजनीतिक व सामाजिक हस्तियां मौजूद रहीं।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने क्षेत्र में सामाजिक एकता और भाईचारे को मजबूत बनाने के लिए ऐसे आयोजनों को महत्वपूर्ण बताया। होली के इस रंगारंग मिलन समारोह ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। व्यापार मंडल महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष कंचन गुप्ता द्वारा आगंतुक महिलाओं का स्वागत किया गया,होली मिलन समारोह में आए सभी अतिथियों का राजेश मसाला ने स्वागत अभिनंदन किया उनकी सहजता सरलता की प्रशंसा पूरे जनपद में हो रही है। जनपद वासियों की माने तो आज तक उनके दरवाजे से कोई भी फरियादी खाली हाथ नहीं लौटा सामाजिक, धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाने वाले राजेश मसाला द्वारा हर जरूरतमंद की सहायता की जाती है, चाहे राम मंदिर निर्माण रहा हो या कोरोना काल य फिर गरीब कन्याओं की शादी का मामला रहा हो हर जगह करोड़ों रुपए दिल खोलकर राजेश मसाला ने खर्च किए हैं और इसकी प्रशंसा पूरे प्रदेश में हुई है। छात्र-छात्राओं की पढ़ाई व गरीबों के इलाज के लिए भी हमेशा आगे आते रहते हैं।

## उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव ऋतिक शुक्ला को दिल्ली पुलिस ने दी क्लीन चिट

**●एआई समिट मामला**

**9 दिन बाद हुए रिहा, आज पहुंचेंगे ललितपुर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** दिल्ली पुलिस ने उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव ऋतिक शुक्ला, जिन्हें क्षेत्र में मोंटी के नाम से भी जाना जाता है, को एआई समिट मामले में निर्दोष पाते हुए रिहा कर दिया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल जांच टीम (एसआईटी) ने नौ दिनों तक चली गहन पूछताछ और मामले की बारीकी से जांच करने के बाद उन्हें क्लीन चिट दे दी है। मोंटी शुक्ला को सोमवार, 2 मार्च की शाम हिरासत से मुक्त किया गया।

**विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में हुई थी कार्रवाई**

गौरतलब है कि 20 फरवरी को दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एआई समिट के दौरान हुए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में पुलिस जांच कर रही थी। इसी मामले में संदेह के आधार पर दिल्ली पुलिस ने 22



फरवरी को ऋतिक शुक्ला को उनके गृह जनपद ललितपुर से हिरासत में लिया था। इसके बाद उन्हें दिल्ली ले जाया गया, जहां सुरक्षा एजेंसियों और विशेष टीम ने उनसे विस्तार से सवाल-जवाब किए।

**कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर**

जांच के दौरान मोंटी शुक्ला के खिलाफ कोई भी पुख्ता सबूत या दोष सिद्ध नहीं हो सका। उनकी रिहाई की खबर मिलते ही उनके परिजनों और समर्थकों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि उनकी गिरफ्तारी के बाद से ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं में काफी रोष था। 26 फरवरी को ललितपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनकी रिहाई की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया था और राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार को सौंपा था।

### धारदार हथियार से दुकान पर हमला

**दो युवक लहूलुहान, इलाके में दहशत**

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के कालापहाड़ राजघाट में बुधवार रात उस समय सनसनी फैल गई जब दबंगों ने दुकान पर बैठे युवकों पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कालापहाड़ निवासी रामनाथ सिंह यादव ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 4 मार्च 2026 की रात करीब 10 बजे उनके पुत्र राजा भैया और नरेंद्र दुकान पर बैठे थे। तभी गांव के ही उमाशंकर सेन और उसका साथी कल्लू सेन पुत्र हीरालाल वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। जब पीड़ित पक्ष ने विरोध किया तो आरोपियों ने कथित तौर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में दोनों युवक घायल हो गए। वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 118(1), 352 और 351(3) के तहत एफआईआर दर्ज की है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक भूपेंद्र सिंह को सौंपी गई है।

## शादी समारोह में जा रही टैक्सी पलटी, छह घायल

**● प्राथमिक उपचार के बाद सभी को मेडिकल कॉलेज रेफर**

**बाइक सवार भी गिरकर गंभीर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट।** कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को एक तेज रफ्तार टैक्सी अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में टैक्सी में सवार छह लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। वहीं जखोरा रोड़ पर एक बाइक सवार गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार नागपुर निवासी करीब आधा दर्जन लोग ग्राम तालबेहट के राधापुर में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। ग्राम सुनौरी के पास पहुंचते ही तेज गति से जा रही टैक्सी अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना होते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट लाया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने पर सभी को ललितपुर मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया।

घायलों में जितेंद्र (43) पुत्र सिद्धार्थ, निशा (35) पत्नी नरेंद्र, रेखा वर्मा (62) पत्नी प्रकाश, अहान (8) पुत्र नरेंद्र, सोनी (40) पत्नी जितेंद्र और नरेंद्र (55) पुत्र महेंद्र शामिल हैं।

टैक्सी चालक भावानी सिंह (44) पुत्र गोविंद सिंह निवासी थानागांव बताया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं ग्राम भरतपुरा निवासी मेहरवान 30 वर्ष पुत्र शोभाराम बाइक से मुंगावली से अपने घर बाइक से आ रहे थे । तभी निर्माणधीन पुलिया के नजदीक बाइक फिसलने से गंभीर से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के बाद झाँसी मेडिकल रेफर किया गया।

### मारपीट के मामले में दोनों पक्ष आमने-सामने, थाने में दर्ज हुए क्रॉस केस

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के ग्राम मथुराडांग में आपसी विवाद ने तूल पकड़ लिया। मारपीट की घटना में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए थाने में अलग-अलग मुकदमे दर्ज कराए हैं, जिससे मामले ने नया मोड़ ले लिया है। पुलिस के अनुसार, पहले पक्ष की ओर से नेपाल सिंह पुत्र घनश्याम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 4 मार्च 2026 को करीब 2.30 बजे गांव के ही बृजकिशोर, बब्लू और समरथ ने उसके भतीजे के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। वहीं दूसरे पक्ष से बृजकिशोर पुत्र आचाराम लोधी ने भी थाना बार में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसी दिन दोपहर करीब 2 बजे गांव के लवेंद्र पुत्र पर्वत यादव ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और पत्थरों से मारपीट की, जिसमें वह और उसके परिजन घायल हुए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत अलग-अलग एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक अजय पाल को सौंपी गई है।

# संक्षिप्त खबरें

## मरकज मस्जिद में तरावीह हुई मुकम्मल

**इमाम को स्कूटी व मुअज्जिन को नकद राशि देकर किया गया सम्मानित**

**बिसवां (सीतापुर)।** रमजान के पवित्र महीने में मरकज मस्जिद में तरावीह पूरी होने पर इमाम को सम्मान से नवाजा गया। मस्जिद के इमाम हाफिज मोहम्मद उमर जहांगीराबादी ने पूरे रमजान में तरावीह की नमाज अदा कराई। उनकी इस मेहनत और सेवा के लिए सम्मान में उन्हें एक स्कूटी उपहार स्वरूप भेंट कर सम्मानित किया गया।इसके साथ ही मस्जिद के मुअज्जिन (अजान देने वाले) तौफीक को भी उनकी सेवाओं के लिए 10,500/- रुपये देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ. फुरकान अहमद अंसारी, डॉ. वसीक अहमद अंसारी, हाजी मो0 इरफान, हाजी मौलाना नफीसुलहक मजाहिरी, मुफ्ती सिराज, मौलाना तजकीर, इसरार व लुकमान समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## आपसी बात विवाद के साथ संपन्न हुआ होली उत्सव



**मीरजापुर।** आपसी भाईचारा और सौहार्द का त्यौहार दिन पर दिन नशा,झगड़ा और कुर्तियों का त्योहार बनते जा रहा है। सदियों से चला आ रहा होली का उत्सव पूर्णिमा के दिन होलिका दहन से शुरू होकर दूसरे दिन रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई देकर मनाया जाता है, लेकिन अब की युवा पीढ़ी नशीले पदार्थ का सेवन कर रंग में भंग डालने का कार्य करते हैं। अहरौरा थाना क्षेत्र में भी कई जगहों पर वाद-विवाद और मारपीट कर होली मनाई गई। पुलिस प्रशासन भी दिन भर चहल कदमी करते हुए नजर आए। कई जगह हुए झगड़े से थाना प्रभारी अजय मिश्रा काफी भाग दौड़ करते दिखे कुछ लोगों को शांति भंग में चालान भी किया। वर्ष में एक बार आने वाला प्रेम सद्भावना का त्यौहार कुछ लोगों के वजह से समय-समय पर कलंकित होते रहता है।

## होली पर 3900 वें दिन अनवरत ग्रीन गुरु जी ने किया पौध रोपण

**मीरजापुर।** होली के पावन पर्व पर 3900 वें दिन लगातार पौध रोपण के क्रम में प्रधानाचार्य, अनिल कुमार सिंह,ग्रीन गुरु जी, द्वारा 01 जुलाई 2015 से लगातार प्रति दिन किये जा रहे पौध रोपण के 3900 वें दिन के क्रम में होली के पावन पर्व पर सुगंधित पुष्प वाले पौध, मिनी कामिनी का रोपण जे.पी. पुरम, कॉलोनी, पटेलनगर, कतवारू के पूरा, मीरज़ापुर के अपने आवासीय परिसर के गमले में ग्रीन गुरु जी ने अभिनव सिंह के सहयोग से किया।

## लखनऊ में लेफ्टिनेंट कर्नल की गाड़ी में ट्रक ने मारी टक्कर, बाल-बाल बचा परिवार

**लेफ्टिनेंट कर्नल की कार को ट्रक ने मोहनलालगंज में टक्कर मारी।**

**हादसे में कार कई बार पलटी, परिवार सुरक्षित बचा।**

**घायलों को अस्पताल से छुट्टी मिली, मुकदमा दर्ज।**

**(लखनऊ)।** परिवार के साथ कार से प्रयागराज जा रहे लेफ्टिनेंट कर्नल की कार में ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर के बाद कई बार पलटकर कार दूसरी दिशा में जा गिरी। राहगीर बचाव के दौड़े और कार सवार परिवार को बाहर निकालकर निजी अस्पताल पहुंचाया जहां उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। लेफ्टिनेंट कर्नल सुबेक सिंह डिंडसा अपनी पत्नी संदीप कौर, बेटे फतेहवीर और बेटी हर नाम कौर के साथ प्रयागराज घर जा रहे थे। इस दौरान मोहनलालगंज में हाइवे पर फुलवरिया मोड़ से आगे एक रेस्टोरेंट के सामने पीछे से आ रहे ट्रक ने उनकी कार में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही कार हाइवे की दूसरी पट्टी पर जा गिरी। लेफ्टिनेंट व उनका परिवार में फंस गया। हादसे में बाद ग्रामीणों ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। इस हादसे में महिला व उनके बेटे को मामूली चोट आई। इसके बाद लेफ्टिनेंट कर्नल की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।

# कब्रिस्तान में खुदी मिली आधी कब्र इलाके में मचा हड़कंप, पुलिस को आशंका- जानवर ने खोदा गढ्ढ़ा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में शहर कोतवाली क्षेत्र की सदर चौकी इलाके में स्थित एक कब्रिस्तान में गुरुवार सुबह एक कब्र आधी खुदी मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया जानकारी के अनुसार सुबह करीब 7 बजे कुछ लोग कब्रिस्तान पहुंचे थे। उनके परिवार में दो दिन पहले ही एक व्यक्ति की मृत्य हुई थी और वे कब्र पर फातिहा पढ़ने आए थे कब्रिस्तान पहुंचने पर लोगों ने देखा कि सदर बाजार निवासी मृतक जुबैर की कब्र की मिट्टी आधी हटाई हुई है। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद लोगों में दहशत फैल गई।

इसके बाद लोगों ने तुरंत कब्रिस्तान के जिम्मेदार इसरार को फोन कर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही इसरार मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी सदर चौकी पुलिस को दी। सूचना मिलने पर सदर चौकी इंचार्ज स्वाति चतुर्वेदी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और कब्र की जांच की। उन्होंने कब्र के अंदर जाकर यह भी देखा कि जुबैर की बॉडी सुरक्षित है या नहीं और कहीं शरीर का कोई हिस्सा गायब तो नहीं है। जांच के दौरान पाया गया कि शव कब्र के अंदर सुरक्षित है और किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं हुई है।

प्राथमिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि किसी जानवर ने कब्र की मिट्टी हटाने का प्रयास किया होगा, जिससे कब्र का कुछ हिस्सा खुल गया। इसके बाद मृतक के परिजनों की रजामंदी से कब्र को दोबारा ठीक से बंद करा दिया गया। घटना की सूचना फैलते ही आसपास के लोगों की भीड़ कब्रिस्तान में जमा हो गई। लोगों में घटना को लेकर भय और आशंका का माहौल था। इस दौरान कब्रिस्तान के जिम्मेदार इसरार के अलावा सदर बाजार जामा मस्जिद के जिम्मेदार रिजवान खान, मुशीर खान, रेहान खान, समीर खान, फरदीन खान, फ़राज़ और सपा नेता अनस खान भी मौके पर मौजूद रहे। चौकी इंचार्ज स्वाति चतुर्वेदी ने लोगों को आश्वस्त किया कि मामले की जांच की जा रही है और भविष्य में ऐसी घटना न हो इसके लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे!!

## अगर रोडवेज बस में कोई बिना टिकट के सफर कर रहा होगा तो क्या होगा? रायबरेली में तो हुआ ये एक्शन

**रायबरेली।** परिवहन निगम डिपो से कानपुर जा रही रोडवेज बस संख्या यूपी 33 एटी 5263 में बीती 14 फरवरी को विभागीय जांच टीम द्वारा की गई। जांच के दौरान 10 बेटिकट यात्रियों को यात्रा करते पकड़ा गया था। जिसको लेकर संविदा परिचालक के ड्यूटी पर रोक लगाते हुए आगे की कार्रवाई जारी की गई है। जांच के दौरान टीम ने पाया कि बस में सवार 10 यात्रियों के पास वैध टिकट नहीं था। मामले की रिपोर्ट जांच टीम ने क्षेत्रीय प्रबंधक को भेजने के साथ ही रायबरेली डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को भी अवगत कराया गया है। प्रथम दृष्टया लापरवाही मानते हुए संबंधित संविदा परिचालक को अग्रिम आदेश तक रूट आफ कर दिया गया है। इसके साथ ही परिचालक को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। क्षेत्रीय प्रबंधक अमरनाथ सहाय का कहना है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गोंदा मुआज्जमनगर में पुरानी रंजिश में हिंसक हमलाः तीन लोग गंभीर घायल, जान से मारने की कोशिश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊ/रहीमाबाद :** रहीमाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गोंदा मुआज्जमनगर में पुरानी रंजिश के चलते बुधवार को एक परिवार पर भीषण हमला हुआ। गांव के ही कुछ हमलावरों ने लाठी-डंडों, बेल्टों से पीट-पीटकर तीन लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमलावर घर में घुसकर पीड़ितों को जान से मारने की कोशिश करते रहे।पीड़ित कमलेश मौर्य (ग्राम गोंदा मुआज्जमनगर निवासी) ने पुलिस को दी गई लिखित तहरीर में बताया कि पुरानी रंजिश के कारण गांव के ही कुछ लोगों ने उनके घर पर अचानक हमला बोल दिया। हमलावरों ने घर में जबरन घुसकर कमलेश, उनकी पत्नी और परिवार की महिलाओं पर बेरहमी से वार किए। हमले में:कमलेश मौर्य का सिर फट गया, वे गंभीर रूप से घायल हैं। उनकी पत्नी रूपाली को गंभीर चोटें आईं।

कमलेश के भाई कैलाश की पत्नी रेखा का पैर टूट गया। जब गांव के अन्य लोग घटनास्थल पर पहुंचे , तब हमलावर जान से मारने की धमकियां देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित पक्ष ने हमलावरों के रूप में गांव के ही सुरेंद्र उर्फ गैंडा ,टाइगर करन ,और



साहिल का नाम लिया है।सूचना मिलते ही रहीमाबाद पुलिस तुरंत सक्रिय हुई। पुलिस ने घायलों को तत्काल मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।

थाना प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि घायलों का मेडिकल परीक्षण पूरा कर लिया गया है। कमलेश मौर्य की लिखित तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया जा रहा है। आरोपियों की तलाश जारी हैं और जल्द ही हमलावरों पर ठोस कार्रवाई होगी 7 स्थानीय लोग पुरानी रंजिश को हमले का मुख्य कारण बता रहे हैं। पुलिस जांच में जल्द ही मामले की पूरी सच्चाई सामने आने की उम्मीद है।

## होली में खूब लुटाया गुलाल, जहांगीराबाद में होलिहारों ने मचाया धमाल

- धूमधाम से निकली शंकर जी की बारात शामिल रहे सैकड़ों बराती।
- डीजी और भांगड़ा ढोलों के बीच खूब नाचे बराती।
- एक दूसरे को रंग लगाते, अबीर गुलाल लुटाते, विविध रूप बनाये नाचते गाते चल रहे थे बराती।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बिसवां (सीतापुर)।** गत सोमवार को रात लगभग 12:30 बजे होलिका दहन होते ही होलियारों पर होली के रंग का बुखार सा चढ़ गया। मंगलवार को त्योहार में गैपिंग होने के कारण बुधवार को जैसे ही सुबह हुई अबीर गुलाल जेबों, झोलों और बोरियों में लेकर निकल पड़े होलिहार होली खेलने। पूर्वाह्न लगभग दस बजे सभी होलिहार इकट्ठा होकर परम्परागत रूप में डीजे व ढ़ोलों की धुनों पर थिरकते, नाचते और होली के गीत गाते एक दूसरे के चेहरों पर गुलाल लगाते और कपड़ों को रंगते हुये एक बड़ी टोली? के रूप में निकल पड़ी शंकर जी की बरात। बरात में विविध प्रकार के बराती शामिल थे जो अनेक प्रकार के रूप बनाये हुये थे। टोली ने हर एक सनातनी हिन्दू परिवार के घर घर जाकर अबीर गुलाल लगाया।पूरे गांव में बरात ने भ्रमण कर खुशी और उल्लास के साथ होली का त्योहार मनाया और खूब अबीर गुलाल लुटाया।

अपराह्न लगभग दो बजे सकुशल रंग समाप्त हो गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष सदरपुर मुकेश वर्मा, उपनिरीक्षक व अपने हमराही महिला पुरुष आरक्षियों के साथ पूरी मुस्तैदी के साथ पूरे समय टोली के साथ साथ चलते रहे। हर वर्ष की भांति इस बार भी होलियारों ने सबसे ज्यादा धमाल गांव के बीचोबीच स्थित श्री राम मनोहर श्रीवास्तव स्मारक विद्यालय के प्रांगण में मचाया जहां काफी देर तक नाचते गाते और अबीर गुलाल लुटाते एक दूसरे को रंग लगाते रहे। शंकर जी की बरात में शामिल कई गण तो जोर जोर से चिल्लाते भी नजर आये। प्राचीन समय से प्रत्येक वर्ष जहांगीराबाद कस्बे में पूरे क्षेत्र को देखते हुए बड़े ही धूमधाम से होली खेली जाती है। दोपहर बाद से ही लोगों का एक दूसरे के घरों में जाकर होली मिलने और गुझिया पकवान खाने का सिलसिला चालू हुआ जो देर रात तक जारी रहा। होली का त्यौहार शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया।

## हमें अपने बुजुर्गों की तालीमात पर अमल करना ज़रूरी है नमाज़ दीन व हमारी ज़िन्दगी का अहम हिस्सा है:- मदनी मियां सज्जादानशी काज़िम हुसैन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**खैराबाद, सीतापुर** जैसे जैसे रमज़ानुल मुबारक का महीना अपने समापन की ओर बढ़ रहा है उसी तरह सभी हाफ़िज़े क़ुरआन मसाजिद में नमाज़ तरावीह में क़ुरआन पूरा करके अल्लाह से मुल्क में अमन व शांति की दुआ कर रहे हैं इसी क्रम में विगत रात्रि दरगाह हज़रत छोटे मखदूम साहब में दरगाह परिसर में ही मदनी मियां के द्वारा संचालित मदरसा जामिया निज़ामिया के छात्र हाफ़िज़ तैय्यब ने इस बार तरावीह में क़ुरआन को पढ़ा जिससे सभी नमाजियों में बड़ी खुशी पाई गई इसी मदरसा के दूसरे छात्र शादान अहमद मोती मस्जिद में नमाज तरावीह मुकम्मल करवा रहे हैं। दरगाह में मुकम्मल होने पर जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए सज्जादा नशीन सैय्यद अजीज़ुल हसन रिजवी मदनी मियां ने कहा कि मुसलमान के घर मे पैदा हो जाने से ही हम मुसलमान नहीं हो सकते हमे अल्लाह और उसके रसूल सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के बताए हुए रास्ते पर चलना होगा और रमज़ान के अलावा पूरे साल पांच वक़्त की नमाज़ अनिवार्य रूप से पढ़नी चाहिए तभी कामियाबी हासिल होगी। क्योंकि नमाज़ के बिना कुछ भी होने वाला नहीं इससे हमारी दुनियां और आख़िरत दोनों बन जाती हैं, श्री मदनी मियां ने यह भी कहा कि एक अजीब बात देखने को मिलती है कि हाफ़िज़ के पीछे दस या पन्द्रह दिन में या तीन दिन में लोग पूरा क़ुरआन तरावीह में सुन लेते हैं फिर आज़ाद हो जाते हैं और यह समझ लेते हैं कि तरावीह ख़त्म हो गई तो समझ लें कि यह हमारी बहुत बड़ी भूल है क्योंकि तरावीह रमज़ान का चाँद देख कर शुरू और ईद का चाँद देख कर ही ख़त्म होती है। इस अवसर सज्जादा नशीन सैय्यद मदनी मियां के अलावा दर्जनों नमाज़ पढ़ने वाले लोगों ने हाफ़िज़ तैय्यब तथा उनके उस्ताद गुरु हाफ़िज़ नौशाद को नज़राना तथा अंग वस्त्र के रूप में उपहार भी दिए।इस समापन अवसर पर मदनी मियां के सुपुत्र जो हाफ़िज़ा कर रहे हैं हाफ़िज़ सैय्यद गुफरान हसन रिज़वी, सैय्यद कामरान हसन रिज़वी, मोहम्मद जुनेद, पूर्व सभासद ज़िया उद्दीन खान, इमरान सिद्दीकी, शरीफ़ अंसारी, सैय्यद अंसार मियां,सैय्यद मोहम्मद कबीर, नईमुल्ला खान, तशहीर



सिद्दीकी, इंजीनियर रेहान अहमद आदि मौजूद थे। इसके अलावा दादा मियां की मस्जिद में हाफ़िज़ सैय्यद शारिक किरमानी ने तथा मस्जिद अनस मियां में हाफ़िज़ इस्लामुद्दीन ने तरावीह में क़ुरआन मुकम्मल किया जबकि नई बाज़ार मस्जिद, साबरी मस्जिद, मस्जिद अबूबक्र में भी क़ुरआन मुकम्मल हुआ।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रंगों का पर्व होली



**चुनार, मीरजापुर।** तहसील क्षेत्र के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ रंगों का पर्व होली मनाई गई। कही कही दो एवं तीन मार्च को तहसील क्षेत्र में होलिका का दहन हुआ। लेकिन चंद्रग्रहण की वजह से क्षेत्र के ज्यादातर जगहों पर मंगलवार को लोग रंग नहीं खेल पाए। चुनार क्षेत्र के प्रत्येक हिस्सों में उमंग और उल्लास का माहौल रहा।सड़कों पर रंगों से सजी टोलियां निकाल कर मज़े की होली का हुड़दंग हुआ और डीजे की धुन पर खुब डांस किया गया। वहीं मुस्लिम समाज के लोगों का एक बजे के नमाज़ सम्पन्न कराने के लिए प्रत्येक मस्जिद के सामने पुलिस प्रशासन बड़ी मुस्तैदी से तैनात किया गया था। चुनार क्षेत्राधिकारी मंजरी राव व कोतवाल विजय शंकर सिंह ने मयफोर्स क्षेत्र में सकुशल होली सम्पन्न कराने के लिए चक्रमण करते नजर आए।

# बिना हेलमेट और इंश्योरेंस के बाइक चलाते दिखे पुलिसकर्मी, उठे सवाल

- यातायात नियमों पर उठे सवाल, लोगों ने कहा– कानून सबके लिए समान होना चाहिए
- जनता का चालान, खुद नियमों से बेपरवाह? निंबू पार्क चौकी का मामला चर्चा में
- नियमों का पालन कौन करे? बिना हेलमेट बाइक चलाते दिखे पुलिसकर्मी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लखनऊ।** निंबू पार्क पुलिस चौकी पर तैनात एक पुलिसकर्मी हाल ही में बिना हेलमेट के बाइक चलाते हुए दिखाई दिए। बताया जा रहा है कि जिस बाइक से वह आवागमन कर रहे थे, उसका बीमा भी नहीं है। इसके बावजूद वे उसी वाहन से सड़क पर आते-जाते नजर आए।

मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने इस घटना को लेकर हैरानी जताई। स्थानीय लोगों का कहना है कि आमतौर पर पुलिस सड़क पर हेलमेट न पहनने या वाहन के कागज़ पूरे न होने पर आम नागरिकों का चालान करती है। ऐसे में जब पुलिसकर्मी स्वयं ही बिना हेलमेट बाइक चलाते दिखते हैं तो लोगों के मन में स्वाभाविक रूप से सवाल उठने लगते हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क सुरक्षा से जुड़े नियम सभी के लिए समान होने चाहिए। अगर नियम आम जनता के लिए अनिवार्य हैं तो उनका पालन जिम्मेदार पदों पर तैनात लोगों को भी करना चाहिए। हालांकि इस मामले को लेकर अभी तक संबंधित विभाग या अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# नैमिषारण्य धाम में होली परिक्रमा मेला महोत्सव की भव्य तैयारी

- भक्ति, संस्कृति और सामुदायिक एकता का अनुपम संगम

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सीतापुर संवाददाता :** उत्तर प्रदेश के प्राचीन तीर्थस्थल मिश्रिख नैमिषारण्य में होली के रंगों से सराबोर होने वाला 'होली परिक्रमा मेला महोत्सव-2026 अब द्वार पर दस्तक दे चुका है। संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित यह तीन दिवसीय (8 से 10 मार्च) महोत्सव न केवल भक्ति और लोक संस्कृति का अनोखा मेला सजाएगा, बल्कि आशा कार्यकर्ताओं, किसानों, शिक्षकों, अंगनवाड़ी कर्मियों और उद्योगजनों जैसे सामुदायिक समूहों के सम्मेलनों के माध्यम से ग्रामीण विकास और सांस्कृतिक संरक्षण की नई इबारत लिखेगा। 88,000 ऋषियों के यज्ञ स्थल पर रंग-गुलाल की धूम के साथ गूंजने वाले भजन, गीता पाठ और कवि सम्मेलन लाखों श्रद्धालुओं को आकर्षित करने को बेताब हैं। यह महोत्सव उत्तर प्रदेश सरकार की 'संस्कृति उत्सव 2026 पहल का हिस्सा है, जो जनवरी से चली आ रही सांस्कृतिक श्रृंखला का चरमोत्कर्ष है। जिले के जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर ने बताया, 'नैमिषारण्य जैसे पावन धाम पर होली का उत्सव केवल रस्म नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान का प्रतीक है। हमने स्थानीय परंपराओं को आधुनिक आयोजन के साथ जोड़कर एक ऐसा मंच तैयार किया है, जहां भक्ति के साथ विकास की चर्चा होगी।' प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा 27 फरवरी को किया गया उद्घाटन समारोह भी इसकी भव्यता का प्रमाण है, जहां संत-महात्माओं और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूजन-अर्चना के साथ फीता काटा गया।

महोत्सव का शुभारंभ 8 मार्च को सुबह 11 बजे आशा कार्यकर्ताओं के सम्मेलन से होगा, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं की भूमिका पर विमर्श होगा। दोपहर 12 बजे स्वास्थ्य सहायता सम्मेलन के बाद शाम 7 बजे भजन संध्या की धुन पर रंग चढ़ेगा। प्रसिद्ध भजन गायिका सुश्री स्वाती मिश्रा और हेमंत बृजवासी की जुगलबंदी से वातावरण भक्ति रस में डूब जाएगा। स्वाती मिश्रा, जिनकी भजनों ने देशभर में करोड़ों दिलों को छुआ है, ने कहा, 'होली का यह मंच मुझे अपनी मिट्टी से जोड़ता है। नैमिषारण्य की पवित्रता में गाए जाने वाले भजन श्रद्धा और उल्लास का अनोखा मिश्रण होंगे। 9 मार्च का दिन किसान और शिक्षक सम्मेलनों से रोशन होगा। सुबह 11 बजे किसान सम्मेलन में कृषि नवाचारों पर चर्चा होगी, जबकि दोपहर में शिक्षक सम्मेलन शिक्षा के भविष्य को नई दिशा देगा। शाम को अभिनेता पुनीत इस्सर का 'जय श्री कृष्णा-गीता सार' कार्यक्रम होगा। महाभारत के दुर्योधन के किरदार से घर-घर प्रसिद्ध इस्सर भगवद्गीता के सार को जीवंत प्रस्तुति के माध्यम से श्रोताओं तक पहुंचाएंगे। 'गीता का संदेश होली के रंगों में और भी जीवंत हो जाता है। यह अवसर युवाओं को आध्यात्मिकता से जोड़ने का है,' इस्सर ने अपनी तैयारी साझा की।

10 मार्च को अंगनवाड़ी और उद्योग सम्मेलन बाल विकास व औद्योगिक प्रगति के मुद्दों पर केंद्रित रहेंगे। शाम 7 बजे कवि सम्मेलन में प्रसिद्ध कवि सुरेंद्र शर्मा की अगुवाई में हास्य-व्यंग्य और भावुक रचनाओं की बौछार होगी। सुरेंद्र शर्मा, जिनकी कविताएं सामाजिक विडंबनाओं को आईना दिखाती हैं, ने उत्साहपूर्वक कहा, 'होली के रंगों में कविता का रंग घुलना चाहिए। नैमिषारण्य का यह मंच लोक कला को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। '

महोत्सव में लोक एवं पारंपरिक कार्यक्रमों की भरमार रहेगी। 10 मार्च को ही कठक नृत्य, नौटंकी, स्वांग, नाचा-घूमर जैसे 10 से अधिक लोक कलाओं की प्रस्तुतियां होंगी, जिसमें दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के कलाकारों की झलक मिलेगी। संस्कृति विभाग के अनुसार, यह आयोजन न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि ग्रामीण महिलाओं और किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। नैमिषारण्य, जहां व्यास जी ने महाभारत की रचना की, इस महोत्सव के साथ एक बार फिर इतिहास और वर्तमान का संगम बनेगा। जिला प्रशासन ने यातायात, सुरक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था सुनिश्चित की है। उत्सव में प्रवेश निःशुल्क है, लेकिन श्रद्धालु समय से पहुंचें। होली के रंगों में डूबते हुए यदि आप भी इस सांस्कृतिक यात्रा का हिस्सा बनें, तो जीवन की धूल झड़ जाएगी।

## नाबालिग किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, परिजनों ने अपहरण की जताई आशंका

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के भगवानपुर चौथार गांव से एक 16 वर्षीय किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भगवानपुर चौथार निवासी नानी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी नाबालिग उम्र लगभग 16 वर्ष बीते 6 फरवरी 2026 को सुबह लगभग 10 बजे बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई। रोशनी अपनी नानी के घर रहकर उनकी सेवा-टहल करती थी। परिजनों का आरोप है कि रोशनी का मोबाइल फोन के माध्यम से कृष्णा कनौजिया पुत्र श्याम शांति कनौजिया, निवासी नाला सोपारा (बड़ई पारा), मुंबई से संपर्क था। साथ ही आशीष पाल पुत्र बरसाती पाल पर भी किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने का संदेह जताया गया है। नानी ने आशंका व्यक्त की है कि उनकी नाबालिग नातिन को बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया है और उसके साथ जबरन विवाह या किसी अनहोनी की घटना से भी इंकार नहीं किया जा सकता। मामले को गंभीरता से लेते हुए गोपीगंज थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पुलिस लाइन में एसपी अंकुर अग्रवाल ने मनाई होली, पुलिसकर्मियों के साथ लॉलीपॉप लागेलू गाने पर किया डांस

- भक्ति, संस्कृति और सामुदायिक एकता का अनुपम संगम

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सीतापुर** जनपद सीतापुर की पुलिस लाइन में होली का पर्व इस बार बड़े ही धूमधाम और आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया। रंगों के इस पावन अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने पुलिस परिवार के साथ जमकर होली खेली और सभी को त्योहार की शुभकामनाएं दीं कार्यक्रम के दौरान पुलिसकर्मियों में उत्साह और उमंग देखने को मिला। होली मिलन समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने माइक थामकर 'कमरिया लॉलीपॉप लागे लू' गाना भी गाया, जिसे सुनकर वहां मौजूद पुलिसकर्मियों का उत्साह और बढ़ गया इसके बाद पुलिसकर्मियों ने उन्हें कंधे पर उठाकर जश्न मनाया और फिल्मी गानों पर जमकर डांस किया। पूरे परिसर में रंग-गुलाल उड़ते रहे और सभी एक-दूसरे को रंग लगाकर त्योहार की खुशियां साझा करते नजर आए। पुलिस लाइन परिसर में पारंपरिक अंदाज में होली खेलने की भी व्यवस्था की गई थी यहां मिट्टी खोदकर कीचड़ तैयार किया गया था, जिसमें पुलिसकर्मी एक-दूसरे को कीचड़ में फेंकते हुए मस्ती करते दिखाई दिए इस दौरान माहौल पूरी तरह उत्सवमय बना रहा और पुलिसकर्मी डीजे की धुनों पर थिरकते नजर आए। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। अधिकारियों ने कहा कि होली का त्योहार प्रेम, भाईचारे और आपसी सौहार्द का प्रतीक है जिसे सभी को मिलजुलकर मनाना चाहिए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश सिंह, सीओ बिसवां अमन सिंह, सीओ महमूदाबाद वेद प्रकाश, सीओ सिटी विनायक भोसले सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे सभी ने मिलकर होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया!!

## रायबरेली में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर, किशोर समेत दो की मौत

**रायबरेली।** बछरावा के बांदा बहराइच राजमार्ग पर नंदाखेड़ा गांव के पास बुधवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक किशोर समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे लखनऊ रेफर किया गया है। गुरुबक्शगंज के अटौरा बुजुर्ग निवासी अभिलाष बाइक से बछरावां से गुरबक्शगंज की ओर जा रहे थे, वही दूसरी बाइक पर लालगंज के ठकुराइन खेड़ा निवासी 17 वर्षीय रितेश कुमार अपने साथी 25 वर्षीय सूरज के साथ बाइक से गुरबक्शगंज से बछरावां की तरफ आ रहे थे। नंदाखेड़ा गांव के मुख्य चौराहे के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए, वहीं उन पर सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां लाया गया, जहां ईएमओ डा प्रभात मिश्रा ने अभिलाष और रितेश को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि सूरज की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है। बछरावां थानाध्यक्ष श्याम कुमार पाल का कहना है कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# तेल, तनाव और विकास दर: 'युद्ध-भय' का भारतीय परिदृश्य

**[ क्या हर युद्ध हमारी अर्थव्यवस्था की परीक्षा बन जाएगा? ]**

**[ भय से नीति-सुधार तक: क्या बदल पाएगा भारत अपना आर्थिक पैटर्न? ]**

भारत का 'युद्ध-भय' सिंड्रोम अब किसी मनोवैज्ञानिक शब्दकोश की परिभाषा भर नहीं, बल्कि 21वीं सदी के भारत की आर्थिक नब्ज बन चुका है। जैसे ही पश्चिम एशिया में बारूद सुलगता है, मुंबई के दलाल स्ट्रीट पर घबराहट छा जाती है। मार्च 2026 में ईरान-अमेरिका-इजराइल संघर्ष ने इस आशंका को चरम तक पहुँचा दिया, जब ब्रेंट क्रूड 82 डॉलर के ऊपर निकल गया और होर्मुज स्ट्रेट पर जहाज़ों की लंबी कतारें दिखने लगीं। वैश्विक एजेंसियों की रिपोर्टों के मुताबिक 4.5 ट्रिलियन डॉलर की भारतीय अर्थव्यवस्था, जो हाल तक नियंत्रित महंगाई और तेज़ वृद्धि का उदाहरण मानी जा रही थी, अचानक बाहरी झटकों से डगमगाने लगी। यह महज आर्थिक उतार-चढ़ाव नहीं; यह सामूहिक मानस का संकट है—निवेशक जोखिम समेटते हैं, रुपया दबाव झेलता है और आम उपभोक्ता को पेट्रोल पंप पर मिलता बिल आने वाले कल की चिंता जता देता है। वैश्वीकरण की चमक के पीछे छिपी यह असुरक्षा हर बार सामने आ जाती है। इस 'युद्ध-भय' की जड़ें नई नहीं हैं। 1991 का खाड़ी संकट, जब इराक ने कुवैत पर चढ़ाई की, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को लगभग खाली कर गया और आर्थिक उदारीकरण का द्वार मजबूरी में खुला। 1973 के योम किप्पुर युद्ध ने तेल को हथियार बना दिया था और तब भी भारत ने आयात-निर्भरता की भारी कीमत चुकाई। 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान कच्चा तेल 120 डॉलर तक जा पहुँचा, महंगाई 7 प्रतिशत से ऊपर निकली और मौद्रिक सख्ती बढ़ानी पड़ी। हर बार पैटर्न एक-सा रहा—कहीं दूर युद्ध, और यहाँ विकास दर पर प्रहार। इतिहास लगातार चेताता रहा कि ऊर्जा, उर्वरक और आपूर्ति श्रृंखलाओं में अत्यधिक बाहरी निर्भरता हमें असुरक्षित करती है, फिर भी संकट टलते ही हम सामान्यता के भ्रम में लौट आते हैं। यही चूक 'युद्ध-भय' को स्थायी मनःस्थिति में बदल देती है। 2026 का पश्चिम एशियाई संघर्ष इसी पैटर्न का समकालीन रूप है। भारत के लगभग 17 प्रतिशत निर्यात उसी क्षेत्र की ओर जाते हैं और एक करोड़ से अधिक प्रवासी वहाँ से रेमिटेंस भेजते हैं। यदि तनाव लंबा चला, तो तेल 100 डॉलर के पार निकल सकता है, जिससे चालू खाते का घाटा फैलेगा और विकास की गति पर दबाव बढ़ेगा। लॉजिस्टिक्स लागत में उछाल और बीमा प्रीमियम में वृद्धि व्यापारिक मार्जिन को निगल जाती है। वित्तीय बाजारों में जोखिम-प्रतिकूलता बढ़ती है और पूंजी उभरते बाजारों से सुरक्षित ठिकानों की ओर सिमटती है। इस पूरी प्रक्रिया में भारत की 'स्वीट स्पॉट' अर्थव्यवस्था—जहाँ महंगाई काबू में और विकास संतुलित था—अचानक असंतुलन की तरफ झुक जाती है। युद्ध भले सीमाओं से दूर हो, पर ऊर्जा मार्गों और पूंजी प्रवाह के जरिये वह हमारे बजट और जेब पर दस्तक दे देता है।

ऊर्जा क्षेत्र इस सिंड्रोम की सबसे नाजुक नस है। भारत अपनी कच्चे तेल की आवश्यकता का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है और उसका बड़ा हिस्सा होर्मुज मार्ग से गुजरता है। रणनीतिक भंडार सीमित समय तक ही सहारा दे सकते हैं; लंबा व्यवधान उद्योग, परिवहन और कृषि की लागत बढ़ा देगा। ईंधन महँगा होता है तो ट्रकों का भाड़ा बढ़ता है, कारखानों की लागत चढ़ती है और अंततः किराने की दुकानों पर दाम बढ़ जाते हैं। यही क्रम 'ऊर्जा झटके' को 'मुद्रास्फीति तूफान' में बदल देता है। विकसित भारत 2047 का स्वप्न सस्ती और स्थिर ऊर्जा पर आधारित है; यदि हर वैश्विक टकराव पर हमारी ऊर्जा सुरक्षा हिलती है, तो यह सपना बार-बार कसौटी पर होगा। विविधीकरण—चाहे नवीकरणीय ऊर्जा हो या नए आपूर्तिकर्ता—अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता है।

महंगाई और रुपया इस भय के सबसे स्पष्ट संकेतक हैं। तेल में हर 10 डॉलर की बढ़ोतरी चालू खाते के घाटे को उल्लेखनीय रूप से बढ़ा देती है और आयात बिल को फुला देती है। रुपया दबाव झेलता है तो विदेशी ऋण महँगा हो जाता है और कंपनियों की बैलेंस शीट प्रभावित होती है। केंद्रीय बैंक को ब्याज दरों के माध्यम से संतुलन साधना पड़ता है, जिससे कर्ज महँगा और निवेश धीमा पड़ सकता है। अंततः इसका भार आम नागरिक उठाता है—ईंधन, खाद्य और रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम बढ़ते हैं। 'युद्ध-भय' इसलिए भी गहरा है क्योंकि यह अदृश्य कर की तरह काम करता है; बिना किसी घरेलू नीति-चूक के, वैश्विक संघर्ष हमारी क्रय शक्ति को कम कर देता है।

पूंजी बाजार इस मनोविज्ञान को सबसे तेजी से प्रतिबिंबित करते हैं। अनिश्चितता बढ़ते ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेश सिमटता है, इक्विटी सूचकांक गिरते हैं और नई परियोजनाओं के लिए पूंजी जुटाना कठिन हो जाता है। भारत का बाजार आकार भले पाँच ट्रिलियन डॉलर के करीब पहुँच गया हो, पर तेल-आधारित झटके इसे वैश्विक साथियों से पीछे धकेल सकते हैं। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी जोखिम आकलन के नए मानकों पर कसा जाता है। जब वैश्विक फंड प्रबंधक भू-राजनीतिक जोखिम प्रीमियम बढ़ाते हैं, तो उभरती अर्थव्यवस्थाएँ पहले झटका खाती हैं। एक युद्ध की खबर हजारों अंकों की गिरावट में बदल जाती है और विकास कथा पर प्रश्नचिह्न लग जाता है। यही वह क्षण है जब 'युद्ध-भय' आर्थिक वास्तविकता का रूप ले लेता है।

आखिर हर संकट अपने भीतर समाधान का बीज भी छिपाए रहता है। यह परिदृश्य केवल असहायता का चित्र नहीं, बल्कि तैयारी और परिवर्तन की पुकार है। सरकारें ऊर्जा स्रोतों के विविधीकरण, रणनीतिक भंडार के विस्तार और नवीकरणीय निवेश के माध्यम से जोखिम सीमित करने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। कूटनीतिक संतुलन भी अनिवार्य है, ताकि सभी पक्षों के साथ ऊर्जा और व्यापारिक रिश्ते सुरक्षित रह सकें। आत्मनिर्भरता का अर्थ दुनिया से दूरी नहीं, बल्कि लचीले वैश्विक एकीकरण की समझदारी भरी नीति है। यदि हम इतिहास से सबक लेकर आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करें, घरेलू विनिर्माण को प्रतिस्पर्धी बनाएं और वित्तीय अनुशासन बनाए रखें, तो 'युद्ध-भय' स्थायी नियति नहीं रहेगा। अन्यथा हर वैश्विक टकराव हमारी अर्थव्यवस्था की नसों पर दबाव बनाता रहेगा। यह सिंड्रोम चेतावनी भी है और अवसर भी—चुनाव हमारा है कि हम भय में सिमटें या उसे नीतिगत सुधार की शक्ति में रूपांतरित कर दें।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# त्रासदी : युद्ध की विभीषिका के चक्रव्यूह में फंसती दुनिया

विश्व हिंसा और अशांति के दौर से गुजर रहा है। दुनिया के बड़े भूभाग पर अशांति और ताकतवर देशों की अराजकता बढ़ रही है। कहीं सीधी जंग में मिसाइल हमले और एयरस्ट्राइक की जा रही हैं तो कहीं प्रॉक्सीवार के जरिए टकराव हो रहा है।युद्ध मानव सभ्यता के साथ पर्यावरण के लिए भी हानिकारक होता है। विस्फोट, रासायनिक हथियार और भारी सैन्य गतिविधियां प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट कर देती हैं। भूमि बंजर हो जाती है और जल स्रोत प्रदूषित हो जाते हैं।

बता देंकि 24 फरवरी 2022 से रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध और इसी साल 7 मई को भारत-पाकिस्तान के बीच सीमित सैन्य संघर्ष के बाद अब इजरायल और ईरान के बीच युद्ध के कारण पश्चिम एशिया में परिस्थितियां गंभीर और जटिल बनी हुई हैं। इस समय दोनों देशों के बीच तनाव चरम सीमा पर है और दोनों देशों की सेनाएं प्रत्यक्ष सैन्य आक्रमणों में उलझी हुई हैं। रूस - यूक्रेन युद्ध, इजराएल - हमास युद्ध और अब अमेरिका - इजराएल बनाम ईरान युद्ध का संघर्ष यह दर्शाते हैं कि युद्ध का दंश सीमाओं से परे जाकर वैश्विक अर्थव्यवस्था और शांति को बुरी तरह प्रभावित करता है।

इसे हाल ही में अमरीका और इसराईल द्वारा ईरान के विरुद्ध शुरू की गई भारी सैन्य कार्रवाई ने और बढ़ा दिया है। अब तक ईरान में ही इस युद्ध के कारण 555 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इस जंग में हताहतों की संख्या लगातार बढ़ रही है. ईरानी रेड क्रेसेंट सोसाइटी के मुताबिक, ईरान में 780 से ज़्यादा लोग मारे गए हैं. इनमें कथित तौर पर एक स्कूल पर हुए अमेरिका-इसराइल के हमले में मारी गई 165 लड़कियां और स्टाफ भी शामिल हैं। युद्ध के कारण शरणार्थियों की समस्या भी उत्पन्न होती है जो अन्तराष्ट्रिय स्तर पर मानवीय संकट का रूप ले लेती है। यह भी विडंबना है की युद्ध प्रायः सत्ता, वर्चस्व और वैचारिक मतभेदों के कारण होते हैं जबकि युद्ध का कीमत आम जनता चुकाती है। आज के परमाणु और अत्याधुनिक हथियारों के युग में युद्ध का अर्थ केवल सीमित संघर्ष नहीं, बल्कि वैश्विक विनाश हो सकता है।

**विश्व भर में जारी कुछ अन्य युद्धों का सिलसिला जारी है**

आपको बता दें 2014 से जारी 'यमन' के गृह युद्ध में लाखों लोग प्रभावित और हजारों लोगों की मौतें हो चुकी हैं। यह गृह युद्ध यमन के पूर्व और वर्तमान राष्ट्रपतियों के वफादार गुटों के बीच चल रहा है। 'यमन' की राजधानी 'सना' स्थित 'होऊथी' योद्धाओं जिन्हें पूर्व राष्ट्रपति अली अब्दुल्ला सालेह' के वफादार योद्धाओं का समर्थन प्राप्त है, और 'अदन' में स्थित 'मंसूर हादी' की सरकार के बीच यह युद्ध चल रहा है। ' 21 फरवरी, 2026 को 'होऊथी' सेनाओं द्वारा राजधानी सना में हादी को उनके आवास पर नजरबंद करने के एक महीने बाद ही हादी वहां से भाग निकलने में सफल रहे और अदन आ गए और कहा कि होऊथी अधिग्रहण अवैध था और वह अब भी यमन के संवैधानिक राष्ट्रपति हैं।

उधर इथोपिया में 2020 में तत्कालीन प्रधानमंत्री 'अबी अहमद' द्वारा विपक्षी पार्टी एल.पी.टी.एफ. के विरुद्ध की गई सैन्य कार्रवाई के कारण शुरू हुए गृह युद्ध से लाखों लोग विस्थापित हुए और सैंकड़ों लोग मारे गए। हालांकि नवम्बर, 2022 में हुए शांति समझौते के बाद झगड़े कम हुए हैं परंतु तनाव अभी बना हुआ है।

म्यांमार में 1 फरवरी, 2021 को वहां के मिलिट्री 'जुंटा' ने 'आंग सान सू की' की सरकार का तख्तापलट कर सत्ता पर कब्जा कर लिया था। इसके तुरंत बाद ही 'जुंटा' कहलाने वाले सैन्य शासकों का भी विरोध शुरू हो गया और इसने एक भीषण गृहयुद्ध का रूप ले लिया है। इस खूनी गृहयुद्ध में पिछले 5 वर्षों के दौरान 73,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।

24 फरवरी, 2022 से रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध पांचवें वर्ष में दाखिल हो चुका है। इस युद्ध में अंतर्राष्ट्रीय अनुमानों के अनुसार दोनों पक्षों के सैनिकों और नागरिकों को मिलाकर लाखों लोगों की मौत तथा लाखों लोग घायल और विस्थापित हुए हैं।

7 अक्तूबर, 2023 को इसराईल और फिलिस्तीन के बीच जमीन, राजनीतिक स्वामित्व और धार्मिक दावों से सम्बन्धित दशकों पुराना विवाद हमास द्वारा इसराईल पर बड़ा हमला किए जाने के बाद अधिक तेजी से भड़क उठा। दोनों पक्ष एक-दूसरे की भूमि पर कब्जे और एक-दूसरे पर परस्पर सुरक्षा खतरे के आरोप लगाते आ रहे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्टों के अनुसार इसराईली हमलों के कारण गाजा का बड़ा हिस्सा बुरी तरह तबाह हो चुका है जिसके पुनर्निर्माण में 20 वर्ष से भी अधिक समय लगने का अनुमान है। इस संघर्ष में हजारों लोग मारे गए हैं। अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा विवाद तेज हुआ है। पाकिस्तान का आरोप है कि अफगानिस्तान की जमीन से आतंकी संगठन पाकिस्तान में हमले कर रहे हैं और इन हमलों में कई पाकिस्तानी सैनिक मारे जा चुके हैं। अफ्रीकी देश 'सुडान' भी 'सूडानी सशस्त्र सेनाओं' (एस.ए.एफ.) तथा अर्द्धसैनिक 'रैपिड सपोर्ट फोर्सेज' (आर.एस.एफ.) के बीच 2023 से जारी युद्ध के कारण इतिहास के सर्वाधिक उथल-पुथल भरे दौर से गुजर रहा है।

इस कारण यहां की जनता पूरी तरह तबाह और बर्बाद हो गई है और उसकी मुसीबतों को गरीबी आदि ने और भी बढ़ा दिया है तथा लगभग 2 लाख 80 हजार लोग अपने घर छोड़ कर दूसरे स्थानों को जा चुके हैं।

उक्त सारे संघर्ष वैश्विक राजनीति, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा को प्रभावित कर रहे हैं। कुल मिला कर आज विभिन्न देशों के नेताओं की सत्ता की भूख और निजी स्वार्थों के कारण दुनिया 'बारूद के ढेर' पर बैठी नजर आ रही है। युद्ध की विभीषिका हमें यह सिखाती है की हिंसा कभी समाधान नहीं हो सकती। मानवता का वास्तविक विकास शांति, सहयोग और पारस्परिक सहयोग में ही निहित है। यदि विश्व समुदाय ने इतिहास से सबक नहीं लिया, भविष्य और भी भयावह हो सकता है। समय की मांग है की राष्ट्र अपने मतभेदों को संवाद के माध्यम से सुलझाएँ और विश्व शांति को सर्वोपरि रखें। यदि अभी भी उन्होंने सबक न सीखा तो आजकल के हथियार पहले से बेहतर होने के कारण तीसरे विश्व युद्ध की स्थिति में नुक्सान पिछले विश्व युद्धों में हुए नुक्सान से कहीं अधिक होगा और मानवता त्राहि-त्राहि कर उठेगी।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# संपादकीय

## अमेरिका ईरान इजरायल महायुद्ध, खोमनेई की हत्या के बाद हिंसा का काला अध्याय

वर्तमान परिदृश्य में वैश्विक स्तर पर धार्मिक अतिवाद औपनिवेशिक विस्तारवाद के कारण कई देशों के मध्य युद्ध तथा हिंसा का तांडव मचा हुआ है अमेरिका इजरायल और ईरान युद्ध ने मानवता की हत्या की तबाही मचाई हुई है। अरबो अरबो रुपए का नुकसान और लगभग 3000 लोगों की मौत ने दुनिया को वैश्विक युद्ध के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दियाद्य ईरान के अयातुल्लाह घूमने की हत्या ने अमेरिका और इजरायल की मनमानी को विश्व के सामने एक भयानक तस्वीर लाकर खड़ी कर दी जो वैश्विक शांति, मानवता, सौहार्द के लिए सर्वथा बहुत ज्यादा घातक एवं भविष्य में अप्रिय परिणाम देने वाले हैं।

धर्म की अवधारणा परोपकार, जनकल्याण, अहिंसा तथा मानवता को निरंतर आगे बढ़ाना है। जबकि अतिवाद किसी मान्यता विचार व अवधारणा को जबरन लागू करने की प्रक्रियागत सोच है। अतिवाद ही किसी भी विचारधारा या किसी पंथ को अति होने तक ले जाना है। अतिवाद किसी भी धार्मिक और राजनीतिक विषय में ऐसी विचारधारा के लिए प्रयुक्त होता है जो समाज की मुख्यधारा के नजरिए को स्वीकार नहीं करती है। यह एक ऐसा राजनीतिक अथवा धार्मिक सिद्धांत है जो अमर्यादित नीति का पक्षधर है तथा इसमें मध्यस्थता की कोई गुंजाइश भी नही होतीहै। यह धर्म की ओर एवं कठोर मान्यताओं को लोगों पर जबरदस्ती थोपने का कार्य करता है, तथा हिंसा ,हत्या बलात्कार आदि को सर्व मान्य रूप से सही ठहराता है। भारत में धार्मिक विवाद का असर युवाओं पर सबसे ज्यादा पड़ता है क्योंकि युवा मन अपरिपक्व तथा किसी विचारधारा में ढला हुआ नहीं रहता और भारत में 65% 35 साल से कम उम्र के युवा निवासरत हैं। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश हैद्य स्वतंत्रता के बाद से भारत के संविधान में लोकतंत्र को सर्वोपरि स्थान दिया गया हैद्य देश की भौगोलिक तथा जनसंख्यात्मक विशालता में कुछ तत्व सांप्रदायिक हिंसा एवं अराजकता के परिस्थितियों के कारण उत्पन्न हो सकते हैं, पर भारतीय लोकतंत्र की महानता एवं विशालता है कि इससे संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र को बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, पर यह तय है कि सांप्रदायिक हिंसा एवं धार्मिक कट्टरता से लोकतंत्र की अवधारणा थोड़ी दिग्भ्रमित जरूर होती है पर इसकी मजबूती ना तो पहले कम हुई है और ना ही भविष्य में होने की कोई गुंजाइश ही है। हिंसा ,विवाद किसी भी बात का कोई हल नहीं। यह लोकतंत्र के लिए एक धब्बे के समान है। किसी भी देश में लोकतंत्र की आम धारणा आपसी सद्भाव और समभाव को लेकर आधारभूत रचनात्मक रूप से की गई है। विश्व के शांति प्रस्तावक भारत देश में हिंसा और हिंसक आंदोलन की कोई जगह नहीं एवं यह किसी धार्मिक, सामाजिक अथवा आर्थिक असहमति का परिणाम तो कतई नहीं हो सकती है।भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक, प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है।वैचारिक चिंतन, प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बर्बादी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है।आंदोलन का स्वरूप सदैव शांति पूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैंद्य देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू , मुस्लिम, सिक्ख, इसाई जातीय संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है।और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया। आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह

पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्व हीन ना हो जाए। स्वतंत्रता के बाद से यह विकास की मूल धारणा थी कि पंचवर्षीय योजनाओं में वर्ग विहीन समाज में लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष तरीके से समाज का आर्थिक विकास तथा रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे। पर स्वतंत्रता के 75 साल के बाद भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में वर्ग विभेद भाषाई विवाद ने अभी भी आर्थिक विकास में कई बाधाएं उत्पन्न की है। संविधान में सदैव सकारात्मक वर्ग विभेद एवं विकास की अवधारणा को प्रमुखता से शामिल किया गया था और पंचवर्षीय योजनाओं में भी विकास को वर्ग विभेद से अलग रखकर विकास की अवधारणा को बलवती बनाया गया है। सामाजिक आर्थिक तथा धार्मिक विविधिता वाले समाज को विवादों से परे रख आर्थिक विकास की परिकल्पना एक कठिन और दुष्कर अभियान जरूर है पर असंभव नहीं है। और इसी की परिकल्पना को लेकर आजादी के पश्चात से पंचवर्षीय योजनाओं का प्रादुर्भाव सरकार ने समय-समय पर लागू किया है। विकास की अवधारणा में राष्ट्र की मुख्य धारा में समाज के पिछड़े वर्ग को शामिल कर उन्हें सम्मुख लाना होगा। यदि देश के पिछड़ा वर्ग और गरीब तबका विकास की मुख्यधारा से जुड़ता है तो गरीबी, भुखमरी, नक्सलवाद जैसे संकट अस्तित्व हीन हो जाएंगे और ऐसी समस्या धीरे धीरे खत्म होती जाएगी।

आवश्यकता यह है कि हमें राष्ट्रवाद को सर्वोपरि मानकर इस पर अमल करना होगा। फिर चाहे वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद हो या समावेशी राष्ट्रवाद हो। समाज की मुख्यधारा में राष्ट्रवाद को एक प्रमुख अस्त्र बनाकर देश की प्रगति में इसका इस्तेमाल किया जाना चाहिए। भारत में आजादी के 75 वर्ष बाद भी ब्रिटिश हुकूमत की तरह गरीबी, भूखमरी ,बेरोजगारी ,नक्सलवाद, आतंकवाद, सांप्रदायिकता,भाषावाद एवं क्षेत्रीय विघटनकारी प्रवृत्तियां सर उठाये घूम रही हैं, हम इन पर अभी तक प्रभावी नियंत्रण नहीं लगा पाए हैं। हमें इन सब विसंगतियों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय नागरिकता एवं भारत राष्ट्र की विकास की अवधारणा को राष्ट्रवाद से जोड़कर आर्थिक विकास को एक नया आयाम देना होगा,तब जाकर भारत वैश्विक स्तर पर आर्थिक रूप से मजबूत एवं आत्मनिर्भर बन सकेगा। किसी बात का विरोध हिंसा के बिगड़े स्वरूप की तरफ शासकीय संपत्ति को नष्ट करना देश हित में नहीं।

**संजीव ठाकुर**

# नीतीश कुमार का राज्यसभा की ओर कदम अनुभव, स्वेच्छा और लोकतांत्रिक मर्यादा का सम्मान

बिहार की राजनीति में लंबे समय से एक प्रमुख और निर्णायक भूमिका निभाने वाले नीतीश कुमार ने जब राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की घोषणा की तो स्वाभाविक रूप से राज्य की सियासत में हलचल तेज हो गई। मुख्यमंत्री के रूप में दो दशक से अधिक समय तक बिहार की राजनीति को दिशा देने वाले नेता का यह निर्णय कई लोगों के लिए चौंकाने वाला जरूर हो सकता है, किंतु इसे किसी दबाव, साजिश या मजबूरी से जोड़ना वास्तविकता से कोसों दूर प्रतीत होता है। स्वयं नीतीश कुमार ने अपने सार्वजनिक संदेश में स्पष्ट शब्दों में कहा है कि संसदीय जीवन की शुरुआत से ही उनकी यह इच्छा रही है कि वे बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों के साथ-साथ संसद के भी दोनों सदनों के सदस्य बनें। इसी इच्छा की पूर्ति के क्रम में उन्होंने इस बार राज्यसभा का सदस्य बनने की इच्छा व्यक्त की है। जब कोई अनुभवी और परिपक्व नेता स्वयं अपनी इच्छा सार्वजनिक रूप से व्यक्त करता है तो उस पर संदेह करना या उसके निर्णय को किसी राजनीतिक दबाव का परिणाम बताना न केवल अनुचित है बल्कि लोकतांत्रिक मर्यादाओं के भी विरुद्ध है।

राज्यसभा के लिए नामांकन के समय उनके साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई प्रमुख नेता मौजूद रहे, जिससे यह भी स्पष्ट होता है कि राष्ट्रीय स्तर पर भी उनके अनुभव और योगदान को महत्व दिया जा रहा है। यह मानना गलत नहीं होगा कि बिहार में वर्षों तक शासन चलाने वाले नेता का अनुभव संसद के उच्च सदन में देश की नीतियों और चर्चाओं को दिशा देने में उपयोगी साबित हो सकता है। राज्यसभा ऐसे ही अनुभवी नेताओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच माना जाता है जहां वे अपने दीर्घ राजनीतिक अनुभव के आधार पर राष्ट्रीय मुद्दों पर विचार प्रस्तुत करते हैं और नीति निर्माण में योगदान देते हैं। इसलिए नीतीश कुमार का यह निर्णय किसी प्रकार से असामान्य या अप्रत्याशित नहीं कहा जा सकता।

हालांकि उनके इस निर्णय के बाद विपक्षी दलों ने कई प्रकार के आरोप लगाए। विशेष रूप से बिहार के विपक्ष के प्रमुख नेतातेजस्वी यादव ने यह कहा कि भाजपा ने नीतीश कुमार को 'हाइजैक' कर लिया है और उन्हें दबाव में राज्यसभा भेजा जा रहा है। इसी प्रकार राष्ट्रीय जनता दल के कुछ नेताओं ने भी इसे भाजपा के दबाव का परिणाम बताया। लेकिन यह आरोप उस समय स्वतः ही कमजोर पड़ जाते हैं जब स्वयं नीतीश कुमार अपने शब्दों में स्पष्ट कर चुके हैं कि यह निर्णय उन्होंने अपनी इच्छा से लिया है और वह बिहार की नई सरकार को सहयोग और मार्गदर्शन देते रहेंगे। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी नेता के अपने निर्णय को स्वीकार करना और उसका सम्मान करना ही स्वस्थ राजनीतिक संस्कृति की पहचान होती है।




यह भी ध्यान देने योग्य है कि नीतीश कुमार ने अपने संदेश में बिहार की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए यह कहा कि पिछले दो दशकों से अधिक समय से जनता के विश्वास और समर्थन की ताकत के कारण ही उन्होंने राज्य की सेवा की है और भविष्य में भी यह संबंध बना रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि विकसित बिहार बनाने का संकल्प पहले की तरह कायम रहेगा और जो नई सरकार बनेगी उसे उनका पूरा सहयोग मिलेगा। यह वक्तव्य स्पष्ट रूप से यह दर्शाता है कि वह बिहार की राजनीति से दूर नहीं हो रहे हैं बल्कि एक नई भूमिका में राज्य और देश की सेवा करना चाहते हैं। दूसरी ओर कुछ स्थानों पर जदयू कार्यकर्ताओं की नाराजगी और प्रदर्शन की खबरें भी सामने आई। पटना स्थित जदयू कार्यालय में कुछ कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी और तोड़फोड़ भी की। मुख्यमंत्री आवास के बाहर भी कुछ कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया और भावनात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की। यह स्वाभाविक है कि जिन कार्यकर्ताओं ने वर्षों तक किसी नेता के साथ राजनीतिक संघर्ष किया हो, उनके मन में भावनात्मक लगाव होता है और अचानक आए किसी परिवर्तन से वे विचलित हो सकते हैं। लेकिन लोकतांत्रिक राजनीति में निर्णय केवल भावनाओं से नहीं बल्कि व्यापक दृष्टि और राजनीतिक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर लिए जाते हैं। इसलिए कार्यकर्ताओं और समर्थकों को भी इस बात को समझना चाहिए कि नेतृत्व के स्तर पर लिए गए निर्णय अक्सर व्यापक राजनीतिक दृष्टिकोण और भविष्य की रणनीति का हिस्सा होते हैं।

विपक्ष द्वारा इस निर्णय को लेकर जो भ्रम और शंकाएं पैदा करने की कोशिश की जा रही हैं, वे भी वस्तुतः राजनीतिक उहापोह से अधिक कुछ नहीं लगतीं। जब स्वयं नेता यह कह रहा है कि वह स्वेच्छा से राज्यसभा जाना चाहता है और नई सरकार को सहयोग करेगा, तब यह कहना कि उसे जबरन भेजा जा रहा है या किसी राजनीतिक दबाव में यह फैसला लिया गया है, वास्तविकता के बजाय राजनीतिक बयानबाजी अधिक प्रतीत होती है। लोकतंत्र में आरोप लगाना आसान होता है, लेकिन किसी निर्णय के पीछे के तथ्य और परिस्थितियों को समझना कहीं अधिक आवश्यक होता है।

नीतीश कुमार का राजनीतिक जीवन यह बताता है कि उन्होंने हमेशा परिस्थितियों के अनुसार निर्णय लिए हैं और बिहार की राजनीति को कई बार नई दिशा दी है। एक प्रशासक के रूप में उन्होंने राज्य में बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून व्यवस्था जैसे क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण पहल कीं। यही कारण है कि बिहार की राजनीति में उनका स्थान विशेष माना जाता है। ऐसे में यदि वह अपने राजनीतिक जीवन के अगले चरण में संसद के उच्च सदन में जाकर राष्ट्रीय स्तर पर योगदान देना चाहते हैं तो इसे एक स्वाभाविक और सकारात्मक कदम के रूप में देखा जाना चाहिए।

राजनीतिक दृष्टि से भी यह निर्णय कई मायनों में महत्वपूर्ण हो सकता है। राज्यसभा में अनुभवी नेताओं की उपस्थिति से न केवल विधायी प्रक्रिया को मजबूती मिलती है बल्कि राज्यों की आवाज भी प्रभावी ढंग से राष्ट्रीय मंच तक पहुंचती है। बिहार जैसे बड़े और महत्वपूर्ण राज्य के लिए यह लाभकारी हो सकता है कि उसका एक अनुभवी नेता संसद में सक्रिय भूमिका निभाए।

इस पूरे घटनाक्रम में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में व्यक्तिगत निर्णयों और संवैधानिक प्रक्रियाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। राज्यसभा चुनाव एक संवैधानिक प्रक्रिया है और यदि कोई नेता उस प्रक्रिया के तहत चुनाव लड़ने का निर्णय लेता है तो उसका विरोध नारेबाजी, तोड़फोड़ या असंवैधानिक तरीकों से करना उचित नहीं कहा जा सकता। लोकतंत्र की ताकत संवाद और तर्क में होती है, न कि हंगामे और आरोपों में।

अंततः यह कहा जा सकता है कि नीतीश कुमार का राज्यसभा के लिए नामांकन उनके राजनीतिक जीवन के एक नए अध्याय की शुरुआत है। यह निर्णय उन्होंने स्वयं अपनी इच्छा से लिया है और उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि बिहार की नई सरकार को उनका पूरा सहयोग रहेगा। ऐसे में विपक्ष द्वारा फैलाया जा रहा भ्रम और शंकाएं निराधार प्रतीत होती हैं। लोकतांत्रिक परंपरा और राजनीतिक शालीनता की मांग यही है कि इस निर्णय का सम्मान किया जाए और इसे एक अनुभवी नेता के स्वाभाविक राजनीतिक कदम के रूप में स्वीकार किया जाए।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रृंगार घर में लगी आग,शादी के लिए रखे कपड़े जले



**रूद्रपुर, देवरिया।** होली के दिन बुधवार को अचानक इमामबाड़ा तिराहा स्थित जगदंबा श्रृंगार घर के दुकान में आग लग गई। आसपास के लोगों ने जब दुकान में से धूंआ निकलता देखा तो शोर मचाया और पुलिस को सूचना। दी धीरे-धीरे लोगों की भीड़ बढ़ती गई। सूचना पाकर मौके पर पुलिस तो पहुंच गई किंतु फायर ब्रिगेड की गाड़ी आने में लगभग 40 मिनट का समय लग गया। जिस पर आसपास के व्यापारी आक्रोशित हो गए। घटनास्थल पर पहुंचे एसडीएम हरिशंकर लाल सीओ हरिराम यादव तथा कोतवाल कल्याण सिंह सागर को उन्होंने रुद्रपुर में दमकल की गाड़ी रखवाने का बात कही। जब तक दमकल की गाड़ी दुकान पर पहुंची तब तक बहुत देर हो चुकी थी और दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया था। जानकारी के अनुसार दुकान मालकिन और उर्मिला गुप्ता ने अप्रैल माह में अपनी पुत्री की शादी तय कर रखी है। जिसके लिए कपड़े खरीद लिए गए थे। आग की घटना में वे सभी जलकर राख हो गए। घटनास्थल पर पहुंचे नेताओं ने प्रशासन से अहैतुक सहायता दिलाने की मांग की। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

### दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट, दो घायल

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत असुरैना टोला कुकेशर में मंगलवार की देर शाम बच्चों के बीच कहासुनी के बाद दो पक्षों के परिजनों में मार-पीट हो गई जिसमें पति पत्नी गंभीर रुप से घायल हो गए। आस-पास के लोगों की मदद से एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार चल रहा है। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के असुरैना टोला कुकेशर निवासी रामचन्द्र व राम नेवास के घर से बच्चों को लेकर कहासुनी हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष आपस में मारपीट कर लिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने लाई जहां दोनों पक्ष आपस में सुलह समझौता करके घर वापस लौट गए। लेकिन घर पहुंचते ही दोनों पक्ष फिर से मारपीट कर लिए जिसमें प्रथम पक्ष के रामचन्द्र (55) व उर्मिला (50) गम्भीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को सेखुआनी चौराहे पर स्थित एक निजी क्लिनिक पर उपचार करवाया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अभय नारायण सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच-पड़ताल कर कार्रवाई की जायेगी।

### संदिग्ध परिस्थित में अधेड़ की मौत हत्या की आशंका




**सहजनवां, गोरखपुर-** सहजनवां थाना क्षेत्र के नगर पंचायत सहजनवां वार्ड 9 पिपरा में एक मकान के बरामदे में संदिग्ध परिस्थित में पुलिस ने एक 50 वर्षीय अधेड़ का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे है। वहीं पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतराज कर रही है। मिली जानकारी से वार्ड 9 पिपरा निवासी दिग्विजय सिंह पुत्र स्व नरेंद्र सिंह 50 वर्ष जो अपने निजी मकान से कुछ दूर किराए के मकान लेकर परिजन के साथ रहते थे। होली पर्व पर परिजन घर से बाहर गए हुए थे। शाम को सात बजे के करीब उनका शव किराए के मकान के बरामदे में देखकर ग्रामीणों ने शोर मचाया। परिजन भी पहुंचे तो शव देखकर कोहराम मच गया। परिजन का आरोप है कि अधेड़ की गला दबा कर हत्या की गई है। सूत्रों की माने तो मृतक शराब पीने का आदी था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के एक पुत्र और एक पुत्री है। तथा तीन भाईयो में सबसे छोटा था। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। इस संदर्भ में थानेदार महेश कुमार चौबे ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कारवाई की जायेगी।

# पडरौना में भगवान श्री नरसिंह जी की भव्य शोभायात्रा निकली, जयकारों से गूंजा नगर

### ●स्लग- होली पर आरएसएस ने निकाली भव्य नरसिंह शोभायात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुशीनगर।** होली के पावन और हर्षोल्लासपूर्ण अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, पडरौना की ओर से भगवान श्री नरसिंह जी की भव्य और आकर्षक शोभायात्रा नगर में श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। इस दौरान नगर के सम्मानित नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा का शुभारंभ जूनियर हाई स्कूल प्रांगण से विधि-विधान के साथ भगवान श्री नरसिंह जी की पूजा-अर्चना कर किया गया। इसके बाद यात्रा कसेरा टोली, शिवाला चौक, लोहिया हाता, जटहा मोड़, छूछिया गेट, तिलक चौक, सेंट्रल बैंक रोड, नौका टोला रोड होते हुए सुभाष चौक पहुंची और पुनः जूनियर हाई स्कूल प्रांगण में पहुंचकर सम्पन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान श्री नरसिंह जी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सनातन संस्कृति के प्रति अपनी आस्था और श्रद्धा व्यक्त की।

आयोजन के माध्यम से समाज में एकता, भाईचारा और सनातन संस्कृति के प्रति समर्पण का संदेश दिया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला और नगर में धार्मिक उल्लास का माहौल बना रहा। शोभायात्रा के सफल आयोजन में संघ के कार्यकर्ताओं, नगर के सम्मानित नागरिकों और युवाओं का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर अभय (जिला प्रचारक), पंकज (जिला कार्यवाह), नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल, प्रेम चंद (नगर संघचालक), दीनानाथ (नगर कार्यवाह), रामाश्रय गौतम (सह नगर कार्यवाह), प्रदीप चाहाड़िया, अमरदीप बरनवाल, अजय सिंह, डॉ. धनंजय, सुनील गुप्ता, संतोष कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

### निजी अस्पताल में युवक की मौत, परिजनों का हंगामा

**रूद्रपुर, देवरिया।** होली के दिन बुधवार को कस्बा स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। जिसे लेकर परिजनों ने खूब हंगामा किया और जमकर बवाल काटा। गुस्साई भीड़ ने अस्पताल को भी छति पहुंचाई तथा बाहर खड़ी गाड़ी को भी तहस-नहस कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे प्रशासनिक टीम ने समझा बूझाकर मामला शांत कराया और शव को पीएम के लिए देवरिया भेज दिया। पुलिस ने अस्पताल को सील कर दिया व दो लोगों को कोतवाली में बैठा दिया। जिन्हें देर रात छोड़ भी दिया गया। इधर अस्पताल संचालक की माने तो कुछ लोग 18 वर्षीय विकास पुत्र सत्यनारायण निवासी कृतपूरा को इलाज के लिए अस्पताल ले गये। ईसीजी रिपोर्ट में नसों में ब्लाकेज की बात सामने आई। संचालक ने इलाज करने से मना कर दिया किंतु परिजनों की जिद पर उन्होंने इलाज किया। इलाज के दौरान ही युवक की मौत हो गई।

### पीड़िता के तहरीर पर दहेज उत्पीड़न व मारपीट का मुकदमा, पति समेत ससुराल पक्ष के विरुद्ध हुआ दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोलाबाजार गोरखपुर –** गोला उपनगर के कस्बा लोहा मंडी निवासी एक विवाहिता ने अपने पति व ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त विवरण के अनुसार गोला कस्बा लोहा मंडी निवासी नीूत साहनी पत्नी राजाराम साहनी ने थाना गोला में दी गई तहरीर में बताया कि उसका विवाह करीब नौ वर्ष पूर्व राजाराम साहनी पुत्र हीरालाल साहनी के साथ हुआ था। दंपति के दो बच्चे हैं। आरोप है कि विवाह के बाद से ही पति, ननद मोनी, दुर्गा व टोनी तथा सास बिंदु देवी दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते रहे। पीड़िता का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग उसे दहेज के लिए ताना मारते, गाली-गलौज करते और मारपीट करते हैं। यहां तक कि घर में रहने और खाने-पीने तक में बाधा पहुंचाई जाती है। 28 फरवरी 2026 को पति द्वारा लात-घूंसों से मारपीट किए जाने का भी आरोप लगाया गया है, जिससे उसे अंदरूनी चोटें आईं। साथ ही जान से मारने की धमकी देने की बात भी कही गई है। घटना की जानकारी जब उसने अपनी मां को दी तो वे समझाने के लिए ससुराल पहुंचीं, जहां उनके साथ भी अभद्र व्यवहार और मारपीट की गई। इसके बाद पीड़िता ने गोला थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी राकेश रोशन सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 85, 115(2), 352, 351(3), 125 तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 3 व 4 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## गोरखपुर में रफ्तार का कहरः फॉर्च्यूनर से कुचलकर MBBS छात्र की मौत, आरोपी गोल्डन निषाद गिरफ्तार, आरोपी का रहा आपराधिक इतिहास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** शहर के शाहपुर थाना क्षेत्र में चार फाटक ओवरब्रिज पर मंगलवार रात रफ्तार का ऐसा कहर टूटा कि एक होनहार MBBS छात्र की जिंदगी खत्म हो गई। तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार ने स्कूटी सवार एमबीबीएस तृतीय वर्ष के छात्र आकाश पांडेय को रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। बताया जा रहा है कि फॉर्च्यूनर कार चला रहा गोल्डन निषाद नशे की हालत में था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वाहन तेज रफ्तार में रांग साइड से आया और कई लोगों को टक्कर मारते हुए स्कूटी सवार छात्र को कुचल दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि छात्र ओवरब्रिज की रेलिंग में फंसकर लटक गया। घटना की सूचना मिलते ही मोहद्दीपुर और कौवाबाग चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी चालक गोल्डन निषाद को हिरासत में लेकर वाहन को कब्जे में ले लिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गोल्डन निषाद का पहले से आपराधिक इतिहास रहा है। वह कथित तौर पर नशे और जमीन कब्जाने जैसे मामलों में भी विवादों में रहा है। जमीन के कारोबार को लेकर कई बार उसका नाम विवादों में सामने आ चुका है। इस दर्दनाक हादसे के बाद लोगों में गुस्सा है और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी पड़ताल की जा रही है।

**एक होनहार डॉक्टर बनने का सपना टूटा**

मृतक आकाश पांडेय MBBS के तृतीय वर्ष का छात्र था और डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करने का सपना देख रहा था। लेकिन एक लापरवाह चालक की रफ्तार ने उसके सपनों को हमेशा के लिए खत्म कर दिया।

## उसरैना ग्राम पंचायत विद्यालय के वा तालाब के जमीनों पर अवैध कब्जा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोण्डा।** थाना क्षेत्र कौड़िया के अंतर्गत विकासखंड रुपईडीह की ग्राम पंचायत उसरैना गांव में सरकारी तालाब जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। गांव निवासी प्रदीप तिवारी ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि गांव के कुछ लोगों ने सरकारी तालाब की भूमि तथा विद्यालय की जमीन पर कब्जा कर रखा है।प्रदीप तिवारी का कहना है कि ग्राम पंचायत उसरैना में स्थित सरकारी तालाब और स्कूल की भूमि सार्वजनिक उपयोग के लिए आरक्षित है, लेकिन कुछ दबंग व्यक्तियों द्वारा उस जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। इससे गांव के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग भी हो रहा है। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर सरकारी तालाब और विद्यालय की जमीन से अवैध कब्जा हटवाया जाए तथा कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। इस संबंध में प्रदीप तिवारी ने कहा कि यदि समय रहते प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं की गई तो सरकारी भूमि पूरी तरह अतिक्रमण की चपेट में आ सकती है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द हस्तक्षेप कर गांव की सार्वजनिक संपत्ति को मुक्त कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी तालाब और स्कूल की जमीन गांव की महत्वपूर्ण संपत्ति है और उस पर अवैध कब्जा होने से गांव के विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। इस संबंध में सदर उप जिला अधिकारी अशोक गुप्ता ने बताया जांच करा कारवाई किया जाएगा।

## अवैध देशी शराब के साथ दो लोगों को गोला पुलिस किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोलाबाजार गोरखपुर–** गोला पुलिस ने अवैध देशी शराब की बिक्री की सूचना पर कार्यवाही करते हुए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके पास से कुल 31 पाउच देशी शराब बरामद किया है। प्राप्त विवरण के अनुसार पुलिस टीम क्षेत्र में शांति व्यवस्था ड्यूटी के दौरान गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि गोपालपुर पुलिया के आगे सड़क किनारे दो व्यक्ति अवैध देशी शराब बेच रहे हैं। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो दो व्यक्ति प्लास्टिक की बोरी में कुछ रखते हुए दिखाई दिए। पुलिस को देखकर वे सामान छिपाने का प्रयास करने लगे। पूछताछ में एक ने अपना नाम बलवीर चौधरी(35) पुत्र बंगेश चौधरी निवासी ग्राम खेतरी तथा दूसरे ने अपना नाम बुद्धिराम(28) पुत्र छेदीलाल, निवासी गोपालपुर वार्ड नंबर 16 बताया। तलाशी के दौरान एक के पास से 15 पाउच तथा दूसरे के पास से 16 पाउच देशी शराब बरामद हुई। सभी पाउच सीलबंद पाए गए। बरामद माल को नियमानुसार सील कर कब्जे में लिया गया। थाना प्रभारी राकेश रोशन सिंह ने बताया कि तहरीर व बरामदगी के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

### मार्ग दुर्घटना में गम्भीर रुप से घायल व्यक्ति की मौत

**रामलक्षन देवरिया।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लक्ष्मीपुर पहलवान बाबा चौरा के समीप बाईक के चपेट में आने से एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया । इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। सुचना पाकर घटना स्थल पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने बाईक को अपने कब्जे में ले लिया। ग्राम सभा लुअठहीं निवासी अरविंद गुप्ता पुत्र पूर्व प्रधान बैरागी गुप्ता 41 बर्ष किसी काम से मंगलवार को शाम साढे छः बजे के लगभग लक्ष्मीपुर लुअठहीं चौराहा के समीप पहलवान बाबा चौरा के पास गये थे। वहीं रूद्रपुर - गौरीबाजार मार्ग पर बाईक के चपेट में आने से गम्भीर रूप से घायल हो गए। परिजन घटना की जानकारी पाकर घटना स्थल पर पहुचे और घायल अरविंद को महर्षि देवरहवा बाबा मेडिकल कालेज देवरिया लेकर गये। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी।मृतक अपने तीन भाईयों में दुसरे नम्बर के थे। मृतक के दो लडके अभय 21बर्ष, आदित्य19बर्ष, और एक लडकी अर्पीता 13बर्ष है। पत्नी शकुंतला दहाड़े मारकर रोते - रोते बेहोश हो जा रही थी। महिलायें किसी तरह संभाल पा रहीं थीं। मां राजकुमारी रोते -रोते बेसुध हो गयी थी।

## होली मिलन समारोह में सराबोर हुए नगर वासी

### ●-एम एल सी रतनपाल रहे मौजूद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रूद्रपुर, देवरिया।** होली की पूर्व संध्या पर नगर पंचायत रुद्रपुर में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि एमएलसी डॉक्टर रतनपाल सिंह ने ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पत्रकारों को परिचय पत्र का वितरण किया। वही चेयरमैन प्रतिनिधि छट्ठेलाल निगम ने नगर के सभी पत्रकारों को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। रामजी सहाय पी जी कॉलेज के मैदान पर आयोजित समारोह में नगर वासियों ने फाग गीतों की धुनों पर जमकर होली खेली। गायक सोमित शर्मा,माही शर्मा व अमित मिश्रा के गीतों ने लोगों को झूमने पर मजबूर किया।वहीं दूसरी तरफ होली के दिन बुधवार को देहात से लेकर नगर क्षेत्र में धूमधाम से होली का त्यौहार मनाया गया। सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने में सभी थानों की फोर्स मुस्तैद रही। पुलिस के जवानों ने सुरक्षा के मद्देनजर होली नहीं खेली। उन्होंने गुरुवार को जमकर होली का त्यौहार मनाया। युवाओं ने कपड़ा फाड़ होली खली तो गांव में जगह-जगह फगुआ गीत भी गए गए। रुद्रपुर के अलावा मदनपुर एकौना व रामलक्षण क्षेत्र में होली का त्यौहार बिना किसी लड़ाई झगड़े के संपन्न हुआ। क्षेत्रीय विधायक जयप्रकाश निषाद के आवास पर होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा नेता कार्यकर्ता तथा आम नागरिक शामिल हुए।

## खजनी में मानसिक रूप से असंतुलित युवक ने पत्नी की फावड़े से निर्मम हत्या; दो बच्चों का सहारा छिन गया, पुलिस ने तुरंत गिरफ्तार किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी** – गोरखपुर जिले के खजनी थाना क्षेत्र के गांव धाधुपार में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब 1:15 बजे एक बेहद दर्दनाक और दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके को सदमे में डाल दिया। 45 वर्षीय अशोक निषाद पुत्र तुफानी निषाद ने कथित तौर पर मानसिक असंतुलन की हालत में अपनी पत्नी पर फावड़े से क्रूर हमला कर दिया। सिर, कमर और पैरों पर गहरे प्रहारों से पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद अभियुक्त के भाई ने रात करीब 2 बजे 112 इमरजेंसी नंबर पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस की टीम थाना प्रभारी जयंत कुमार सिंह और उपनिरीक्षक रामदयाल यादव के नेतृत्व में तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। हैरानी की बात यह रही कि पुलिस पहुंचते ही अभियुक्त घर में ही कुंडली मारकर बैठा हुआ था। वह बिना किसी प्रतिरोध के गिरफ्तार हो गया। मृतका दो नाबालिग बच्चों की मां थी। बड़े बेटे सूरज की उम्र 15 वर्ष और छोटी बेटी दृष्टि की उम्र मात्र 12 वर्ष है। ग्रामीणों का कहना है कि अशोक निषाद लंबे समय से मानसिक रूप से अर्धविक्षिप्त (असंतुलित) था। परिवार पहले भी इस समस्या से जूझ रहा था, लेकिन पर्याप्त चिकित्सकीय सहायता न मिलने के कारण यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हो गई। गांववासियों ने बताया कि अशोक अक्सर अजीब व्यवहार करता था, लेकिन कभी किसी के प्रति हिंसा नहीं दिखाई थी। इस घटना ने पूरे परिवार को बिखेर दिया है।

पुलिस ने मृतका के पिता की लिखित तहरीर पर खजनी थाने में मुकदमा संख्या 64/26 दर्ज किया। नए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) (हत्या) के तहत मामला दर्ज कर अभियुक्त को घटनास्थल से बरामद फावड़े सहित गिरफ्तार किया गया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए 4 मार्च 2026 की सुबह मोर्चरी भेज दिया गया। अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने इस त्वरित कार्रवाई की जानकारी देते हुए प्रेस नोट जारी किया। इसमें घटना की पुष्टि के साथ अपनी सूझबूझ और तेजी की तारीफ की गई। हालांकि कुछ स्थानीय लोगों ने इसे हास्यास्पद बताया क्योंकि अभियुक्त घटनास्थल पर ही मौजूद था और उसे 'वांछित' बताना अनावश्यक लग रहा था। फिर भी पुलिस की त्वरित पहुंच ने आगे की किसी अनहोनी को रोका। इस घटना ने एक बार फिर मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं की कमी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि ऐसे मरीजों के लिए सरकारी स्तर पर बेहतर काउंसलिंग और उपचार केंद्र स्थापित किए जाएं ताकि भविष्य में ऐसी त्रासद घटनाएं रोकी जा सकें। दो अनाथ बच्चों का भविष्य अब परिवार और प्रशासन की जिम्मेदारी बन गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से आर्थिक और सामाजिक सहायता की अपील की है। पुलिस ने आगे की जांच जारी रखते हुए कहा है कि मानसिक स्थिति की पुष्टि के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन किया जाएगा। यह घटना न केवल एक परिवार की खुशियां छीन गई है बल्कि पूरे समाज के लिए चेतावनी भी है कि मानसिक रोगियों की उपेक्षा कितनी खतरनाक हो सकती है।

### सड़क हादसे में नीलगाय और बाइक सवार में टक्कर नीलगाय और दो किशोर की मौत एक की हालत गंभीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवां गोरखपुर** – सहजनवां थाना क्षेत्र के टेकुआपाती मोड़ के पास सड़क हादसे में नीलगाय और एक बाइक पर सवार तीन किशोरों की टक्कर हो गई थी। जिसमें नीलगाय और एक 16 वर्षीय किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरा 17 वर्षीय किशोर का मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। तीसरे 18 वर्षीय युवक का इलाज एम्स में चल रहा है मिली जानकारी से सहजनवां थाना क्षेत्र के महुआपार निवासी सत्यम निषाद पुत्र जुगनी 16 वर्ष,अजय निषाद पुत्र दसई 17 वर्ष और आलोक निषाद पुत्र बादल 18 वर्ष निवासी महुआपार बुधवार अपराह्न एक बजे के करीब होली पर्व के अवसर में एक बाइक पर सवार हो कर तीनों लड़के कोडरी कला निवासी अपने बुआ के घर पर गए थे। तीनों लड़के होली मिलन के बाद एक बाइक पर सवार होकर घर के लिए निकले थे। जैसे ही हरपुर भीटी रावत मार्ग के टेकुआपाती मोड पर पहुंचे विपरीत दिशा आ रही नीलगाय छलांग लगाकर भागने लगी। तीनों लड़के नीलगाय से बाइक सहित भीड़ गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि नीलगाय की भी मौके पर मौत हो गई। घटना स्थल पर सत्यम निषाद 16 वर्ष की मौके पर ही मौत तो गई। मृतक दो भाई में छोटा था। घायल अजय निषाद 17 वर्ष तथा आलोक निषाद 18 वर्ष को मेडिकल कालेज लाया गया। जहां अजय निषाद का भी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मृतक तीन भाई में छोटा था। तीसरे युवक आलोक निषाद 18 वर्ष का इलाज एम्स में चल रहा है। जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है। परिजनों ने दोनों लड़के का दाहसंस्कार कर दिया है।

### गढ़ौली गांव में तेंदुए का आतंक ग्रामीणों में दहशत का माहौल

**जाखलौन।** जनपद के थाना जाखलौन अंतर्गत ग्राम गढ़ौली में तेंदुए ने एक गाय को अपना निशाना बनाया है। जिससे वहां के लोगों के बीच गांव में काफी दहशत का माहौल बना हुआ है।

गढ़ौली के रहने वाले भरत यादव द्वारा जानकारी दी गई कि उनके बड़े भाई ओमकार सिंह यादव कि गाय पर तेंदुआ द्वारा प्राण घातक हमला किया गया। जिससे गाय को काफी ज्यादा जख्म आए हैं। इस बीच गांव में रहने वाले कपूर सिंह ने कैसे ही करके तेंदुआ को वहां से भगाया तो तेंदुआ गाय छोड़कर भाग गया। जिससे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि उनके गांव में सुरक्षा मुहैया कराई जाए जिससे किसी ग्रामीण के साथ कोई अनहोनी ना हो सके।

## आयुक्त ने वृद्धाश्रम, वन स्टॉप सेंटर व बाल देखरेख संस्थान में मनाई होली, बांटी खुशियां

### ●आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने वृद्धाश्रम, वन स्टॉप सेंटर व बाल देखरेख संस्थान में मनाई होली


### वृद्धजनों को गुझिया, बच्चों को अल्पाहार वितरित कर आयुक्त ने बांटी होली की खुशियां

### महिलाओं, बच्चों और वृद्धजनों के साथ रंग-गुलाल खेलकर आयुक्त ने दिया सामाजिक समरसता का संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







**गोण्डा।** होली के पावन पर्व पर देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने अपनी धर्मपत्नी गरिमा भूषण एवं सुपुत्र के साथ वन स्टॉप सेंटर, वृद्धाश्रम तथा बाल देखरेख संस्थान पहुंचकर वहां रह रहे वृद्धजनों, महिलाओं और बच्चों के साथ होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर आयुक्त ने सभी के साथ रंग-गुलाल खेलकर उन्हें होली की शुभकामनाएं दीं और आत्मीयता के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं।आयुक्त सबसे पहले वृद्धाश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने वहां रह रहे वृद्धजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने अपने हाथों से वृद्धजनों को गुझिया खिलाई और रंग लगाकर होली की बधाई दी। आयुक्त के इस स्नेहपूर्ण व्यवहार से वृद्धजन भावुक हो उठे और उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया।इसके बाद आयुक्त बाल देखरेख संस्थान पहुंचे, जहां उन्होंने बच्चों के साथ भी होली का त्योहार मनाया। बच्चों ने आयुक्त और उनके परिवार का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस अवसर पर आयुक्त ने बच्चों को अल्पाहार वितरित किया तथा रंग-गुलाल लगाकर उनके साथ होली की खुशियां बांटी। बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ त्योहार का आनंद लिया और परिसर में उल्लास का माहौल बना रहा।आयुक्त ने वन स्टॉप सेंटर पहुंचकर वहां रह रही महिलाओं से भी मुलाकात की और उनके साथ होली की खुशियां साझा कीं। उन्होंने महिलाओं को होली की शुभकामनाएं देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। आयुक्त ने कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह पर्व हमें सभी भेदभाव भूलकर एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा करने का संदेश देता है। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मिलकर प्रेम, सौहार्द और उल्लास के साथ होली का पर्व मनाया।

## संक्षिप्त खबरें

### आगरा में होली पर यमुना में नहाते समय डूबा किशोर, 24 घंटे बाद मिला शव; त्योहार पर छाया घर में मातम



**आगरा।** बल्केश्वर घाट पर बुधवार को मित्रों के साथ नहाने गया 17 वर्षीय किशोर डूब गया। मित्रों ने बाहर निकालने का प्रयास किया, नाकाम होने पर स्वजन को सूचना दी। गोताखोरों की मदद से 24 घंटे बाद गुरुवार को किशोर के शव को बरामद कर लिया। घटना बुधवार दोपहर 12 बजे की है। लोहिया नगर निवासी वंशी पुत्र मुकेश कश्यप होली पर बुधवार दोपहर अपने मित्रों के साथ चिरंजीलाल बगीची के सामने यमुना में नहाने गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया। मित्रों मनीष, सौरभ और रवि ने उसे बाहर निकालने का प्रयास किया पर सफल नहीं हो पाए। उन्होंने बस्ती में आकर शोर मचा हादसे की जानकारी तो लोग यमुना की तरफ दौड़ पड़े। कमला नगर थाने की पुलिस भी पहुंच गयी। काफी तलाश करने पर भी वंशी का पता नहीं चला। कमला नगर पुलिस भी मौके पर वंशी के रिश्तेदार शिवम कश्यप ने बताया कि बुधवार से गोताखोरों की मदद से नदी में तलाश कर रहे थे। गुरुवार दोपहर एक बजे चीनी का रोजा के पास वंशी का शव उतराता हुआ मिला। वंशी के पिता चाट की ठेल लगाते हैं।वह तीन भाइयों में मंझला था।

### एसएन मेडिकल कॉलेज में छठी मंजिल पर आइसीयू तक पहुंचा कुत्ता, दहशत में आए तीमारदार



**आगरा।** सुप्रीम कोर्ट के सख्त आदेश के बाद भी अस्पतालों में आवारा कुत्तों का आतंक कम नहीं हो हुआ है। एसएन मेडिकल कालेज की नई सर्जरी बिल्डिंग में बुधवार रात को छठी मंजिल पर सघन चिकित्सा कक्ष आइसीयू तक कुत्ता पहुंचा गया। कुत्ते को (आइसीयू) के अंदर जाते देख फर्श पर लेटे तीमारदार दहशत में आ गए। इंटरनेट मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद एसएन प्रशासन द्वारा जांच कराई जा रही है। एसएन मेडिकल कालेज की नई सर्जरी बिल्डिंग में छठी मंजिल पर 28 बेड का आइसीयू है। यहां वेंटीलेटर सपोर्ट और आक्सीजन पर गंभीर मरीज भर्ती रहते हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे चार सेकंड और 15 सेकंड के दो वीडियो बुधवार रात 1.30 बजे के बताए जा रहे हैं। इस वीडियो में काले रंग का कुत्ता छठी मंजिल पर आइसीयू के बाहर की तरफ घूमते हुए दिखाई दे रहा है, फर्श पर ही तीमारदार लेटे हुए हैं। कुत्ता आइसीयू के बाहर बने वार्ड की तरफ जाता है, वहां से लौट कर आइसीयू के अंदर की तरफ जाने लगता है इसे देख तीमारदार दहशत में आ जाते हैं। तीमारदारों को देख कुत्ता भाग जाता है। नई सर्जरी बिल्डिंग के प्रवेश द्वार पर गार्ड तैनात रहते हैं इसके बाद भी कुत्ता छठी मंजिल तक पहुंचा गया।

### अलीगढ़ में आंगन विवाद बना खूनी, पथराव और फायरिंग में दारोगा समेत दो घायल

**अलीगढ़।** मडराक थाना क्षेत्र के गांव पड़ियावली में बुधवार शाम आंगन से निकलने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों के बीच जमकर पथराव हुआ और एक पक्ष की ओर से मकान की छत से फायरिंग कर दी गई, जिससे दो लोग घायल हो गए। घटना से गांव में भगदड़ मच गई। सूचना पर नीरज जादौन कई थानों की फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। घायलों को आगरा रोड स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित कई लोगों को हिरासत में ले लिया है। पड़ियावली निवासी सक्षम पुत्र मनीष का बुधवार शाम पड़ोसी कैलाश पुत्र परम से आंगन से निकलने के विवाद को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि कैलाश ने मनीष की बेटी के साथ मारपीट कर दी। विरोध होने पर वह मकान की छत पर चढ़ गया और वहां से फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद दोनों पक्षों में पथराव शुरू हो गया, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। फायरिंग में सक्षम और वहां से गुजर रहे राहगीर जसवंत घायल हो गए। सूचना मिलते ही मडराक पुलिस मौके पर पहुंच गई। पथराव के दौरान थाने के एसएसआई धर्मपाल सिंह भी घायल हो गए। बाद में एसएसपी नीरज जादौन भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और हालात को काबू में किया। पुलिस ने मुख्य आरोपी कैलाश सहित कई लोगों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मिजोरम में खाद्यान्न आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण कदम: पंजाब से सैरांग तक 25,900 क्विंटल चावल रेल से पहुंचा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** मिजोरम में यात्री और मालगाड़ी सेवाओं की शुरुआत के साथ यात्री परिवहन और माल ढुलाई में महत्वपूर्ण परिवर्तन आया है। इस क्षेत्र में विकास होने से पर्यटन बढ़ने के साथ-साथ संपर्क में सुधार हुआ है और आर्थिक विकास में भी योगदान मिला है। एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की पहली खाद्यान्न मालगाड़ी 3 मार्च, 2026 को सैरांग रेलवे स्टेशन पर पहुंची। इस मालगाड़ी में पंजाब से लगभग 25,900 क्विंटल चावल से भरे 42 डिब्बे थे। यह राज्य में रेल आधारित माल ढुलाई संपर्क को मजबूत करने और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति श्रृंखला को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सैरांग में एफसीआई की खाद्यान्न मालगाड़ी के सफलतापूर्वक पहुंचने से बढ़ती परिचालन क्षमता का पता चलता है। इससे मिजोरम के रसद एवं खाद्य वितरण नेटवर्क को सहयोग देने में रेलवे अवसंरचना की बढ़ती भूमिका स?पष?ट होती है।

यह उल्लेख करना आवश्यक है कि 13 सितंबर, 2025 क प्रधानमंत्री द्वारा 51.38 किलोमीटर लंबी बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन का उद्घाटन मिजोरम के लोगों के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी। इस महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजना ने राज्य की राजधानी आइजोल को भारत के रेलवे मानचित्र पर ला खड़ा किया है। इससे राज्य सीधे राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क से जुड़ गया है। परिवहन में सुधार के अलावा, इस नई रेल लाइन से आर्थिक विकास के महत्वपूर्ण अवसर पैदा होने और पूरे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

**मिजोरम में माल ढुलाई का प्रदर्शन**

बैराबी-सैरांग खंड पर माल ढुलाई परिचालन चालू होने के बाद इसमें उल्लेखनीय गति आई है। यह उल्लेखनीय है कि उद्घाटन के तुरंत बाद 21 सीमेंट से भरे डब?बों वाली पहली मालगाड़ी को सफलतापूर्वक सैरांग ले जाने से राज्य में नियमित माल ढुलाई की शुरुआत हुई। अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक, सैरांग टर्मिनल ने 30 से अधिक मालगाड़ियों का संचालन किया गया। यह मिजोरम में रेल आधारित माल ढुलाई के क्रमिक विकास को दर्शाता है। इस अवधि के दौरान, टर्मिनल पर 3.5 रेक सीमेंट उतारी गई। सीमेंट के अलावा, रेल द्वारा संचालित अन्य वस्तुओं में ऑटोमोबाइल (2 रेक), उर्वरक (0.5 रेक), पत्थर के टुकड़े (20.5 रेक) और रेत (4 रेक) शामिल हैं। इन विविध वस्तुओं का संचालन सैरांग के एक उभरते माल ढुलाई केंद्र के रूप में बढ़ते उपयोग को दर्शाता है। यह बुनियादी ढांचे के विकास में सहयोग करता है और राज्य में निर्माण सामग्री और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में सुधार करता है।

सितंबर 2025 में बैराबी-सैरांग मार्ग पर रेल सेवाओं के प्रारंभ होने के बाद से, जनता की प्रतिक्रिया जबरदस्त रही है। सैरांग-आनंद विहार राजधानी एक्सप्रेस में दोनों दिशाओं में 150 प्रतिशत से अधिक सीटें भरी गई हैं। इसी प्रकार, सैरांग-गुवाहाटी एक्सप्रेस और सैरांग-कोलकाता एक्सप्रेस में भी 100 प्रतिशत से अधिक सीटें भरी गई हैं। इससे, सैरांग से रेल सेवाओं की मजबूत मांग और जनता की व्यापक स्वीकृति का स्पष्ट रूप से पता चलता है। 9 फरवरी 2026 को, सैरांग से सिलचर के लिए एक नई रेल सेवा को हरी झंडी दिखाकर शुरू किया गया। इससे क्षेत्रीय परिवहन को और मजबूती मिली और मिजोरम असम की महत्वपूर्ण शैक्षिक, चिकित्सा और वाणिज्यिक केंद्र बराक घाटी से जुड़ गया।

### जागरूकता कार्यक्रम चला किया जागरूक

देवरिया, 5 मार्च। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 और शक्ति दीदी अभियान के तहत देवरिया पुलिस ने जनपद भर में जागरूकता कार्यक्रम चलाया। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में सभी थानों की मिशन शक्ति व एंटी रोमियो टीमों ने सार्वजनिक स्थलों और गांवों में महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। थाना श्रीरामपुर की टीम के उप निरीक्षक विनोद कुमार, महिला आरक्षी सरिता यादव और संध्या यादव ने ग्राम बंगरुआ में महिलाओं व बच्चियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए पम्पलेट वितरित किए। वहीं थाना एकौना की महिला आरक्षी अंजू यादव व ममता तिवारी ने नारायणपुर चौराहे पर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान डायल-112, महिला हेल्पलाइन-181, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, सीएम हेल्पलाइन-1076, स्वास्थ्य सेवा-102, एंबुलेंस-108 तथा साइबर हेल्पलाइन-1930 की जानकारी देकर जरूरत पड़ने पर इन सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

## रंग बरसे' पर झूमे ग्रामीण, परंपरागत अंदाज में मनाई गई होली



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बरेली**/क्योलड़िया क्षेत्र में होली का पर्व परंपरागत ढंग से हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। होली का पर्व शांतिपूर्वक मनाया गया रंगों का त्योहार होली पर पुलिस ने कड़ी मशक्कत करने के बाद सकुशलसपन्न हुआ इसके लिए पुलिस ने सुवह पैनी नजर रखीइससे ही गांव की गलियों में रंग और गुलाल उड़ता नजर आया। युवाओं और बुजुर्गों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं।

दोपहर बाद होली मिलन कार्यक्रमों का दौर शुरू हुआ, जहां डीजे पर बज रहे मशहूर गीत रंग बरसे भीगे चुनर वाली पर ग्रामीण जमकर थिरके। गीत की धुन पर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह लोगों ने एक- दूसरे को रंग लगाकर गले मिलकर भाईचारे का संदेश दिया। इस मौके पर रविंद्र गंगवार, सुमित वर्मा,वेदपाल एडवोकेट, सोमपाल मौर्य, बिक्रम सिंह, सोमपाल गंगवार, प्रेम पाल कश्यप,राधा कृष्ण उर्फ पप्पू, बंटू कोटेदार, कपिल गंगवार, सोनू पटेल, सोमपाल फौजी, प्रवेंद्र गंगवार, नरेश, भूरे, ललित, वीरेंद्र, लवलेश, मोहित कुमार,गौरव।

## डीएम ने घूंघट लिया, एसपी ने बांधा साफा; शाहजहांपुर में पुलिसकर्मियों की होली पर टैंकरों से की गई बौछार

● डीएम-एसपी ने पुलिस लाइंस में खेली होली।

फिल्मी गानों पर पुलिसकर्मियों संग किया डांस।

शांतिपूर्ण जुलूस संपन्न होने पर जताई खुशी।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** होली व लाट साहब का जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से निपटने के बाद गुरुवार को पुलिस लाइंस में होली खेली गई। डीएम-एसपी भी पुलिसकर्मियों के साथ अलग ही अंदाज में नजर आए। फिल्मी गानों पर उन्होंने भी खूब डांस किया। जिले में करीब दो माह से प्रशासन व पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी लाट साहब के जुलूस की तैयारियों में जुटे थे। उनकी यह तैयारियां पूरी तरह से सफल हुई। गुरुवार सुबह जब पुलिस लाइंस में होली खेली गई तो डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह व एसपी राजेश द्विवेदी भी वहां पहुंच गए।

**गुरुवार को मनी पुलिसकर्मियों की**



होली

पुलिसकर्मियों ने फिल्मी गीतों पर डांस किया, तो अधिकारियों ने भी उनका साथ दिया। पुलिसकर्मियों ने जब डीएम व एसपी का डांस करने के लिए हाथ पकड़ा तो वह भी अलग ही अंदाज में दिखे। डीएम ने घूंघट तो एसपी ने साफा बांधकर डांस किया।

एएसपी ग्रामीण दिक्षा भंवरे, एएसपी सिटी देवेंद्र कुमार, सीओ सिटी पंकज पंत समेत सभी अधिकारी होली की मस्ती में नजर आए। बड़े-बड़े टैंकरों में भरे पानी की बौछार की गई। इसी तरह सभी थानों में दोपहर तक रंग-गुलाल खेलकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी गई। एसपी ने कहा कि होली व लाट साहब का जुलूस शांतिपूर्ण संपन्न होने पर अधिकारियों, कर्मचारियों व आयोजकों का आभार जताया।

### होली मिलने के बहाने घर में घुसे चार बदमाश, हथियारों के बल पर दंपती को बंधक बनाकर लूटा

**अलीगढ़।** देहलीगेट थाना क्षेत्र के घुड़ियाबाग इलाके में होली के दिन बुधवार को चार बदमाशों ने एक स्क्रैप कारोबारी के घर में घुसकर तमंचे और चाकू के बल पर दंपती को बंधक बना लिया और जेवरात, नकदी, मोबाइल फोन सहित अन्य सामान लूटकर फरार हो गए। विरोध करने पर बदमाशों ने जान से मारने की धमकी भी दी। आरोपितों के चेहरों पर होली का रंग लगा हुआ था, जिससे पहचान नहीं हो सकी। बदमाश सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए हैं।हाथरस वाला पेंच निवासी विनोद कुमार और उनकी पत्नी सुमन घर पर थे। दोपहर में गेट खटखटाकर बदमाशों ने खुद को होली मिलने आया बताया। जैसे ही विनोद कुमार गेट पर पहुंचे, एक बदमाश ने धक्का देकर अंदर प्रवेश कर लिया और उसके पीछे तीन अन्य बदमाश भी घर में घुस आए। भीतर आते ही आरोपितों ने हथियार दिखाकर धमकाया और कारोबारी से हाथापाई की। इसके बाद दंपती को एक कमरे में बंधक बनाकर पूरे घर की तलाशी ली। बदमाश अलमारी में रखी नकदी, जेवरात, महिला के कंगन, दो मोबाइल फोन और अन्य कीमती सामान समेटकर ले गए। हाथापाई में महिला के चोट भी लगी है. दिनदहाड़े हुई इस लूट से इलाके में हड़कंप मच गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे, फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में चारों बदमाश गली में आते-जाते दिखाई दे रहे हैं।

## आगरा मेट्रो का काम अब पकड़ेगा यमुना पार में तेजी, कालिंदी विहार से रामबाग तक शहर के लोगों को झेलनी पड़ेगी परेशानी

● यूपीएमआरसी आगरा में कालिंदी विहार से रामबाग के बीच मेट्रो कार्य में तेजी लाएगा। यह दूसरे कॉरिडोर का हिस्सा है, जहां बैरिकेडिंग हो चुकी है और जल्द मशीनें पहुंचेंगी। सिंगल पिलर डिजाइन पर स्टेशन बनेंगे, जिसमें फुट ओवर ब्रिज भी शामिल हैं।



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**आगरा।** उप्र मेट्रो रेल कारपोरेशन (यूपीएमआरसी) की टीम नेशनल हाईवे-19 स्थित कालिंदी विहार से रामबाग स्टेशन के मध्य मेट्रो का कार्य तेज गति से कराएगा। अधिकांश हिस्से में बैरिकेडिंग हो चुकी है। जल्द ही मशीनें पहुंचाने का कार्य चालू हो जाएगा। यह मेट्रो के दूसरे कारिडोर का हिस्सा है। प्रत्येक स्टेशन में फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। स्टेशनों का निर्माण सिंगल पिलर डिजाइन पर होगा। यह कार्य एक साल में पूरा होगा। आगरा कैंट रेलवे स्टेशन से कालिंदी विहार तक 16 किमी लंबा एलीवेटेड ट्रैक बन रहा है। यह ट्रैक एमजी रोड से होकर गुजर रहा है। कैंट से भगवान टाकीज चौराहा तक तेजी से कार्य चल रहा है।

यूपीएमआरसी अब कालिंदी विहार से रामबाग के मध्य तेजी से कार्य पर जोर दिया गया है। यह निर्णय हाल ही में हुई बैठक में लिया गया है। यूपीएमआरसी के एक अधिकारी ने बताया कि हाईवे की सर्विस रोड से होकर मेट्रो ट्रैक गुजरेगा। प्रत्येक स्टेशन में यात्रियों के आवागमन को लेकर फुट ओवर ब्रिज बनाया जा रहा है। हाईवे के दोनों तरफ प्रवेश और निकास का द्वार होगा। इससे यात्रियों को सहूलियत होगी। यमुना नदी पर पुल बनाने का कार्य चल रहा है। यह कार्य आठ से नौ माह में पूरा होगा। ऐसे में कालिंदी विहार से रामबाग के मध्य कार्य कराया जाएगा। उधर, एमजी रोड पर चार रिग मशीनों से कार्य चल रहा है।

कालिंदी विहार से रामबाग तक होने वाले काम के दौरान मेट्रो की बेरिकेडिंग से यहां भी ट्रैफिक जाम की समस्या शहरवासियों को झेलनी पड़ेगी। इससे आगरा कानपुर हाईवे पर ट्रैफिक बुरी तरह प्रभावित होगा। वहीं फिरोजाबाद, टूंडला, एत्मादपुर से जो लोग रोजाना आगरा आते हैं, वह भी परेशान रहेंगे। हालांकि मेट्रो के जिस हिस्से में पिलर बन चुके हैं।

वहां से धीरे-धीरे बैरिकेडिंग हटाई जा रही है। कलक्ट्रेट तिराहा, धाकरान तिराहा, सुभाष पार्क सहित अन्य हिस्से में बैरिकेडिंग हट चुकी है। मेट्रो का निर्माण सिंगल पिलर तकनीक से किया जा रहा है। इससे कम जगह में आसानी से कार्य हो जाता है। एक पिलर से दूसरे पिलर की दूरी 28 मीटर होती है।

## इजरायल ईरान युद्ध का आने लगा असर, फिरोजाबाद में गैस कोटा में कटौती; कांच उद्योग के सामने खड़ा हुआ संकट

● इजरायल-ईरान युद्ध के कारण फिरोजाबाद के कांच और चूड़ी उद्योग पर संकट गहरा गया है। कतर से मिलने वाले गैस कोटे में तीन लाख घनमीटर की कटौती हुई है, जिससे उद्योगों को महंगी स्पॉट आरएलएनजी गैस का उपयोग करना पड़ रहा है।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमला करने का असर शहर के मुख्य कांच और चूड़ी उद्योग पर पड़ा है। कारखानों में प्रयोग होने वाली तीन लाख घनमीटर गैस के कोटा में कटौती की गई है। ऐसे हालात में उद्यमियों को स्पाट रिगैसीफाइड लिक्विड नेचुरल (आरएलएनजी) गैस का प्रयोग करना हो,



जो यूनिफार्म प्राइज मैकेनिज्म (यूपीएम) गैस से डेढ़ गुणा तक महंगी हो सकती है।

ताज संरक्षित क्षेत्र होने के बाद वर्ष 1996 से हाईकोर्ट के आदेश पर शहर के कांच और चूड़ी उद्योग के लिए नेचुरल गैस उपलब्ध कराई गई थी। वर्तमान में संचालित 200 इकाइयों में प्रतिदिन 15 लाख घनमीटर गैस की खपत हो रही है।

इसमें 11 लाख घनमीटर एडमिनिस्ट्रेटिव प्राइज मैकेनिज्म (एपीएम) और चार लाख घनमीटर आरएलएनजी को मिक्स कर यूपीएम गैस दी जाती है। इससे अधिक गैस प्रयोग करने पर स्पाट आरएलएनजी गैस दी जाती है, जो एपीएम गैस से तीन गुणा से अधिक महंगी होती है। ईरान पर हमले के चलते कतर से मिलने वाली गैस के कोटा में तीन लाख घनमीटर तक कटौती हो गई है। गेल गैस के अधिकारी इस कटौती होने की सूचना ई-मेल के माध्यम से उद्यमियों को भेज रहे हैं, जिससे उद्यमियों के लिए नया संकट खड़ा हो गया है।

**एक नजर में गैस की रेट:**

» 29 रुपये - प्रति घनमीटर एपीएम गैस

» 35 रुपये-प्रति घनमीटर यूपीएम गैस

» 55 रुपये- प्रति घनमीटर आरएलएनजी गैस

» 95-100 रुपये - प्रति घनमीटर स्पाट आरएलएनजी गैस

## फिरोजाबाद में गृह और जल कर के 200 से अधिक बकाएदार चिह्नित, होगी कुर्की और सीलिंग की कार्रवाई

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** शहर में तमाम ऐसे लोग हैं, जो व्यवसायिक भवन, होटल, मैरिज होम, माल के माध्यम से लाखों रुपये की आय कर रहे हैं, फिर भी नगर निगम को गृह-जलकर प्रतिवर्ष जमा नहीं कर रहे हैं। यही कारण है कि एक-एक भवन स्वामियों पर 50 हजार से लेकर 50 लाख से अधिक कर बकाया चल रहा है। नगर निगम प्रशासन ने ऐसे 200 से अधिक बकाएदारों को चिह्नित कर अंतिम नोटिस थमा दिया है। होली के त्योहार समाप्त होने के ऐसे भवन स्वामियों के विरुद्ध सीलिंग और कुर्की के कार्रवाई के लिए अभियान शुरू होगा।




नगर निगम प्रशासन ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 45.66 करोड़ गृह और जलकर वसूला था। निर्धारित लक्ष्य पाने के लिए दो माह तक बड़े बकाएदारों के विरुद्ध सीलिंग और कुर्की की कार्रवाई की गई थी, जिससे बड़े बकाएदारों में खलबली मची रही थी। शासन स्तर से वर्ष 2025-26 के लिए 55.56 करोड़ कर वसूली का लक्ष्य दिया गया है। इसके सापेक्ष अब तक 31 करोड़ ही कर वसूली हो सकी है। अभी नगर निगम को 24 करोड़ से अधिक राजस्व वसूली करनी है। जबकि वित्तीय वर्ष समाप्त होने में अधिक समय शेष नहीं है। सहायक नगर आयुक्त निहाल चंद्र ने बताया कि 200 से अधिक भवन स्वामियों को अंतिम नोटिस जारी किए जा चुके हैं। इसके बाद भी जो भवन स्वामी निर्धारित तिथि तक बकाया गृह-जलकर जमा नहीं कराएंगे। ऐसे भवन स्वामियों के विरुद्ध कुर्की और सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी। ऐसे भवन स्वमियों से आह्वान किया है कि किसी प्रकार की परेशानी से बचाने को जल्द बकाया जमा कराएं।

## खाटू श्याम दर्शन से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार एक्सप्रेसवे पर डिवाइडर से टकराई, आठ घायल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**शिकोहाबाद।** खाटू श्याम और मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन कर लौट रहे जालौन के श्रद्धालुओं की कार मंगलवार सुबह छह बजे नसीरपुर में लखनऊ एक्सप्रेसवे पर डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना में आठ लोग घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया है। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी लोग अपने गंतव्य के लिए दूसरी गाड़ी से रवाना हो गए।

**चालक को झपकी आने से कार अंसतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई**

जालौन, उरई में रामकुंड निवासी गोविंद, लोकेंद्र, अजय कुमार, मोनू, अमन मंसूर, सनी और हरिकृष्ण सोमवार सुबह खाटू श्याम दर्शन करने गए थे। कार को चालक जयस चला रहा था। वापस लौटते समय एक्सप्रेसवे पर माइल स्टोन 53.600 पर चालक को झपकी आने से कार अंसतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई।

**घायलों को चिकित्सालय में भर्ती कराया**

जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को चिकित्सालय में भर्ती कराया। घायलों में एक मुस्लिम युवक अमन मंसूरी भी बालाजी महाराज में आस्था रखता



है। वह अपने दोस्तों के साथ होली पर राजस्थान स्थित मेंहदीपुर बालाजी के दर्शन करने गया था। इंस्पेक्टर ज्ञानेंद्र सोलंकी ने बताया कि चालक को झपकी आने से दुर्घटना हुई।

## 1200 जनसेवा केंद्रों का संचालन करने वाली श्रेई इन्फ्रास्ट्रक्चर ब्लैकलिस्ट, अलीगढ़ में हुई कार्रवाई

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**अलीगढ़।** शासन के निर्देशों के क्रम में जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए डीएसपी कंपनी मै. श्रेई इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस लिमिटेड को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। कंपनी द्वारा निर्धारित 25 लाख रुपये की परफॉर्मेंस बैंक गारंटी (पीबीजी) उपलब्ध न कराए जाने पर यह निर्णय लिया गया। पिछले दिनों डीएम संजीव रंजन की अध्यक्षता में आयोजित डीईजीएस की बैठक में इसके निर्देश दिए गए थे।

अब डीएम के आदेश पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पंकज कुमार ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि शासन से निर्धारित शर्तों के अनुसार संबंधित डीएसपी को तय समयावधि में 25 लाख रुपये की बैंक गारंटी जमा करनी थी, लेकिन कंपनी द्वारा इसका अनुपालन नहीं किया गया।

जिले की पांच तहसीलों में फिलहाल 2400 के करीब जनसेवा केंद्र संचालित हैं। शासन से इन जनसेवा केंद्रों के संचालन की जिम्मेदारी जिले में दो डीएसपी कंपनियों को मिली हुई है। इसमें 1200 जनसेवा केंद्र मै. श्रेई इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस लिमिटेड के अधीन संचालित होते हैं।




अन्य जनसेवा केंद्र वयम टेक्नोलॉजी के माध्यम से संचालित किए जाते हैं। अब जनसेवा कार्यों में लगी इन कंपनियों की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में सभी कंपनियों से पीबीजी जमा कराया जाता है।

मै. श्रेई इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस लिमिटेड को कुल 25 लाख रुपये की पीबीजी जमा करनी थी, लेकिन इसमें इनके द्वारा लापरवाही की गई। ऐसे में प्रशासन के स्तर से वित्तीय शर्तों की अनदेखी को गंभीरता से लिया गया।

शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत बैंक गारंटी जमा न कराने की स्थिति में ब्लैकलिस्ट करने का प्रविधान है। इसी के तहत कार्रवाई करते हुए कंपनी को जिले में भविष्य की किसी भी निविदा अथवा अनुबंध प्रक्रिया से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

प्रशासन का कहना है कि सार्वजनिक सेवाओं से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता व जवाबदेही सर्वोपरि है। नियमों की अनदेखी किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी।

अब भविष्य में श्रेई इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस लिमिटेड के अधीन संचालक सभी जनसेवा केंद्रों का संचालन अन्य कार्यदायी संस्था मै. वयम टेक्नोलॉजी लिमिटेड के माध्यम से किया जाएगा। एडीएम प्रशासन पंकज कुमार ने बताया कि निर्धारित शर्तों व मानकों के अनुसार कार्रवाई की गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### होली मिलन समारोह में डीएम-एसपी संग अधिकारियों व कर्मियों ने खेली रंग-बिरंगी होली




**भदोही।** होली पर्व के शांतिपूर्ण समापन के बाद गुरुवार को पुलिस लाइन ज्ञानपुर प्रांगण में रंगारंग होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में



जिलाधिकारी शैलेश कुमार, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक तथा अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के नेतृत्व में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी व पुलिस के जवानों ने उत्साह के साथ होली मनाई। इस दौरान अधिकारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और मिष्ठान व गुजिया बांटकर खुशियां साझा कीं। समारोह में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अधीनस्थ कर्मियों के प्रति स्नेह और पारिवारिक भावना भी देखने को मिली। अधिकारियों ने जनपद में होली सहित अन्य त्योहारों के शांतिपूर्ण संपन्न होने पर जनपदवासियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही आपसी भाईचारे, सद्भाव और सामंजस्य बनाए रखने की अपील की।

### खेत भरने जा रहे वृद्ध को मारपीट कर किया गया घायल

**गोपीगंज।** कोतवाली के आनापुर गाव में खेत भरने जा रहे वृद्ध को मारपीट कर कर दिया गम्भीर घायल। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गांव निवासी धर्मराज 52 वर्ष बृहस्पतिवार को दोपहर खेत भरने के लिए घर से निकले थे रास्ते मे एक पान गुटखा की दुकान पर पान खाने रुके तभी पूर्व से खड़े थानीपुर निवासी एक व्यक्ति के द्वारा लड़ाई झगड़ा शुरू कर दिया गया और मारपीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। पीड़ित की पत्नी निर्मला देवी ने गंभीर घायल पति को कोतवाली ले आई जहां उन्होंने प्रार्थना पत्र देकर घायल का मेडिकल मुवायना के साथ मारने पीटने वाले युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तहरीर दी है।

### गोपीगंज में पान मैटेरियल की थोक दुकान में चोरी, पुलिस के हाथ अब तक खाली

**गोपीगंज।** नगर के ज्ञानपुर रोड स्थित प्रेम पान मैटेरियल की थोक दुकान में रविवार रात हुई चोरी की घटना में पुलिस अब तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। चोर छत की पटिया उखाड़कर दुकान में घुसे और कैश बॉक्स में रखे करीब 50 हजार रुपये नकद के साथ ही कीमती सिगरेट के कई कार्टन उठा ले गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। दुकान मालिक प्रेमचंद की तहरीर पर पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है और जल्द खुलासा करने का दावा किया है। हालांकि नगर के व्यापारियों में घटना को लेकर भारी नाराजगी है। व्यापारियों का कहना है कि ज्ञानपुर रोड पर पहले भी मेडिकल स्टोर, पान मैटेरियल और खाद-बीज की दुकानों में कई बार चोरी हो चुकी है, लेकिन अब तक किसी भी मामले का पुलिस खुलासा नहीं कर सकी है। लगातार हो रही चोरियों से व्यापारियों में असुरक्षा का माहौल है। व्यापारियों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और जल्द चोरी का खुलासा करने की मांग की है।

### खड़ी बाइक में ट्रक ने मारी टक्कर, मुकदमा दर्ज

**गोपीगंज।** गोपीगंज थाना क्षेत्र में लापरवाही से ट्रक चलाने के कारण खड़ी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी गई, जिससे बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार सारीपुर निवासी विनोद कुमार पुत्र बिहारी लाल 02 मार्च 2026 को दिन में चंदा पेट्रोल पंप के पास स्थित बाउंड्रीवाल के समीप अपनी मोटरसाइकिल क्र66 4289 खड़ी कर काम कर रहे थे। इसी दौरान ट्रक संख्या क्र 63ज्ञ 8700 के चालक ने कथित रूप से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए खड़ी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक पूरी तरह टूटकर क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद पीड़ित ने डायल 112 पर सूचना देकर पुलिस को मौके पर बुलाया। पीड़ित की तहरीर पर गोपीगंज पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# होली खेलने निकले युवक की हत्या, दो गिरफ्तार




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** कोतवाली क्षेत्र के सियरहां गांव में बुधवार की रात युवक की डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई। बृहस्पतिवार सुबह खेत में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बरमोहनी गांव निवासी विशाल सरोज (25) पुत्र सुरेंद्र सरोज मुंबई में रहकर काम करता था। वह एक सप्ताह पूर्व होली की छुट्टी लेकर घर आया था। बुधवार दोपहर वह होली खेलने के लिए घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चल सका।

बृहस्पतिवार सुबह सियरहां गांव स्थित जल निगम की पानी टंकी के पास खेत में उसका शव मिलने से हड़कंप मच गया। युवक के सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए। वहीं खेत में करीब 100 मीटर तक शव घसीटे जाने के निशान भी मिले और कई स्थानों पर खून फैला हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही दो थानों की पुलिस, फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना से गांव में कोहराम मच गया। मृतक के परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। विशाल तीन भाइयों में सबसे छोटा था। मृतक के पिता सुरेंद्र सरोज ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

सीओ भदोही अशोक कुमार मिश्र ने बताया कि मृतक और उसका चचेरा भाई शराब के नशे में थे और एक ठेलिया लगाने वाले व्यक्ति से उनका विवाद हो गया था। दोनों पक्षों में मारपीट हुई। इस दौरान मृतक के सिर पर गंभीर चोट लगने से अधिक रक्तस्राव हुआ, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक का चचेरा भाई मौके से भागकर घर चला गया था। पुलिस ने इस मामले में सोनू और भोनू नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

## नौकर से मारपीट के मामलें में पूर्व एमएलसी के बेटे-बहू पर मुकदमा दर्ज




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** सुरियावां कोतवाली क्षेत्र के कुसौड़ा गांव में घर की देखभाल करने वाले कर्मचारी के साथ कथित मारपीट और गाली-गलौज के मामले में पुलिस ने महाराष्ट्र के पूर्व एमएलसी स्वर्गीय घनश्याम दूबे के बेटे योगेश दूबे और बहू शैलजा दूबे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। देवरिया जनपद के सलेमपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नीमकौड़िया गांव निवासी धीरज मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि वह पिछले छह वर्षों से स्वर्गीय घनश्याम दूबे के कुसौड़ा स्थित आवास पर देखभाल का कार्य कर रहा है। 20 दिसंबर को पूर्व एमएलसी की बरसी कार्यक्रम के सिलसिले में परिवार के सदस्य गांव आए थे।

पीड़ित का आरोप है कि 14 दिसंबर 2025 की रात लगभग 10 बजे योगेश दूबे ने उसे मां-बहन की गालियां देते हुए मारपीट की।

इतना ही नहीं, घर में लगे सीसीटीवी कैमरे और टीवी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना के बाद से पीड़ित भयभीत है। मामले में प्रभारी निरीक्षक मनीष द्विवेदी ने बताया कि तहरीर के आधार पर योगेश दूबे और शैलजा दूबे के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### इंस्टाग्राम पर आत्महत्या का स्टेटस डालने की सूचना पर पुलिस ने बचाई युवक की जान

**भदोही।** सोशल मीडिया पर आत्महत्या से संबंधित वीडियो/स्टेटस अपलोड करने की सूचना पर भदोही पुलिस की त्वरित कार्रवाई से एक युवक की जान बच गई। पुलिस के अनुसार बुधवार को थाना भदोही क्षेत्र के एक युवक द्वारा अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर आत्महत्या से संबंधित वीडियो/स्टेटस अपलोड किए जाने की सूचना मेटा (इंस्टाग्राम) कंपनी की ओर से प्राप्त हुई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में तत्काल कार्रवाई की गई। चौकी प्रभारी कार्पेट सिटी राजेंद्र प्रसाद ओझा तत्काल युवक के घर पहुंचे, जहां युवक सुरक्षित मिला। परिजनों से बातचीत में पता चला कि युवक ने निजी समस्याओं के चलते भावावेश में इस तरह का पोस्ट कर दिया था। पुलिस ने युवक और उसके परिजनों को सोशल मीडिया पर इस तरह के संवेदनशील पोस्ट करने के गंभीर परिणामों से अवगत कराया और भविष्य में ऐसी गलती न करने की हिदायत दी। साथ ही मानसिक तनाव या किसी भी परेशानी की स्थिति में डायल 112 पर कॉल करने, नजदीकी थाने को सूचना देने और परिजनों या विश्वसनीय मित्रों से खुलकर बात करने की सलाह दी गई। पुलिस की तत्परता से एक युवक की जान बचने पर स्थानीय लोगों ने सराहना की है।

### दिनदहाड़े घर से आभूषण चोरी, नामजद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**गोपीगंज।** थाना गोपीगंज क्षेत्र के ग्राम गाधी, पोस्ट सागरायपुर में दिनदहाड़े घर से कीमती आभूषण चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी अनिल कुमार पुत्र राजमणि ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 14 जनवरी 2026 को सुबह करीब 9:30 बजे सदरे आलम व दिलशाद पुत्र अज्ञात उनके घर पहुंचे और मौका पाकर घर में रखे कीमती आभूषण लेकर फरार हो गए। पीड़ित के मुताबिक आरोपियों ने पैर की पैजनी 1 पीस, मांगटिका 3 पीस, नथिया 2 पीस, हाथ का तोड़ा 3 पीस, कमर पेटी 3 पीस, मंगलसूत्र 3 पीस, पैर का लच्छा 9 पीस, चाभी का गुच्छा 1 पीस, चांदी की सिकड़ी 1 पीस तथा नाक का आभूषण 1 पीस सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी होते ही परिवार में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर सदरे आलम और दिलशाद के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जंगीगंज पीएचसी का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण, प्रभारी चिकित्साधिकारी समेत तीन कर्मचारी अनुपस्थित



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक ने गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जंगीगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई खामियां सामने आईं। निरीक्षण के समय प्रभारी चिकित्साधिकारी केंद्र पर उपस्थित नहीं मिले, जबकि लवकुश (स्वीपर) व श्रीमती सुनीता (एएनएम) भी अनुपस्थित पाई गईं। इस पर सीएमओ ने कड़ी नाराजगी जताते हुए लवकुश स्वीपर का पांच दिन का वेतन तथा एएनएम सुनीता का एक दिन का वेतन बाधित करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने स्वयं ओपीडी का जायजा लिया। इस दौरान एक महिला मरीज हीरामनी का ब्लड सैंपल लेकर मलेरिया व हीमोग्लोबिन की जांच कराई गई तथा आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं।

जांच में यह भी सामने आया कि केंद्र पर आयुष्मान कार्ड नहीं बनाए जा रहे थे, जिस पर सीएमओ ने नाराजगी जताई और व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। वहीं दवा स्टॉक की जांच में 195 में से 149 प्रकार की दवाएं उपलब्ध पाई गईं। सीएमओ ने स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं को सुधारने और मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संबंधित कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए।

## नये घर से चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से पंजीकृत अभियोग से संबंधित चोरी का आभूषण एवं 39,000/- नकद किया गया बरामद

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** थाना ज्ञानपुर पर आवेदक अनिल कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 ठाकुर प्रसाद गुप्ता निवासी पुरानी बाजार कस्बा ज्ञानपुर थाना ज्ञानपुर जिला भदोही हालपता ग्राम भिदिउरा द्वारा सूचित किया गया कि दिनांक 04/03/2026 को सुबह करीब 6:00 बजें परिवार सहित अपने पैतृक मकान पर पुरानी बाजार में होली त्योहार मनाने चला गया था करीब 2:00 बजें दिन अपने नए मकान भिदिउरा पर गया तो देखा कि मेरे मकान का ताला व आलमारी का ताला तोड़कर मेरे मुहल्ले का निहाल अली पुत्र इकराम एवं नौशाद पुत्र इकबाल तथा अर्पित पुत्र बब्लू निवासी कांशीराम आवास द्वारा मेरी पत्नी का जेवर सोने की सिकड़ी कान का झुमका, मंगलसूत्र, दो अंगूठी सोने का व चांदी की पायल तथा 50000/- रूपया नकद चोरी करके निहाल के चार चक्का गाड़ी से भाग गए। प्राप्त तहरीर के आधार पर स्थानीय पुलिस द्वारा मु0अ0 सं0 51/26 धारा 305(ए) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।

अभिमन्यु मांगलिक,पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनपद में चुस्त दुरुस्त कानून व्यवस्था के दृष्टिगत चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण व पंजीकृत अभियोग से सम्बंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में शुभम अग्रवाल,अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 05.03.2026 को थाना ज्ञानपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0स0 51/26 धारा 305(ए) बीएनएस से संबंधित 02 शातिर चोर को कंसापुर विकास भवन असनांव मार्ग तिराहे से गिरफ्तार करते हुए कब्जे से पंजीकृत अभियोग से संबंधित चोरी का आभूषण एवं 39,000/- बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पंजीकृत अभियोग में धारा-331(3),317(2) एवं 317(4) बी.एन.एस की बढ़ोत्तरी करते हुए विधिक कार्यवाही की गई।

हम लोग दिनांक 04.03.26 को दिन में करीब 12.00 बजें अनिल कुमार गुप्ता के मकान भिदिउरा से आलमारी का ताला तोड़कर जेवर व रुपया चुराये थे जेवर बेचने जा रहे थे।




कि आप लोगो ने पकड़ लिया हमारा साथी अर्पित आप लोगों को देखकर भाग गया। हमारे पास चोरी किया हुआ जेवर व रुपया का कुछ भाग है। शेष जेवर व रूपये हमारे साथी अर्पित के पास है जो भाग गया है। अभियुक्तगण पेशेवर अपराधी है। पूर्व में भी चोरी के अपराध में जेल जा चुकें है। उ0नि0 रामधनी यादव मय हमराह हे0का0 निरंजन मौर्य व का0 मारुतिनन्दन दुबे एवं का0 राहुल कुमार थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही।

## संघ कार्यालय मे होली मिलन समारोह मे जमकर उडे अबीर गुलाल

● **कलियुग मे संघ के करोडो स्वयंसेवक कर रहे धर्मरक्षा का पुनीत कार्यः प्रांत संघचालक अंगराज सिंह**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मीरजापुर नगर की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन नगर के दुर्गा बाजार स्थित संघ कार्यालय केशव धाम पर संपन्न हुआ। इस दौरान कलाकारो ने एक से बढकर एक होली एवं आध्यात्मिक गीतो से समा बांधी। गाइये गजबदन विनायक से शुभारंभ हुआ। श्री राधा हमारी गोरी गोरी, आज बिरज मे होरी रे रसिया, जय जय राधा रमण हरि बोल, आदि गीतो पर लोगो को झूमने पर विवश कर दिया। गायक कलाकार शिवम जी ने आज बिरज मे होरी रे रसिया का रसपान कराया। इसी के साथ सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक अंगराज सिंह जी का पाथेय प्राप्त हुआ। प्रांत संघचालक ने कहकि जिस तरह से सतयुग मे भक्त प्रह्लाद, द्वापर मे श्रीकृष्ण और त्रेता मे प्रभु श्रीराम ने धर्म की रक्षा और अधर्म का नाश किया। उसी तरह कलियुग मे धर्मरक्षा का कार्य संघ के करोडो स्वयंसेवक कर रहे है।

संघ के शताब्दी वर्ष को विशेष बनाने के उद्देश्य से होली मिलन के माध्यम से समाज में भाईचारा, समरसता और सौहार्द का संदेश दिया जा रहा है। मुख्य वक्ता के उद्बोधन के उपरांत संघ प्रार्थना के बाद ठंडई एवं प्रसाद वितरण के साथ होली मिलन समारोह का समापन किया गया। इस अवसर पर प्रांत संघचालक अंगराज सिंह, विभाग प्रचारक कौशर किशोर, उत्तर प्रदेश पिछडा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सोहन लाल श्रीमाली, विभाग संपर्क प्रमुख केशव तिवारी, लखन लाल केसरवानी, जिला प्रचारक रजत प्रताप, पूर्व चेयरमैन मनोज जायसवाल, सह जिला कार्यवाह नीरज द्विवेदी, विभाग शारीरिक प्रमुख गंगेश, विभाग धर्म जागरण संयोजक वीरेंद्र मौर्य, सह विभाग बौद्धिक



शिक्षण प्रमुख संतोष, विभाग मर्ग प्रमुख शिवनरायन, सह विभाग संपर्क प्रमुख चंद्रमोहन, कवि सिंह, संजय सेठ, गुंजन चौधरी, इंद्रजीत शुक्ला, भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन विश्वकर्मा, विमलेश अग्रहरि, अखिलेश, बालाजी सहित भारी संख्या मे विचार परिवार के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कौशांबी में होली पर हादसा, गंगा नहाने गए थे तीन दोस्त; गहरे पानी में एक किशोर डूबा व दो बचाए गए

● **महिला पुल के पास हुई दुर्घटना**

**तीनों दोस्त चित्रकूट के रहने वाले**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कौशांबी।** जनपद के कौशांबी थाना क्षेत्र के महिला घाट पर होली के दिन बड़ी घटना हुई। चित्रकूट जनपद के रहने वाले तीन दोस्त यमुना नदी में स्नान को आए थे। नहाने के दौरान तीनों गहरे पानी में जाकर डूबने लगे। घाट पर मौजूद लोगों ने मशक्कत के बाद दो दोस्तों को तो सकुशल बचा लिया, हालांकि एक साथी गहरे पानी में डूब गया। पुलिस उसकी तलाश गोताखोरों से करा रही है।

होली की शाम महिला यमुना घाट की घटना

घटना चार मार्च की शाम पांच बजे की बताई जा रही है। 15 वर्षीय शुभ मिश्रा पुत्र स्व. पुनीत मिश्रा उर्फ बब्बू मऊ थाना मऊ जनपद चित्रकूट का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपने दोस्त 17 वर्षीय सचिन त्रिपाठी पुत्र श्रवण त्रिपाठी निवासी मऊ जनपद चित्रकूट तथा 16 वर्षीय अमन पांडेय पुत्र राजेश पांडेय निवासी बरगढ़ गुड़िया जनपद चित्रकूट के साथ बुधवार शाम करीब पांच बजे कौशांबी थाना क्षेत्र में महिला पुल के पास यमुना स्नान करने आए थे।

शुभ मिश्रा गहरे पानी में समा गया

बताया जाता है कि तीनों दोस्त महिला पुल के नीचे यमुना नदी में स्नान करने आए थे। नहाते समय तीनों दोस्त गहरे पानी में अचानक चले गए और डूबने लगे। उनकी चीख पुकार सुनकर घाट पर मौजूद लोगों ने यमुना में छलांग लगाकर सचिन और श्रवण को सकुशल बाहर निकाल लिया, लेकिन शुभ मिश्रा गहरे पानी में डूब गया।

डूबे किशोर को एसडीआरएफ तलाश रही

सूचना पर वहां कौशांबी थाने के प्रभारी फोर्स के सााि पहुंचे और तत्काल स्थानीय गोताखोरों को बुलाया।गोताखोरों ने डूबे शुभ मिश्रा की तलाश कराई लेकिन उसका पता नहीं चला। पुलिस ने एसडीआरएफ टीम भी किशोर की तलाश में जुटी हुई है। हालांकि अभी तक कामयाबी नहीं मिल सकी है।

## करछना के धरवारा खे़क्सा में होली मिलन समारोह की धूम, विधायक पीयूष रंजन निषाद सहित दिग्गज नेताओं ने बिखेरे भाईचारे के रंग

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज/करछना।** होली के पावन पर्व के अवसर पर गुरुवार को विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत धरवारा खे़क्सा में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन बड़े ही उत्साह और भाईचारे के माहौल में किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई प्रमुख जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह में सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

**मुख्य अतिथि का हुआ भव्य स्वागत**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक माननीय पीयूष रंजन निषाद रहे। समारोह स्थल पर पहुँचने पर ग्रामवासियों और आयोजकों ने उनका ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। विधायक पीयूष रंजन निषाद ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि होली का पर्व हमारी भारतीय संस्कृति की समरसता और एकता का प्रतीक है। यह त्योहार समाज में व्याप्त भेदभाव को मिटाकर आपसी प्रेम और सौहार्द को बढ़ावा देता है। उन्होंने ग्राम सभा धरवारा की एकता और सौहार्दपूर्ण वातावरण की सराहना करते हुए सभी क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएँ दीं।



**कई प्रमुख जनप्रतिनिधियों की रही गरिमामयी उपस्थिति**

इस अवसर पर क्षेत्र के कई वरिष्ठ नेता और समाजसेवी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इनमें प्रमुख रूप से कमलेश द्विवेदी (ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि, करछना), रमाकांत विश्वकर्मा (उपाध्यक्ष, किसान मोर्चा, काशी क्षेत्र), शिवदत्त पटेल (पूर्व जिलाध्यक्ष, भाजपा यमुनापार), रामतौल पटेल (पूर्व ब्लॉक प्रमुख, करछना), राजेश पटेल (जिला पंचायत सदस्य, करछना) तथा अश्विनी कुमार जैन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**आयोजक ने जताया आभार**

कार्यक्रम के आयोजक और धरवारा के भावी प्रधान पद प्रत्याशी जितेन्द्र कुमार मिश्र (बब्बू मिश्र) ने समारोह में पधारे सभी अतिथियों और ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में आपसी मेलजोल और भाईचारे को मजबूत करते हैं। साथ ही नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का अवसर प्रदान करते हैं।

**ग्रामीणों ने लिया कार्यक्रम का आनंद**

दोपहर लगभग 12 बजे से शुरू हुए इस रंगारंग कार्यक्रम में ग्राम सभा धरवारा के सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति रही। समारोह के दौरान पारंपरिक होली गीतों की गूंज और रंग-गुलाल के बीच ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही अतिथियों और ग्रामीणों के लिए जलपान की भी विशेष व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के अंत में जितेन्द्र कुमार मिश्र (पुत्र स्वर्गीय अनन्तराम मिश्र) ने सभी उपस्थित लोगों का पुनः धन्यवाद करते हुए क्षेत्र की सुख-समृद्धि और विकास की कामना की।

## सिर्फ 76 हजार में पाएं 2.20 लाख वाला सोलर पंप, यूपी के किसानों के लिए सरकार लाई ये खास योजना

**» वित्तीय वर्ष 2025-26 में 23 सोलर पंप लगेंगे।**

**» सोलर पंप पर 60%, ट्राली पर 90% अनुदान।**

**» किसान 76,000 अंशदान देकर योजना का लाभ उठाएं।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मीरजापुर।** एक से अधिक स्थान पर खेत होने पर भी किसानों को सिंचाई करने में परेशानी होती है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। ट्राली माउंटेड सोलर के माध्यम से किसान सभी खेतों की सिंचाई कर सकेंगे। सोलर पंप को किसान ट्राली की मदद से आसानी से कहीं भी ले जा सकेंगे। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 23 ट्राली माउंटेड सोलर पर वितरण का लक्ष्य मिला है। सरकार की ओर से किसानों को अनुदान भी दिया जा रहा है। लघु सिंचाई विभाग की ओर से चेकडैम व तालाब पर भू स्तरीय सिंचाई के लिए ट्राली माउंटेड दो एचपी सोलर पंप की स्थापना कराने की योजना है।

सहायक अभियंता लघु सिंचाई महीप वर्मा ने बताया कि सोलर पंप की लागत एक लाख 44 हजार 526 रुपये और ट्राली लगाने पर 75 हजार रुपये खर्च होंगे। इस प्रकार कुल दो लाख 19 हजार 526 रुपये खर्च होंगे। इसमें से सोलर पंप पर 60 प्रतिशत और ट्राली पर 90 प्रतिशत अनुदान मिलेगा।

आनलाइन आवेदन करने के बाद पहले आओ पहले पाओ के आधार पर सोलर पंप का आवंटन किया जाएगा। योजना में कुल



23 लक्ष्य के अनुसार चेक डैम, तालाब पर भू स्तरीय सिंचाई के लिए इच्छुक व्यक्ति आनलाइन आवेदन करें। आवेदक अनुदान धनराशि के अतिरिक्त कृषक अंश 76 हजार रुपये का बैंक ड्राफ्ट लघु सिंचाई विभाग में जमा करके योजना का लाभ उठा सकते हैं। किसी प्रकार की समस्या होने पर विकास भवन स्थित कार्यालय पर संपर्क कर सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### नैनी व्यापार मंडल एवं श्री नव दुर्गा चेतना मंच द्वारा होलिका दहन किया गया



**नैनी,प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के ऐतिहासिक मेवालाल बगिया चौराहे पर होलिका दहन किया गया।इस दौरान अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान डीसीपी जमुनानगर विवेक चन्द्र यादव,करछना,नैनी इंस्पेक्टर पं ब्रज किशोर गौतम,चौकी इंचार्ज बलिराम रहे।इस मौके पर नैनी क्षेत्र के सैकड़ों नागरिक व्यापारी मौजूद रहे।होलिका दहन में नैनी व्यापार मंडल अध्यक्ष सुभाष केशरवानी,महामंत्री घनश्याम जायसवाल रहे। डीसीपी जमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने कहा होली का पर्व भाईचारे का प्रतीक है एक दूसरे को रंग लगाकर शांति पूर्ण व्यवस्था से पर्व मनाए ।मुख्य रूप से व्यापारी नेता रमेश केसरवानी,समाजसेवी चंद्रबली जाटव,दिलीप कौशल ,मोनू जायसवाल,गौरव गौड़,नीरज अग्रहरि, वरिष्ठ समाजसेवी राजेश शर्मा,संजय जायसवाल ,मोहित सेठी,बबलू कौशल ,प्रहलाद कौशल,राजेंद्र जयसवाल,आशीष जायसवाल,तमाम व्यापारी नागरिक शामिल रहे।

### आईआईएसईआर एप्टीट्यूड टेस्ट (आईएटी) 2026 का रजिस्ट्रेशन 5 मार्च से शुरू; परीक्षा 7 जून को

**सभी 7 आईआईएसईआर में प्रवेश का आधार सिर्फ आईएटी स्कोर होगा**




**दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट**

**ब्यूरो प्रयागराज।** लखनऊ, में ही इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आईआईएसईआर) ने आईआईएसईआर एप्टीट्यूड टेस्ट (आईएटी) 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आईएटी शैक्षिक वर्ष 2026-27 के लिए सभी आईआईएसईआर कैंपस के अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम में प्रवेश के लिए एकमात्र और अनिवार्य परीक्षा है। ऑनलाइन आवेदन की आरंभिक तिथि 5 मार्च, 2026 (गुरुवार) है और एप्टीट्यूड टेस्ट 7 जून, 2026 (रविवार) को होगा। विज्ञान पढ़ने के इच्छुक उम्मीदवार इस अनिवार्य एप्टीट्यूड टेस्ट के लिए रजिस्टर कर सकते हैं। इस परीक्षा से सभी 7 आईआईएसईआर कैंपस में किसी में भी विश्वस्तरीय शोध एवं प्रशिक्षण का प्रवेश द्वार खुल जाएगा। आईआईएसईआर की स्थापना भारत सरकार ने उच्च गुणवत्ता के साथ आधारभूत विज्ञान की शिक्षा और शोध संवर्धन के लिए किया। ये देश के प्रमुख स्वयात्त शिक्षा संस्थान हैं। आईआईएसईआर बरहामपुर, आईआईएसईआरभोपाल,आईआईएसईआर कोलकाता,आईआईएसईआर मोहाली, आईआईएसईआर पुणे, आईआईएसईआर तिरुवनंतपुरम और आईआईएसईआर तिरुपति- किसी भी आईआईएसईआर में प्रवेश के इच्छुक उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइटhttps//www.iiseradmission.in/ पर साल 2026 के लिए रजिस्टर कर सकते हैं।

### रसड़ा में भीषण सड़क हादसा: दो बाइकों की टक्कर में दो युवकों की मौत, दो गंभीर घायल



**बलिया:** रसड़ा कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। गढ़िया रेलवे क्रॉसिंग के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान गाजीपुर जिले के सरिया निवासी जयप्रकाश सिंह (40) पुत्र ललन सिंह और रसड़ा क्षेत्र के गौरपुरा निवासी दीपू गुप्ता (20) पुत्र जयप्रकाश गुप्ता के रूप में हुई है। हादसे में घायल हुए युवकों में गाजीपुर के कुठहन, शादियाबाद निवासी नितेश (17) पुत्र संतोष और बबलू (26) पुत्र देव सरण शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने बबलू की हालत गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है, जबकि अन्य घायल का उपचार चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही रसड़ा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट मामले में क्लासिफाइड फाइलों पर सीबीआई को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज-** सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में सेंट्रल ब्यूरो ऑफ़ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) को एक महीने के अंदर यह तय करने का निर्देश दिया कि रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) में कथित गड़बड़ियों को 2007 में छपी एक किताब में उजागर करने के लिए ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट (OSA) के तहत ट्रायल का सामना कर रहे एक रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर को 'सेंसिटिव' डॉक्यूमेंट्स दिए जाएं या नहीं। शुक्रवार को एक सुनवाई में, टॉप कोर्ट ने कहा कि अगर ये डॉक्यूमेंट्स ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट के तहत उन पर मुकदमा चलाने का आधार हैं, तो गोपनीयता उन्हें ये डॉक्यूमेंट्स देने से मना करने का आधार नहीं हो सकती। जस्टिस जेके माहेश्वरी और अतुल एस चंदुरकर की बेंच ने कहाः 'अगर आप (सीबीआई) उनके खिलाफ डॉक्यूमेंट्स का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो आप यह नहीं कह सकते कि वे गोपनीय हैं। आप इस कोर्ट से आदेश लिए बिना ही कोई रास्ता निकाल सकते हैं। ' कोर्ट मेजर जनरल (रिटायर्ड) वीके सिंह की फाइल की गई पिटीशन पर सुनवाई कर रहा था, जिन्होंने 2007 में अपने रिटायरमेंट के तुरंत बाद पब्लिश हुई अपनी किताब 'इंडियाज़ एक्सटर्नल इंटेलिजेंस - सीक्रेट्स ऑफ़ रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ )' में रॉ के अंदर की गड़बड़ियों का पर्दाफाश किया था। सिंह के वकील सुरूर मंदर ने बताया कि ये डॉक्यूमेंट्स उनके डिफेंस के लिए बहुत ज़रूरी हैं। 'मेरे क्लाइंट को 12 डॉक्यूमेंट्स और चार गवाहों के बयान चाहिए।' उन्होंने बताया कि ट्रायल कोर्ट ने उनके फेवर में फैसला सुनाया था और कुछ कंडीशंस के तहत हर डॉक्यूमेंट की एक कॉपी देने का निर्देश दिया था। लेकिन मंदर ने कहा कि दिल्ली हाई कोर्ट ने उस फैसले को यह कहते हुए पलट दिया कि कॉन्फिडेंशियलिटी के तहत सिर्फ डॉक्यूमेंट्स की जांच की इजाज़त है। कोर्ट ने सीबीआई से पूछा, 'आप उन्हें डॉक्यूमेंट्स क्यों नहीं दे रहे हैं?' सीबीआई की तरफ से कोर्ट में एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (ASG) दविंदर पाल सिंह रिप्रेजेंट कर रहे थे। ASG ने कहा, 'इन डॉक्यूमेंट्स से सेंसिटिविटी जुड़ी हुई है। उन्हें सिर्फ यह जानने में इंटरेस्ट है कि वे कौन से डॉक्यूमेंट्स हैं।

हाई कोर्ट ने जांच की इजाज़त दी है, जिससे उनका मकसद पूरा होता है। सीबीआई ने आरोप लगाया कि सिंह ने नवंबर 2002 से जून 2004 तक कैबिनेट सेक्रेटेरिएट (R&AW) में जॉइंट सेक्रेटरी के तौर पर काम किया और अपने ऑफिशियल काम के दौरान, रॉ से जुड़ी क्लासिफाइड जानकारी तक उनकी पहुँच थी। सीबीआई के मुताबिक, किताब में ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट का उल्लंघन करते हुए कई 'क्लासिफाइड सीक्रेट जानकारी' छापी गई, जिसमें कई अधिकारियों के नाम और उनके डेज़िग्नेशन, काम, स्टेशन कोड और दूसरी टेक्निकल डिटेल्स शामिल थीं।

**इस मामले की अगली सुनवाई 10 अप्रैल को होगी**

कोर्ट ने सीबीआई से कहा, 'हमारा मकसद यह पक्का करना है कि कुछ डॉक्यूमेंट्स से फंसा हुआ कोई व्यक्ति उसी मटीरियल से वंचित न रहे।' सीबीआई ने इंस्ट्रक्शन्स लेने के लिए चार हफ़्ते बाद मामले की सुनवाई करने की रिक्वेस्ट की। मंदर ने ट्रायल पर रोक लगाने की रिक्वेस्ट की, जिसे बेंच ने ज़रूरी नहीं समझा क्योंकि इन प्रोसीडिंग्स में सीबीआई का रिप्रेजेंटेशन था।सीबीआई ने सितंबर 2007 में सिंह के खिलाफ देश की सिक्योरिटी को नुकसान पहुंचाने वाली सीक्रेट जानकारी का खुलासा करने का आरोप लगाते हुए केस रजिस्टर किया था। अप्रैल 2008 में, सेंटर ने OSA के तहत चार्जशीट फाइल करने की मंजूरी दे दी। 2009 में, ट्रायल कोर्ट ने ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट के सेक्शन 3 और 5 के तहत चार्जशीट पर संज्ञान लिया, जो 'जासूसी' और 'गलत कम्युनिकेशन' के अलावा इंडियन पीनल कोड के तहत पब्लिक सर्वेंट द्वारा क्रिमिनल ब्रीच ऑफ़ ट्रस्ट और क्रिमिनल कॉन्सपिरेसी के दूसरे अपराधों से संबंधित थी।

### 'खतरे में भारत की ऊर्जा सुरक्षा', राहुल गांधी बोले- अभी और खराब होंगे हालात, पीएम की चुप्पी पर उठाए सवाल

**ब्यूरो प्रयागराज-** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि दुनिया इस समय बेहद अस्थिर दौर में प्रवेश कर चुकी है और आने वाले समय में हालात और भी चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। भारत की ऊर्जा सुरक्षा भी खतरे में पड़ती दिखाई दे रही है। भारत के कुल तेल आयात का 40% से अधिक हिस्सा Strait of Hormuz के रास्ते आता है, ऐसे में इस इलाके में बढ़ता तनाव देश के लिए चिंता का विषय है। एलपीजी और एलएनजी की आपूर्ति के मामले में स्थिति और भी ज्यादा गंभीर मानी जा रही है।स्थिति इसलिए भी संवेदनशील हो गई है क्योंकि संघर्ष अब भारत के आसपास के क्षेत्र तक पहुंच गया है। हाल ही में हिंद महासागर में एक ईरानी युद्धपोत के डूबने की खबर सामने आई है। ऐसे समय में, जब हालात तेजी से बदल रहे हैं और क्षेत्रीय तनाव बढ़ रहा है, देश को मजबूत और स्थिर नेतृत्व की जरूरत है। लेकिन आरोप लगाया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मुद्दे पर अब तक चुप्पी साधे हुए हैं।मौजूदा हालात में भारत की रणनीतिक स्वायत्तता पर भी असर पड़ सकता है और सरकार को इस पर स्पष्ट रुख सामने रखना चाहिए।

## नैनी क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई होली,रंग-गुलाल और पिचकारियों से सराबोर हुए लोग

**● डीजे की धुन पर झूमते रहे लोग।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**नैनी ,प्रयागराज।** होली के पर्व पर नैनी क्षेत्र में लोगों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ रंगों का त्योहार मनाया। सुबह से ही मोहल्लों और चौराहों पर लोगों की टोलियां निकल पड़ीं और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों तक सभी ने पिचकारी और रंगों के साथ जमकर होली खेली।कई स्थानों पर डीजे की व्यवस्था की गई थी,जहां युवाओं ने होली के गीतों पर जमकर नृत्य किया।

रंगों में सराबोर होकर लोग 'होली है' के नारों के साथ एक-दूसरे को बधाई देते नजर आए। पूरे इलाके में उत्सव जैसा माहौल बना रहा और हर तरफ खुशी और उमंग दिखाई दी।होली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी नैनी पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। नैनी पुलिस ने क्षेत्र के प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष तैनाती की थी।

पुलिसकर्मी लगातार गश्त करते रहे ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो और लोग सुरक्षित माहौल में त्योहार का आनंद ले सकें।स्थानीय लोगों ने बताया कि इस बार होली का उत्साह खास देखने को मिला। लोगों ने आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाया। वहीं प्रशासन और पुलिस की सक्रियता के कारण पूरे क्षेत्र में शांति और व्यवस्था बनी।

### अमेरिका-इस्राइल का साथ दिया तो माना जाएगा युद्ध की कार्रवाई, ईरान ने यूरोप को दी कड़ी चेतावनी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज-** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच ईरान ने यूरोपीय देशों को सीधी चेतावनी दी है। तेहरान ने साफ कहा है कि अगर यूरोप ने अमेरिका और इस्राइल के सैन्य अभियान में किसी भी रूप में भाग लिया, तो इसे ईरान के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। यह बयान ऐसे समय आया है जब क्षेत्र में हमले और जवाबी कार्रवाई लगातार बढ़ रही है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माइल बकाई ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 'डिफेंसिव एक्शन' के नाम पर भी अगर कोई देश अमेरिका-इस्राइल अभियान में शामिल होता है, तो उसे आक्रामकता माना जाएगा। उन्होंने कहा कि ईरान अपनी संप्रभुता और सुरक्षा की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। यह प्रतिक्रिया जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि वे ईरान की मिसाइल और ड्रोन क्षमता को खत्म करने के लिए आवश्यक कदम उठा सकते हैं। ईरान ने इसे सीधे तौर पर युद्ध में शामिल होने की तैयारी बताया है। जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन ने स्पष्ट किया है कि वे सीधे युद्ध में शामिल नहीं हैं। हालांकि उन्होंने यह संकेत दिया है कि जरूरत पड़ने पर अमेरिका को अपने सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल करने की अनुमति दी जा सकती है। यूरोपीय संघ ने सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की है। ब्रिटेन ने अमेरिकी बलों को अपने बेस इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी है। वहीं फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट ने कहा है कि यदि सहयोगी देश मदद मांगते हैं, तो फ्रांस उनकी रक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि फ्रांस अपने नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देगा। फ्रांस ने बताया कि प्रभावित देशों में लगभग चार लाख फ्रांसीसी नागरिक मौजूद हैं। हालात बिगड़ने पर उन्हें वाणिज्यिक और सैन्य उड़ानों के जरिए निकाला जा सकता है। इसी बीच क्षेत्र में हमलों का सिलसिला जारी है और रियाद में अमेरिकी दूतावास पर ड्रोन हमले से तनाव और बढ़ गया है। ईरान का कहना है कि वह किसी भी बाहरी दखल को स्वीकार नहीं करेगा। यूरोप की संभावित भूमिका को लेकर आने वाले दिनों में हालात और स्पष्ट हो सकते हैं।

## अमेरिका ने हिंद महासागर में पनडुब्बी से ईरान के युद्धपोत पर हमला किया, जहाज डूबा, श्रीलंका ने 87 शव बरामद किये

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



ईरान के इजरायल और अमेरिकी ठिकानों पर लगातार तेज होते हमलों के बीच अमेरिका ने हिंद महासागर में श्रीलंका के तट के पास एक ईरानी युद्धपोत को पनडुब्बी से हमला कर डुबो दिया है। इस घटना के बाद श्रीलंकाई नौसेना ने बचाव अभियान चलाया, जिसमें श्रीलंका के दक्षिणी तट पर डूब रहे ईरान के नौसैनिक जहाज से 32 लोगों को बचा लिया गया और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके साथ ही श्रीलंकाई नौसेना को समुद्र में डूबे ईरानी युद्धपोत से 87 लोगों के शव भी बरामद हुए। बताया जा रहा है कि ईरानी जहाज भारत द्वारा आयोजित इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू से वापस लौट रहा था। इस घटना को लेकर अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने दावा किया है कि अमेरिकी पनडुब्बी से दागे गए एक टॉरपीडो ने हिंद महासागर में एक ईरानी युद्धपोत को डुबो दिया है। हेगसेथ ने पेंटागन में बुधवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मंगलवार रात ईरानी युद्धपोत पर किया गया यह हमला द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद किसी दुश्मन पर इस प्रकार का पहला हमला था। अमेरिकी सेना ने बुधवार को ईरानी युद्धपोत पर हमले का वीडियो भी जारी किया। वीडियो में पनडुब्बी से दूर समुद्र में एक युद्धपोत पर निशाना लगाते और फिर उसपर टॉरपीडो से हमला करते हुए देखा जा सकता है। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने दावा किया कि एक ईरानी युद्धपोत को डुबो दिया गया, जिसे लगा कि वह अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में सुरक्षित है। कांग्रेस ने भारत के पड़ोस में अमेरिका की इस कार्रवाई पर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि भारत के अतिथि- IRIS डेना, एक ईरानी नौसैनिक जहाज- को भारत के सामरिक आंगन में अमेरिका द्वारा टॉरपीडो से उड़ा दिया गया, जबकि वह भारत द्वारा आयोजित इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू से घर लौट रहा था। बचाव अभियान का नेतृत्व कर रहे श्रीलंका का दावा है कि इसमें कम से कम 80 नाविक मारे गए हैं, जबकि लगभग सौ अन्य गंभीर रूप से घायल हैं या अभी भी लापता हैं।

### नैनी बाजार में आज खेली जाएगी 'कपड़ा फाड़ होली




**नैनी, प्रयागराज।** नैनी बाजार में होली के तीसरे दिन परंपरागत रूप से 'कपड़ा फाड़ होली' खेली जाती है। यह अनोखी परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है और हर साल बड़ी संख्या में लोग इसमें हिस्सा लेते हैं।इस आयोजन को देखते हुए प्रशासन द्वारा विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाती है। नैनी स्टेशन से शकरढाल तक जाने वाले सभी रास्तों को पूरी तरह से बंद कर दिया जाता है, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो।पूरे क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता साफ नजर आती है। रास्ते के दोनों ओर पुलिस के जवान तैनात रहते हैं और आने-जाने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाती है। इसके साथ ही स्थानीय प्रशासन भी हालात पर लगातार नजर बनाए रखता है, ताकि त्योहार शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके।

## काजीपुर में होली पर शराब के नशे में मारपीट,महिलाओं समेत कई घायल



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र स्थित काजीपुर मोहल्ले में बुधवार को होली के दिन शराब के नशे में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। आरोप है कि एक पक्ष के कुछ लोग दूसरे पक्ष के घर में घुस गए और महिलाओं समेत परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मारपीट की। घटना में कई लोग घायल हुए हैं। पीड़िता सुमित्री देवी ने आरोप लगाया है कि वह अपने बेटे के साथ घर पर मौजूद थीं। इसी दौरान हमलावरों ने पहले उनकी देवरानी अनीता पटेल के साथ घर में घुसकर मारपीट की। बीच-बचाव करने आए देवर अजय को भी पीट दिया गया। आरोप है कि हमलावरों ने घर में घुसकर महिलाओं और लड़कियों के साथ भी बेरहमी से मारपीट की। यह पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़िता के अनुसार, हमलावरों ने दरवाजा तोड़ने का भी प्रयास किया। घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल परिजन शिकायत लेकर नैनी कोतवाली पहुंचे और तहरीर दी। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए चाका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। घायल अजय ने बताया कि वह दोस्तों के साथ होली की पार्टी में थे। इसके बाद काजीपुर जाने के दौरान कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया।पुलिस मामले की जांच में जुटी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### नैनी पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 24 घंटे में बैटरी चोरी गिरोह का खुलासा,तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नैनी,प्रयागराज-** नैनी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन बैटरी चोरी की घटना का 24 घंटे के भीतर खुलासा कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई 07 बड़ी/छोटी बैटरियां तथा घटना में प्रयुक्त एक प्लास और एक पेचकस बरामद किया है।बता दें कि यमदाग्नि पुत्र अदित्य निवासी एडीए कॉलोनी द्वारा 04 मार्च 2026 को थाना नैनी में तहरीर देकर सूचना दी गई थी कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उनकी तथा अन्य लोगों की कारों की बैटरियां चोरी कर ली गई हैं।इस संबंध में थाना नैनी पर मु0अ0सं0 112/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी भी की गई।पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मुखबिर की सूचना पर 04 मार्च 2026 को टीएसएल नैनी परिसर के अंदर जंगल क्षेत्र से तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में राहुल पुत्र सुनील,हथगन पुत्र जयनाथ, गोपी पुत्र छोटेलाल,इन तीनों अभियुक्त जज्जीपुरवा लोहगरा थाना बारा जनपद प्रयागराज के निवासी हैं।पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे कूड़ा बीनने के बहाने एडीए और नैनी क्षेत्र में घूमते थे और मौका पाकर खड़ी कारों व मोटरसाइकिलों की बैटरियां प्लास व पेचकस की सहायता से निकालकर चोरी कर लेते थे। चोरी की गई बैटरियों को सुनसान स्थानों पर छिपाकर रखा जाता था और बाद में बेचने की योजना थी।पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से निम्न सामान बरामद किया–07 विभिन्न कंपनियों की बड़ी/छोटी बैटरियां (SF Batteries, Amaron, E&ide Matri&, Gulf Pride आदि)01 प्लास 01 पेचकस



मुख्य अभियुक्त राहुल के विरुद्ध पूर्व में भी चोरी एवं संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है। अन्य दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध वर्तमान अभियोग दर्ज किया गया है इस सफल कार्रवाई में नैनी थाना प्रभारी निरीक्षक बृजकिशोर गौतम के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अमित कुमार,रामानन्द विश्वकर्मा, मनोज कुमार सिंह, हरिशंकर यादव तथा कांस्टेबल नरेन्द्र पाल व धर्मेन्द्र कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की गई।

# चक भटाही मे जमकर चले ईट पत्थर

**● खड़ी बाइक को ईंट-पत्थरों से तोड़ा,और स्कूटी उठा ले गए हमलावर।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नैनी, प्रयागराज।** बुधवार को होली के दिन नैनी के चक भटाही क्षेत्र स्थित निवासी दीपक केसरवानी के पुत्र ने पड़ोस के कुछ लोगों पर रंजिशन घर पर हमला करने,मारपीट करने,बाइक को तोड़ने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्रवाई की मांग की है।पीड़ित के अनुसार,बुधवार को किसी बात को लेकर विवाद हुआ था,जिसके बाद से आरोपी पक्ष रंजिश रखे हुए थे। आरोप है कि 5 मार्च को दोपहर लगभग 2:30 से 3:00 बजे के बीच कुछ लोग घर पर आकर गाली-गलौज करने लगे।उस समय मामला शांत हो गया, लेकिन करीब आधे घंटे बाद कमलेश,आकाश,उमेश,भोला भारतीया समेत लगभग 15-20 लोग लाठी-डंडा और चापड़ जैसे हथियार लेकर दोबारा घर पर चढ़ आए। पीड़ित का कहना है कि हमलावरों ने उनके पुत्र पर जानलेवा हमला करने की कोशिश की। किसी तरह वह घर के अंदर भागकर अपनी जान बचाने में सफल हुआ।आरोप है कि हमलावरों ने घर के बाहर खड़ी बाइक को ईंट-पत्थरों से तोड़ दिया और स्कूटी को उठा ले गए। जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपियों में से कुछ लोग अवैध नशे का कारोबार भी करते हैं और क्षेत्र में भय का माहौल बनाए हुए हैं। उन्होंने आशंका



जताई है कि भविष्य में उनके परिवार के साथ कोई भी अप्रिय घटना हो सकती है।पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।हालांकि पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

# छह साल तक फैसला न सुनाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, इलाहाबाद हाइकोर्ट से तीन मामले अपने पास मंगाए

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाइकोर्ट द्वारा छह साल तक फैसला सुरक्षित रखने के बावजूद निर्णय न सुनाए जाने पर कड़ा रुख अपनाते हुए तीन आपराधिक पुनर्विचार याचिकाएं अपने पास स्थानांतरित कर ली हैं। इन मामलों के लंबित रहने के कारण वर्ष 1994 के एक हत्या मामले की सुनवाई वर्षों से ठप पड़ी हुई। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 139ए का प्रयोग करते हुए कहा कि सामान्यतः अदालतें अनुच्छेद 32 की याचिका में इस तरह की असाधारण शक्ति का उपयोग नहीं करतीं लेकिन इस मामले में न्याय में हो रही असाधारण देरी से पीड़ित पक्ष के त्वरित न्याय के अधिकार पर सीधा असर पड़ रहा है। पीठ ने कहा कि संबंधित तीनों आपराधिक पुनर्विचार याचिकाओं पर इलाहाबाद हाइकोर्ट में 5 फरवरी 2020 को सुनवाई पूरी हो चुकी थी और उसी दिन फैसला सुरक्षित रख लिया गया। इसके बाद अब तक कोई निर्णय नहीं दिया गया और मामले बार-बार सूचीबद्ध होकर टलते रहे। हाल ही में 4 फरवरी 2026 को भी मामले सूची में आए, लेकिन फिर स्थगित कर दिए गए। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि इन याचिकाओं पर लगी रोक के कारण ट्रायल कोर्ट में चल रहा मुकदमा आगे नहीं बढ़ सका, जिसके चलते 30 मई 1994 की घटना से जुड़ी आपराधिक कार्यवाही दशकों से रुकी हुई। पीठ ने कहा, 'इन



मामलों का लंबित रहना केवल पक्षकारों का निजी विवाद नहीं रह गया। यह इस बात से जुड़ा महत्वपूर्ण प्रश्न है कि मुकदमों में लंबी देरी न्याय प्रक्रिया की विश्वसनीयता को कैसे प्रभावित करती है और इससे अपूरणीय क्षति हो सकती है। ' इसी आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 139ए के तहत इलाहाबाद हाइकोर्ट में लंबित तीनों पुनर्विचार याचिकाओं को अपने पास मंगाने का आदेश दिया और उन्हें वर्तमान रिट याचिका के साथ जोड़कर सुनवाई करने का निर्णय लिया। अदालत ने इलाहाबाद हाइकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को निर्देश दिया कि तीन सप्ताह के भीतर सभी अभिलेख सुप्रीम कोर्ट भेजे जाएं। यह याचिका मृतक के कानूनी उत्तराधिकारी द्वारा अनुच्छेद 32 के तहत दायर की गई। याचिका में अनुच्छेद 14 और 21 के तहत त्वरित न्याय के अधिकार के उल्लंघन का मुद्दा उठाया गया। मामले की शुरुआत वर्ष 1995 में दर्ज FIR से हुई, जिसमें भारतीय दंड संहिता (IPC) की धाराओं 147, 148, 149, 302 और 307 के तहत नौ लोगों को आरोपी बनाया गया। एक अन्य आरोपी के खिलाफ मामला वर्ष 2004 में दर्ज हुआ, क्योंकि वह पहले फरार था। वर्ष 2008 में उत्तर प्रदेश सरकार ने आरोपी छोटेय सिंह के खिलाफ मुकदमा वापस लेने का प्रस्ताव दिया और 2012 में CrPC की धारा 321 के तहत आवेदन दाखिल किया। बाद में सरकार ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा वापस लेने की मांग भी की। 19 मई 2012 को ट्रायल कोर्ट ने छोटेय सिंह के खिलाफ अभियोजन वापसी की अनुमति दी, लेकिन अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा वापस लेने की मांग खारिज की। इसी आदेश को चुनौती देते हुए आरोपियों ने हाइकोर्ट में आपराधिक पुनर्विचार याचिकाएं दाखिल कीं, जबकि पीड़ित पक्ष ने छोटेय सिंह के खिलाफ मुकदमा वापस लेने के फैसले को चुनौती दी। इन याचिकाओं की सुनवाई इलाहाबाद हाइकोर्ट में पूरी होने के बाद 5 फरवरी 2020 को फैसला सुरक्षित रख लिया गया। उसी दौरान मुकदमे की सुनवाई पर रोक भी लगा दी गई, जो आज तक जारी रही। इस मामले से जुड़े एक अन्य पहलू पर सुप्रीम कोर्ट ने 15 जुलाई, 2024 को भी हस्तक्षेप किया। उस समय अदालत ने हाइकोर्ट का आदेश रद्द करते हुए मामले का पुनर्मूल्यांकन करने का निर्देश दिया था और मुकदमे में हो रही देरी पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी। सुप्रीम कोर्ट ने अब कहा कि जब तक लंबित पुनरीक्षण याचिकाओं पर निर्णय नहीं होता, तब तक 2024 के आदेश का प्रभावी पालन संभव नहीं है। इसलिए न्याय प्रक्रिया को प्रभावी बनाने और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए इन मामलों को अपने पास स्थानांतरित करना आवश्यक हो गया।

# संक्षिप्त खबरें

## मथुरा ग्राम पंचायत में दर्जनों हैंडपंप खराब:ग्रामीणों को पेयजल संकट, जांच के निर्देश



बलरामपुर के हरैया सतघरवा विकास खंड की मथुरा ग्राम पंचायत में एक दर्जन से अधिक सरकारी हैंडपंप खराब पड़े हैं। इससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।मथुरा खुर्द गांव में बडका के घर के सामने, तकिया गांव की दलित बस्ती में और चैसार गांव में सड़क किनारे लगा हैंडपंप पिछले लगभग छह माह से खराब है। ग्रामीण मनोज कुमार, राम लाल, दिनेश कुमार और राजू ने बताया कि हैंडपंप खराब होने के कारण जेठ की दोपहर में पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है।राबिया, अमीना, छोटका और रफातुल्ला ने आरोप लगाया कि सरकारी कागजों में हैंडपंप चालू दिखाए जा रहे हैं, जबकि हकीकत में अधिकांश खराब हैं। रफातुल्ला ने यह भी बताया कि जिम्मेदार अधिकारियों को लिखित सूचना देने के बावजूद हैंडपंप ठीक नहीं किए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हैंडपंप ठीक कराने के नाम पर ग्राम पंचायत अधिकारी और प्रधान सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहे हैं।इस मामले पर खंड विकास अधिकारी पल्लवी सचान ने बताया कि उन्हें शिकायत मिली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मासूम के अपहरण को लेकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के एक गांव में साढ़े चार वर्ष की मासूम के अपहरण को लेकर पुलिस ने केस दर्ज किया है। हालांकि मासूम कुछ ही देर में गांव के एक बाग में मिल गयी। मासूम की मां ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बुधवार को शाम करीब साढ़े सात बजे वह दरवाजे पर खेल रही थी। इस बीच गांव का ही आरोपी हरकेश पटेल का पुत्र विकास पटेल उसे दरवाजे से अपहृत कर उठा ले गया। परिजनों की खोजबीन में मासूम कुछ देर बाद बाग में मिली। तहरीर के आधार पर आरोपी विकास के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपी के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस घटना को लेकर गांव तथा आसपास आक्रोश का भी माहौल देखा जा रहा है।

## डाल टूटने से बच गयी जान ..

**जाको राखे साइयां मार सके न कोय**

**लालगंज,प्रतापगढ़।** जाको राखे सांईयां मार सके न कोय की कहावत आत्मा हत्या के प्रयास को विफल कर गयी। उदयपुर थाना क्षेत्र के अठेहा उपाध्यायपुर में एक भट्ठे पर लखीमपुर खीरी जिले के थाना ईसा नगर के दुबे का पुरवा निवासी दिनेश तिवारी 30 पुत्र लालता प्रसाद श्रमिक है। बुधवार की सुबह पत्नी से उसका विवाद हो गया। इसके बाद युवक भट्ठे के समीप झुग्गी से निकलकर कहीं चला गया। शाम साढे तीन बजे ग्रामीणों द्वारा परिजनों को पता चला कि कुसौली गांव के बगल बेरहा का पुरवा के पास एक पीपल की डाल में युवक ने गले में झंडी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। अचानक वह डाली टूटकर गिर गयी। इससे युवक की जान बच गयी। हालांकि उसे कुछ चोटें आ गयी। मौके पर उदयपुर पुलिस पहुंची और घायल को एम्बुलेंस की सहायता से सांगीपुर सीएचसी पहुंचवाया। यहां कमर में गंभीर चोट के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## सुम्मेरा तालाब में डूबने से युवक की मौत

**ललितपुर।** होली के उल्लास के बीच एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहां तालाब में डूबने से एक इकलौते बेटे की जान चली गई, जिससे त्यौहार की खुशियां मातम में बदल गई। होली के दिन जहां हर घर में रंग और पकवानों की महक थी, वहीं कोतवाली सदर के नझाई बाजार निवासी संतोष सिंघई के घर पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। उनका 18 वर्षीय पुत्र शुभम, जो परिवार का इकलौता बेटा था, दोस्तों के साथ होली खेलने निकला था, लेकिन वह कभी वापस नहीं लौटा। अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित करते ही परिजनों की चीखों से पूरा माहौल गमगीन हो गया। बुधवार दोपहर को जब पूरा शहर रंगों में सराबोर था, शुभम अपने दोस्तों के साथ तालाबपुरा स्थित सुम्मेरा तालाब पर गया था। होली खेलते समय शुभम अनियंत्रित होकर गहरे तालाब में गिर गया। साथ मौजूद दोस्तों ने तुरंत उसे बचाने की कोशिश की और तालाब से बाहर निकालकर तत्काल मेडिकल कॉलेज ले गए। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी दलबल के साथ पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

# भारतीय दर्शन में नारी सर्वोच्च शिखर पर : मदन माधुर्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः-** नारी वस्तु नहीं है बुआ जिसे आपस में बांटी जा सके। नारी की महत्ता को रेखांकित कर कुंती को कड़ी फटकार लगाते हुए श्रीकृष्ण ने पांचाली को अनजाने में आपस में बांटने की बात कहने पर यह कहा था। उल्लेखनीय है कि विश्व ब्रह्माण्ड की रचयिता, पालनहार एवं सृष्टि का विनाश आदि माता भवानी ही विभिन्न रूपों में करती रही हैं। ऋषि पराशर के पुत्र और महाभारत काव्य के रचयिता महर्षि वेदव्यास का कथन है कि पुरुष नारी का आश्रय लेकर स्वयं ही पुत्र के रूप में जन्म लेता है। आशय यह कि पुरुषों का आश्रय जननी ही होती है। भारतीय दर्शन में पृथ्वी को केवल एक भू-खण्ड न मानते हुए इसे पृथ्वी माता कहकर संबोधित किया जाता रहा है। आर्यावर्त के त्रिकालदर्शी महर्षियों ने नारी के विराट सौम्य स्वरूप एवं उनकी महत्ता का आकलन कर नारी को परिवार की धुरी बताया। परिवार को सर्वोत्तम पाठशाला और माता को प्रथम गुरु कहा तथा दम्पति को अभिन्न मानकर नारी की श्रेष्ठता सिद्ध की।

सृष्टि काल से ही सनातन सांस्कृतिक मूल्यों में 'वसुधैव कुटुम्बकम' की कामना के साथ सम्पूर्ण विश्व को एक विशाल परिवार माना गया। इसी परिकल्पना में सामाजिक संरचना के आलोक में पारिवारिक महत्ता को सुख-समृद्धि का आधार बताया गया। यद्यपि पराधीन भारत में मुगल और अंग्रेज कालीन शासन के दौरान भारतीय सांस्कृतिक विशेषकर स्वर्णिम अतीत को कुटिलता पूर्वक विकृत कर अपने मनगढ़ंत सांचे में ढाला गया। फलस्वरूप सामान्य जनजीवन अपनी सांस्कृतिक मूल्यों से दूर होता गया। हालांकि भारत के संतों और रणबांकुरों ने अपने पौरुष के बल पर सांस्कृतिक मूल्यों को बचाने की भरपूर चेष्टा की। वर्षों पूर्व भारतीय प्रजातांत्रिक राष्ट्र में महिला अधिकार और नारी मुक्ति की बातें कही जाती रहीं। इन दिनों महिला सशक्तिकरण के माध्यम से नारी की गरिमामय उपस्थिति को प्राथमिकता देकर भारतीय श्रेष्ठता सिद्ध करने की सराहनीय पहल की जा रही है।

आर्यावर्त, भरतखण्ड, जम्बूद्वीप जैसे विभिन्न नामों से जाना जाने वाला भारतवर्ष की पावन धरा पर सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग में ईस्वी की सातवीं सदी तक नारी कभी पराधीन नहीं रही जिसे मुक्ति या अधिकार देने की आवश्यकता पड़ी हो। सनातनी परंपराओं में नारी सदैव उच्च शिखर पर रही है। नर और नारी एक-दूसरे के पूरक तथा अभिन्न हैं–एक प्राण दो शरीर। महादेव और महादेवी के अर्धनारीश्वर स्वरूप का अवलोकन करने से स्पष्ट हो जाता है कि भिन्नता कहाँ है। भारत में आज भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है जिन्हें नारियों के वेद पठन-पाठन में अधर्म दिखाई देता है।




लेकिन उन्हें यह अवश्य जानना चाहिए कि भारत की महान नारियां ऋषिकाएं भी रही हैं और उन्होंने मंत्रों की रचना की है। इन ऋषिकाओं में मुख्यतः लोपा, विश्वबारा, मुद्रलोपा, मैत्रेयी, संघमित्रा आदि विदुषी नारियां थीं। दूसरी ओर राज्य संचालन से लेकर रणक्षेत्रों तक रघुवंशी महाराज सगर की महारानी से लेकर रानी दुर्गावती तक ने कुशलता पूर्वक सैन्य संचालन कर शत्रुओं से लोहा लिया। भारतीय मान्य परंपराओं में किसी विदेशी महिला का विवाह भारतीय पुरुष से होने पर वह अर्धांगिनी मानी जाती है और उसे स्वतः अधिकार मिल जाता है।

इंग्लैंड के फ्रांसिस बेकन को वैचारिक विश्व में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला माना जाता है। वह इंग्लैंड के तत्कालीन राजा जेम्स प्रथम का अधिवक्ता था। उसने भूमि को नारी के समकक्ष मानते हुए उस पर पूर्ण अधिकार का विचार दिया और प्रकृति के शोषण की बात कही। लेकिन आध्यात्मिक और धर्मप्रधान भारतीय संस्कृति में प्रकृति को माता कहकर उसके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जाती है और प्राकृतिक संपदा का दोहन करते हुए उसके संरक्षण पर बल दिया गया है। बेकन के विचारों को मानकर पश्चिमी वैज्ञानिकों ने नारी जाति पर पुरुषों के आधिपत्य की पुष्टि की। इस मानसिकता से मुक्ति पाने के लिए वहां की महिलाओं को कड़ा और भीषण संघर्ष करना पड़ा। इसी कारण नारी मुक्ति और अधिकार के नारे लगे तथा समानता का अधिकार मिला। परन्तु पुरुषों के समान व्यक्तिगत अधिकार मिलने के बाद पारिवारिक जीवन पर इसका प्रभाव भी पड़ा और दाम्पत्य जीवन में आत्मिक प्रेम की कमी से दरारें दिखाई देने लगीं।

एक आकलन के अनुसार बीस वर्षों में वैधानिक समानता के बावजूद व्यक्तिगत अहं के कारण दाम्पत्य जीवन में समरसता की कमी पाई गई। संयुक्त राज्य अमेरिका को पश्चिमी सभ्यता की 'बैक बोन' कहा जाता है। वहीं के समाजशास्त्री एम. स्कॉट पेक ने अपनी पुस्तक 'द डिफरेंट ड्रम' में लिखा कि व्यक्तिगत अधिकारों पर अत्यधिक जोर देने से हमारा दाम्पत्य और पारिवारिक जीवन छिन्न-भिन्न हो गया। वर्ष 1994 में अमेरिका ने 'पारिवारिक वर्ष' मनाकर परिवार की महत्ता के आलोक में नारी की श्रेष्ठता को स्वीकार किया। उल्लेखनीय है कि नारी की रक्षा और पारिवारिक जीवन में माता की महत्ता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए भगवान विष्णु और शिव को भी विभिन्न रूपों में नारी के गर्भ से जन्म लेना पड़ा।

प्राचीन भारत के महान सम्राटों ने नारी की महत्ता और श्रेष्ठता की रक्षा की। स्वतंत्र भारत में केंद्र और राज्य सरकारों ने भी नारी सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय पहल की है। तथापि भारत की पावन धरा पर महिलाओं की प्रताड़ना विभिन्न रूपों में आज भी जारी है। इसके लिए केवल सरकारों को दोष देना समाधान नहीं है। आवश्यक है कि हम अपनी निकृष्ट मानसिकता और अहंकार को त्याग कर सकारात्मक सोच विकसित करें। हमें अपने सांस्कृतिक मूल्यों का गहन चिंतन-मनन करना चाहिए और समझना चाहिए कि भारतीय दर्शन में नारियां कितनी उच्च शिखर पर रही हैं। जिसने भी मर्यादा लांघने की चेष्टा की उसे दंड भोगना पड़ा। कहा जाता है कि जब मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अपनी पत्नी माता सीता के साथ अयोध्या लौटे तो सीता जी उनके चरण स्पर्श करने के लिए झुकीं। तब श्रीराम ने उन्हें चरण छूने नहीं दिया और स्नेह से गले लगाते हुए कहा– 'सीते, तुम मेरी सखा हो, जीवन संगिनी हो।' अस्तु युग बदला है और बदलना ही नियति है। किंतु भारत की सांस्कृतिक मूल्यों में नारी सदैव सम्मान के शिखर पर रही है। नारी प्रताड़ना और उपेक्षा का नाम नहीं बल्कि पुरुषों की मर्यादा और शक्ति रही है। नारी आज भी माता, भगिनी, बेटी, बुआ, दादी और नानी के रूप में हमें ममता की छांव प्रदान करती है।

## आवारा कुत्तों के हमले में 32 भेड़ों की मौत, गरीब किसान की जीविका पर संकट



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड क्षेत्र के पोड़ैया गांव में मंगलवार रात एक दुखद घटना सामने आई, जहां आवारा कुत्तों के हमले में एक किसान की 32 भेड़ों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पोडेया निवासी छोटू गोप पिता स्व. डिलो महतो भेड़ पालन कर अपने परिवार का जीविकोपार्जन करते थे। बताया जाता है कि मंगलवार देर रात चार-पांच आवारा कुत्ते भेड़ों के बाड़े में घुस गए और सभी भेड़ों को काट दिया। बुधवार सुबह जब किसान छोटू गोप भेड़ों को बाहर निकालने के लिए पहुंचे, तो देखा कि कुत्ते वहां से भाग रहे थे। अंदर जाकर देखने पर सभी 32 भेड़ें मृत पड़ी थीं। इस घटना से किसान को भारी आर्थिक क्षति हुई है। किसान ने बताया कि उसने वर्षों की मेहनत और जमा पूंजी से इतनी भेड़ें इकट्ठा की थीं, लेकिन एक ही रात में सब खत्म हो गया। होली के समय हुई इस घटना से किसान और उसका परिवार गहरे सदमे में है। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता गोविंद यादव मौके पर पहुंचे और किसान की स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से पीड़ित किसान को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## श्री श्याम परिवार करियातपुर द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित

**● कार्यक्रम में करियातर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार हुए शामिल, श्याम प्रेमियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर दी बधाई**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड के करियातपुर गांव में श्री श्याम परिवार की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन बड़े ही उत्साह और भाईचारे के माहौल में किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के श्याम प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि करियातर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार शामिल हुए। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को होली की बधाई देते हुए कहा कि होली आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का पर्व है, जो समाज को एकता के सूत्र में बांधने का काम करता है।

ऐसे कार्यक्रमों से समाज में आपसी मेल-जोल और सद्भावना को बढ़ावा मिलता है। होली मिलन समारोह के दौरान सभी श्याम भक्तों ने एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा कीं और पारंपरिक तरीके से गुलाल लगाकर त्योहार की खुशियां मनाईं। पूरे आयोजन में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर वासुदेव केसरी, अर्जुन केसरी, राजकिशोर केसरी, अनिल जायसवाल, तोखन प्रजापति, दीपक केसरी, अमित केसरी, सुजीत केसरी, दीपू केसरी, आशीष केसरी, लाल जी रविदास, रामकुमार दास, अशोक केसरी, चंदन केसरी, सूरज केसरी, रितेश केसरी, मोनू केसरी सहित बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने समाज में आपसी भाईचारे और प्रेम को बनाए रखने का संकल्प लिया और भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों को जारी रखने की बात कही।

## जरूरतमंदों के बीच राशन वितरण कर मनाई गई सच्ची होली

**● पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप सहित समाजसेवियों के सहयोग से दर्जनों परिवारों को मिली राहत, चेहरों पर लौटी मुस्कान**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** होली केवल रंगों और गुलाल का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और मानवता का प्रतीक भी है। इसी भावना को साकार करते हुए क्षेत्र में जरूरतमंद एवं गरीब परिवारों के बीच राशन सामग्री का वितरण कर सच्चे अर्थों में होली मनाई गई। इस पहल से दर्जनों परिवारों के चेहरे पर खुशी और संतोष की झलक देखने को मिली। होली के मौके पर जहां एक ओर गांव और शहरों में रंग-गुलाल के साथ उत्सव का माहौल था, वहीं कुछ ऐसे परिवार भी थे जिनके लिए आर्थिक तंगी के कारण यह पर्व फीका पड़ रहा था। ऐसे परिवारों की स्थिति को देखते हुए समाजसेवियों की एक टीम ने मिलकर यह संकल्प लिया कि इस बार होली की खुशियां उन लोगों तक भी पहुंचाई जाएं, जो संसाधनों के अभाव में त्योहार मनाने से वंचित रह जाते हैं।

इसी सोच के साथ क्षेत्र के कई गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के बीच राशन सामग्री का वितरण किया गया। राशन पाकर लाभुक परिवारों ने आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इस सहयोग से वे भी अपने परिवार के साथ होली का पर्व खुशी और सम्मान के साथ मना सकेंगे। इस सामाजिक पहल में पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, पूरन राम, सिकंदर कुमार, सतीश कुमार, दीपक केसरी, राजू प्रजापति, अरविंद कुमार, रत्नलाल, मो. वासिम, पंकज कुमार एवं सुरेंद्र पंडित सहित कई समाजसेवियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी के सहयोग और संयुक्त प्रयास से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। आयोजकों ने कहा कि यह प्रयास भले ही छोटा हो, लेकिन इसका उद्देश्य समाज को यह संदेश देना है कि यदि हम सभी मिलकर आगे बढ़ें तो कोई भी गरीब परिवार त्योहार की खुशियों से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि हर खुशी के अवसर पर जरूरतमंदों को भी याद करें और उनकी जिंदगी में खुशियों के रंग भरने का प्रयास करें। यही सच्ची होली और असली मानवता की पहचान है।

## विविध रंग-उमंग एवं अनुराग भरा गुलालों का त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः-** रंगोत्सव पर्व होली प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया सहित सुदूर ग्रामीण इलाकों में 4 मार्च को बड़े ही उल्लास के साथ सम्पन्न हो गया। इस अवसर पर तरुणों व बच्चों-बच्चियों ने विशेष रूप से हर्षोल्लासपूर्वक होली खेलते हुए एक-दूसरे को रंग लगाकर शुभकामनाएं दीं, जबकि वयस्कों के चरणों में गुलाल अर्पित कर आशीर्वाद लिया। होली का पर्व प्रखण्ड के सीमावर्ती क्षेत्र राधानगर से लेकर सुदूर ग्रामीण इलाकों में पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। होली को शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए ग्रामीण पुलिस चौक-चौराहों पर तैनात रही। वहीं पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह चौकस दिखाई दिया।

## होली खेलने के बाद स्नान करने गए दो किशोरों की त्रिवेणी संगम में डूबने से मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गिरिडीह, झारखंडः-** गिरिडीह जिले में होली के दिन एक दर्दनाक हादसे में दो किशोरों की नदी में डूबने से मौत हो गई। यह घटना जमुआ और देवरी प्रखंड की मध्य सीमा पर स्थित गोदावरी त्रिवेणी संगम में बुधवार को हुई। मिली जानकारी के अनुसार, देवरी थाना क्षेत्र के चतरो बाजार निवासी संजय साव के पुत्र करण कुमार और पुरनीगड़िया गांव निवासी कृष्णा विश्वकर्मा के पुत्र दीपक कुमार होली खेलने के बाद अपने दोस्तों के साथ स्नान करने के लिए त्रिवेणी संगम गए थे। स्नान के दौरान दोनों किशोर अचानक गहरे पानी में चले गए और डूब गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग नदी में उतरकर खोजबीन में जुट गए। आसपास के युवकों ने काफी देर तक पानी में दोनों की तलाश की। बाद में बेंगाबाद के खंडोली से गोताखोरों की टीम भी मौके पर पहुंची। करीब ढाई से तीन घंटे की मशक्कत के बाद दोनों किशोरों को पानी से बाहर निकाला गया। इसके बाद उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद जब दोनों किशोरों के शव गांव लाए गए तो पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई और गांव का माहौल गमगीन हो गया। खोरीमहुआ के एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि नदी में डूबने से दो किशोरों की मौत हुई है।

## एकदिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल सम्पन्न, मुख्य अतिथि सत्य शिक्षानंद मुर्मू ने किया उद्घाटन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़, झारखंडः-** न्यू संताली स्पोर्टिंग क्लब चन्द्रमाली, गोपीकांदर (दुमका) के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में झारखण्ड जनाधिकार संघर्ष मोर्चा (JJSM) के केन्द्रीय अध्यक्ष सत्य शिक्षानंद मुर्मू शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने टॉस कर तथा फुटबॉल को किक मारकर खेल का शुभारम्भ किया। इस दौरान उपस्थित खिलाड़ियों एवं दर्शकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड, विशेषकर संताल परगना क्षेत्र, खनिज संपदा के मामले में अत्यंत समृद्ध है, लेकिन यहां के लोग आज भी अशिक्षा, बेरोजगारी, शोषण और गरीबी से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि संताल परगना क्षेत्र लंबे समय से उपेक्षित रहा है, जिससे यहां के लोगों का जीवन काफी कठिन बना हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि अपने अधिकारों की प्राप्ति और सम्मानजनक जीवन के लिए लोगों को शोषण के विरुद्ध संगठित होकर संघर्ष करना होगा। तभी क्षेत्र में वास्तविक विकास संभव हो सकेगा। टूर्नामेंट के समापन पर विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार केन्द्रीय अध्यक्ष सत्य शिक्षानंद मुर्मू द्वारा प्रदान किया गया। वहीं द्वितीय पुरस्कार महिला मोर्चा की केन्द्रीय अध्यक्ष जोवान्ना हेम्ब्रम ने प्रदान किया। इसके अलावा अन्य पुरस्कार ग्राम प्रधान रोबिन हांसदा, महासचिव नागेन्द्र सोरेन तथा जिलाध्यक्ष राहुल हेम्ब्रम ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों को दिए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में खेलप्रेमी, स्थानीय ग्रामीण तथा आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित थे। टूर्नामेंट के सफल आयोजन पर क्षेत्र में खुशी का माहौल देखा गया।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा




**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत चार माइल के पास हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कपिल यादव लगभग 21 वर्ष पिता सोहन महतो, निवासी ग्राम पोड़ैया के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चार माइल के समीप हुए सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, अस्पताल लाने के दौरान उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बरही लाया। बुधवार को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में प्रशासन की मौजूदगी में मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है। वहीं स्थानीय लोगों ने दुर्घटना को लेकर शोक व्यक्त किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# शराब के पैसे को लेकर हुए विवाद में दामाद की हत्या का खुलासा, दो गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पलामू, झारखंडः-** पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के चेडाबार में 28 फरवरी को हुई युवक युगेश सिंह की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, मृतक युगेश सिंह पलामू के नावाबाजार थाना क्षेत्र का निवासी था और उसका ससुराल चेडाबार गांव में है। 28 फरवरी को उसका शव कोयल नदी के किनारे झाड़ियों से बरामद हुआ था। इस मामले में मृतक की पत्नी ने चैनपुर थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पलामू पुलिस ने जांच के दौरान मामले का खुलासा करते हुए चेडाबार निवासी शिवपूजन सिंह और जयप्रकाश सिंह को गिरफ्तार किया है।




इस संबंध में पलामू की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने जानकारी दी कि शराब के लिए पैसे मांगने को लेकर हुए विवाद में इस हत्या को अंजाम दिया गया था। एसपी के अनुसार घटना के दिन युगेश सिंह शराब के नशे में बैठा हुआ था। इसी दौरान दोनों आरोपी वहां पहुंचे और उससे शराब के लिए पैसे मांगने लगे। पैसे को लेकर विवाद बढ़ गया, जिसके बाद आरोपियों ने युगेश के सिर पर फाइटर से वार किया और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपियों ने शव को कोयल नदी किनारे झाड़ियों में फेंक दिया था। पुलिस ने तफ्तीश कर मामले का खुलासा करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस हत्याकांड के उद्भेदन में इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो, चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा, सब इंस्पेक्टर बाबूलाल दुबे, छत्रधारी कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों की भूमिका सराहनीय रही।

# आज विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगी विधायक मोना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना आज शुक्रवार को निर्वाचन क्षेत्र के दौरे पर आयेंगी। वह दिन में साढ़े बारह बजे भटनी में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगी। इसके बाद विधायक मोना यहां आयोजित शैक्षिक संगोष्ठी में शामिल होंगी। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

# बेहराबाद में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई होली, भाईचारे के संदेश के बीच दिखा उत्साह का माहौल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड अंतर्गत भंडारों पंचायत के बेहराबाद सहित पूरे पंचायत में इस वर्ष होली का पर्व पूरे हर्षोल्लास, आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही गांव की गलियों में रंग और गुलाल की बौछार देखने को मिली। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने उत्साहपूर्वक इस रंगों के पर्व में भाग लिया और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। होली के अवसर पर पंचायत क्षेत्र में युवाओं ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर नृत्य किया और पारंपरिक फगुआ गीतों से माहौल को पूरी तरह रंगमय बना दिया। पूरे दिन गांव में खुशी और उमंग का वातावरण बना रहा। इस मौके पर धीरज पाण्डेय, ऋषि पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय, पिंटू पाण्डेय, अमन पाण्डेय, रितिक पाण्डेय, पंकज पाण्डेय, विक्रम पाण्डेय, मनीष पाण्डेय, नवरत्न पाण्डेय, राजेश पाण्डेय, चंदन पाण्डेय सतीश पाण्डेय, निलेश पाण्डेय, रोशन पाण्डेय, रितेश पाण्डेय, प्रवीण पाण्डेय, भोला पाण्डेय, नीरज पाण्डेय, दिगम्बर पाण्डेय, अमित पाण्डेय, रूपेश पाण्डेय, सुधांशु पाण्डेय, बिपिन पाण्डेय, विवेक पाण्डेय अंकुल पाण्डेय सहित कई युवाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। सभी ने मिलकर होली को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने का संदेश दिया। युवाओं ने कहा कि होली आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम और भाईचारे को मजबूत करने का पर्व है, और इसी भावना के साथ पूरे गांव में त्योहार मनाया गया। बुजुर्गों एवं महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे दिन रंगों की फुहार और हंसी-ठिठोली के बीच बेहराबाद में होली का पर्व शांति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ।



## संक्षिप्त खबरें

### पीआरबी की मौजूदगी में कैसे भाग गया ट्रैक्टर ?

**कोंच(जालौन)-** पंचानन चौराहे पर हुए दर्दनाक हादसे के समय घटना स्थल के पास ही यूपी 112 की पीआरबी गाड़ी मौजूद होने की बात सामने आने के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यदि पीआरबी के जवान तत्परता दिखाते तो तेज रफ्तार ट्रैक्टर और उसका चालक मौके से फरार नहीं हो पाते। पुलिस की उदासीनता के चलते आरोपी ट्रैक्टर चालक भाग निकला, जिससे लोगों में भारी आक्रोश है।

**भीड़ का आरोप, खुलेआम सड़कों पर दौड़ते रहते हैं तेज रफ्तार ट्रैक्टर, क्यों नहीं होती कार्रवाई**

कोंच(जालौन)- हादसे के बाद चौराहे पर जुटी भीड़ ने पुलिस और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। लोगों का कहना था कि नगर में दिन-रात तेज रफ्तार ट्रैक्टर खुलेआम सड़कों पर दौड़ते रहते हैं लेकिन न तो उनकी गति पर कोई नियंत्रण है और न ही किसी तरह की नियमित कार्रवाई की जाती है। भीड़ ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायतों के बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने रहते हैं जिसका नतीजा आज एक निर्दोष की मौत के रूप में सामने आया। आक्रोशित लोगों का कहना था कि यदि समय रहते तेज रफ्तार और बिना नियम चल रहे ट्रैक्टरों पर सख्ती की गई होती तो यह हादसा टल सकता था। लोगों ने सवाल उठाया कि आखिर कोंच की सड़कों पर ट्रैक्टर किसकी अनुमति से रफ्तार भर रहे हैं और उन पर लगाम क्यों नहीं लगाई जा रही है।

### परंपरागत रूप से की गयी दौज महारानी की पूजा



**भाइयों ने बहिनों से तिलक कराकर रक्षा करने का दिया वचन**

**कोंच(जालौन)-** होली पर्व के अगले दिन दौज महारानी की पूजा परंपरागत रूप से की गयी। प्राचीन काल की पुरानी मान्यता के तहत घरों की देहरी पर गोबर से दौज महारानी की आकृति बनाकर परिवार की महिलाओं ने सामूहिक रूप से मूसर से हरे पत्तों की कटईया कुचलकर दौज महारानी को गुलाल लगाकर व पुष्प चढ़ाकर पूरी खीर आदि का भोग लगाया और दौज महारानी से धन धान्य प्राप्ति की कामना की, तदुपरांत महिलाओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया। दुकानों/प्रतिष्ठानों पर भी दौज महारानी की पूजा की गयी जिसके बाद ही लोगों ने अपना व्यापार शुरू किया। वहीं बहिनों ने भाईदूज पर्व के दिन भाइयों की आरती उतारकर व माथे पर तिलक कर उनका मुँह मीठा कराया और भाइयों की दीर्घायु की कामना की जबकि भाइयों ने भी बहिनों की जीवन पर्यन्त रक्षा करने का संकल्प लेते हुए बहिनों को उपहार भेंट किये।

### मस्ती, उमंग और उत्साह के साथ मनाई गई होली



**सड़कों और बाजारों में उड़ी गुलाल, जगह-जगह पुलिस तैनात**

**तालबेहट।** रंगों का त्योहार होली बुधवार को पूरे क्षेत्र में मस्ती, उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही सड़कों और गलियों में गुलाल उड़ने लगी। युवाओं की टोलियां बाइकों पर सवार होकर एक-दूसरे को रंग लगाते और गुलाल उड़ाते नजर आईं।

नगर के पेट्रोल पंप तिराहे, बस स्टैंड और प्रमुख बाजारों में दिनभर होली की रौनक बनी रही। लोग एक-दूसरे के घर पहुंचकर अबीर-गुलाल लगाते और होली की शुभकामनाएं देते दिखे।

त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा। हुड़दंगियों पर पुलिस की खास नजर रही, जिससे कहीं कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई। वहीं तरगुंवा स्थित भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं।

गुरुवार को दोज का पर्व भी पारंपरिक तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर सीओ आशीष मिश्रा, कोतवाल मनोज मिश्रा ने पुलिस कर्मियों के साथ थाने परिसर में आपस में गुलाल लगाकर होली का आनंद लिया। जमकर होली की मेहनत का आनंद लिया। ढोल नगाड़ो की थाप पर जमकर पुलिसकर्मी और दरोगा नाच गा कर होली खेले। समूचे क्षेत्र में शांति सौहार्द के साथ होली का परंपरागत त्यौहार मनाया गया।

# सतरंगी होली पर्व पर आयोजित महामूर्ख सम्मेलन में जुटी हजारों की भीड़

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोंच(जालौन)-** होली के सतरंगी पर्व पर बुधवार की दोपहर नगर के केलरगंज में 'बुंदेली संस्कृति एवं लोक कला संबर्द्धन संस्थान' के तत्वाधान में विगत वर्षों की भांति महामूर्ख सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजन में हजारों की संख्या में मौजूद मूर्खों के बीच दूल्हा वेश धारण किए जैसे ही मूर्खाधिराज पधारे, मूर्खों की जमात ने उनका जोरदार स्वागत किया। वरिष्ठ गल्ला व्यापारी सुशील निरंजन मास्टर इस साल के महामूर्ख पद पर प्रतिष्ठित किए गए थे। परंपरागत रूप से पिछले कमोवेश पांच दशक से विभिन्न सांस्कृतिक संस्थाओं के तत्वाधान में अनवरत जारी इस महामूर्ख सम्मेलन की बागडोर अब बुंदेली संस्कृति एवं लोक कला संवर्धन संस्थान के हाथों में है। मूर्खाधिराज सुशील निरंजन मास्टर के अलावा क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन, एमएलसी प्रतिनिधि आरपी निरंजन, जेडीसी बैंक के डायरेक्टर सुभाष उदय पिंडारी, पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सत्येंद्र निरंजन शीलू, पूर्व बारसंघ अध्यक्ष विनोद अग्निहोत्री, अपना दल के क्षेत्रीय अध्यक्ष आनंद पटेल बाबूजी वोहरा, प्रतीक मिश्रा गोलू, पिंकू ऊंचागांव, महेंद्र सोनी लला, इप्टा अध्यक्ष अनिल वैद एड, अपना दल जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी, डॉ नईम, अंशुल मिश्रा, प्रदीप धनौरा, मिस्टर धनौरा, वारिस राईन, नीरव तरसौलिया, बंटे राठौर, अमित पिपरैया, सारिक मुखिया समेत दर्जनों मूर्ख उनके बारातियों के तौर पर मंच पर रहे। कोतवाल ब्रजेश बहादुर सिंह, अतिरिक्त निरीक्षक लल्लूराम, वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार, एसआई अशोक कुमार वर्मा भी कार्यक्रम में शामिल रहे। आयोजक संस्था के प्रबंधक पुरुषोत्तमदास रिछारिया, हरिश्चंद्र तिवारी, संजय सोनी, राजीव पटेल, सपा नगर अध्यक्ष अमित यादव, बसपा नगर अध्यक्ष महेंद्र सिंह कुशवाहा, सुधीर सोनी, अभिषेक रिछारिया 'पुन्नी', संजय दतिया वाले, करुणानिधि शुक्ला, सौरभ मिश्रा, डॉ. वीरेंद्र त्रिपाठी, तरुण निरंजन, रविकांत द्विवेदी, विवेक दुवे, राहुल राठौर, बंटी गिरवासिया, सुंदरम सोनी, दुर्गेश कुशवाहा, नवीन कुशवाहा, शुभम तिवारी, बट्टू मंसूरी, मारुतिनंदन आदि ने मूर्खाधिराज समेत अतिथियों का स्वागत किया। संचालन रंगकर्मी ध्रुव सोनी ने किया। इसके बाद हंसाने और गुदगुदाने का दौर शुरू हुआ, हास्य और प्रहसन के दौर में मूर्खाधिराज से जुड़े अतीत को कुरेद कर उनकी पोलें खोली गई। मूर्खाधिराज की जयमाल रस्म में खूब तालियां बजी। शिक्षक कमलेश निरंजन, मनोहर निरंजन, भास्कर सिंह माणिक्य, रुचिर नायक ने व्यंग्य बांचे। विधायक मूलचंद्र निरंजन, एमएलसी प्रतिनिधि आरपी निरंजन, अपना दल क्षेत्रीय अध्यक्ष आनंद बाबूजी एवं मूर्खाधिराज सुशील निरंजन ने इस परंपरा को कोंच की विरासत बताते हुए कहा कि होली जैसे अन्य पर्वों पर भी लोगों को आपसी बैमनस्यता त्याग कर एक दूसरे की मदद करते हुए हंसी खुशी अपना जीवन व्यतीत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि खुद प्रसन्न रहने और दूसरों को प्रसन्न करने की कला जिसने सीख ली वही पर्वों के सही महत्व को जान सकता है और दूसरों को भी बता सकता है। ऐसा समाज बनाएं जिसमें सभी एक दूसरे की चिंता करते हों। इस तरह के आयोजन सामाजिक एकता और समरसता के संवाहक होते हैं जिन्हें निरंतर गतिमान रहना चाहिए। इससे पूर्व दोपहर ठीक बारह बजे मूर्खाधिराज की बारात गाजे-बाजे के साथ गल्ला मंडी से निकल कर डीजे की धुनों पर नाचती गाती मुख्य राजमार्ग पर होकर केलरगंज में सम्मेलन स्थल तक पहुंची। महामूर्ख बग्घी पर सवार थे और रास्ते में कई जगह बारात का जोरदार स्वागत किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने अपने आवास पर मूर्खाधिराज की बारात का जोरदार स्वागत किया व उन्होंने गुझिया पपडियां की माला पहनाकर उनका स्वागत किया। चंदकुआं पर गल्ला व्यापारी छोटू तिवारी ने, केलरगंज में किराना व्यापारी कमलेश गिरवासिया व संजू गिरवासिया ने भी अपने आवास पर स्वागत किया।

# आरएसएस स्वयंसेवक मलिन बस्ती में लोगों को गुलाल लगाकर मिले गले





### ●होली पर्व समाज को जोड़ने और भेदभाव मिटाने का संदेश देता है- मूलचंद्र

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोंच(जालौन)-** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा मनाए जाने वाले प्रमुख 6 उत्सवों में शामिल होली उत्सव तहसील के समीप स्थित भारत माता मंदिर (शाखा स्थल) पर मनाया गया। जिसके बाद स्वयंसेवकों ने मलिन बस्ती में जाकर वहां रहने वाले लोगों को गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दी।

सर्वप्रथम भगवा ध्वज फहराया गया, तदुपरांत संघ प्रार्थना हुई। समारोह में शामिल संघ स्वयंसेवकों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले लगाया और होली पर्व की एक दूसरे को शुभकामनाएं देकर समाज व देश को एक रंग में रंगने का आह्वान किया। क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन, पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, मुख्य वक्ता केके मिश्रा, नगर संघ चालक पवन झा ने स्वयंसेवकों के बीच अपने उद्बोधन में कहा कि होली पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे, सौहार्द और समरसता का पर्व है। यह पर्व समाज को जोड़ने और भेदभाव मिटाने का संदेश देता है। भारतीय परम्पराओं और त्योहारों के माध्यम से समाज में एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ किया जा सकता है। इस अवसर पर संघ के नगर कार्यवाह ऋषभ गिरवासिया, नगर प्रचारक शुभम, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, अरुण मिश्रा, अन्नू गहलोत, नरसिंह गहरवार, ओमप्रकाश अग्रवाल एड, शिशिर प्रताप सिंह, बाबूराम पाल, सागर बोहरे, संजीव गर्ग, प्रवीण सिंघल, विनय बुहारे, सुरेंद्र तिवारी, अमित उपाध्याय, नरेश वर्मा, आनंद सकेरे, सुशील दूरबार आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# तीर्थंकरो के द्वारा होती है धर्म तीर्थ की स्थापना -मुनि सुधासागर

### ●सतोदय तीर्थ सेरोन में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का ध्वजारोहण से हुआ आगाज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** जनपद के सतोदय तीर्थ सेरोन में श्री मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आज तीर्थ चक्रवर्ती निर्यापक श्रमण मुनि सुधासागर महाराज के ससंघ सानिध्य ध्वजारोहण के साथ आगाज हुआ। प्रारम्भ में भव्य कलश यात्रा जिसमें आगे आगे ध्वजपताकाए लिए हुए प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रमुख पात्र सुसज्जित हाथियों पर सवार होकर आगे आगे चल रहे थे उनके पीछे महिलाए मंगल कलश लेकर अनुशत्तित्त बल रही थी। निर्धारित मार्गो से होते हुए मंगल कलशयात्रा आयोजन स्थल पर पहुंची जहां मुनिसंघ के सान्निध्य में ध्वजारोहण पुण्योजक परिवार विकास जैन प्रियंका जैन सीए द्वारा किया जबकि मण्डप का शुभारम्भ नीतेश जैन विलौआ जखौरा ने किया।

इस मौके पर धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए निर्यापक श्रमण मुनि सुधासागर महाराज ने धर्म की महिमा बताते हुए कहा पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के माध्यम से जीवन में जहां परिणामों में विशुद्धि बढती वहीं आत्मा पवित्र और निर्मल होती है पंचकल्याणक में तीर्थंकर के पांचों कल्याणकों को स्वर्ग से सौधर्म इन्द्र आकर मनाते हैं। उन्होने कहा नारी में स्वयं का अस्तित्व नहीं रहता और कोई भी नारी नहीं बनना चाहता लेकिन एक सामान्य मां भी धन्य हो जाती है जब यह पंचकल्याणक में तीर्थंकर की मां बनती है वह सर्व वंदनीय जो जाती है। जैन धर्म अनादि काल से है हर तीर्थंकर अपने अपने समय में धर्म तीर्थ की स्थापना करते हैं। तीर्थंकर ऐसी आत्मा होती है जो तीनों लोकों में सभी के सुख की भावना और कल्याण की भावना नाती है आज उन्हीं तीर्थंकरों के कल्याणकों को मना रहे हैं।

मध्यान्ह में प्रतिष्ठाचार्य ब्रहमचारी प्रदीप भैया सुयश के मार्गदर्शन में शान्ति मंत्र पात्र शुद्धि सकलीकरण की मांगलिक क्रियाए मुख्य पात्र भगवान के माता पित्ता महाराजा नाभिराय मरूदेवी मालतीदेवी महेन्द्र सराफ, अनुपमा जैन-सतीश जैन चंटी बजाज सौधर्म इन्द्र सुमन विमल जैन सराफ महायज्ञनायक, सीमा जैन सिंघई मनोज जैन बबीना धनपत्ति कुबेर, ममता अमित जैन बल्ली डौगरा,भरत चक्रवर्ती, विजय जैन लागौन वाहुवलि, नीतेश जैन विलौआ जखौरा राजा सौम, देवेन्द्रकुमार मंजू जैन राजा श्रयांस, पवन जैन बाबा मार्वल ईशान इन्द्र, समता जैन आनंद जैन साइकिल सानत इन्द्र, विधिनायक राजू जैन मडावरा समेत इन्द्र इन्द्राणियों की हुई। इसके उपरान्त नैमेतिक पूजन के उपरान्त यागमण्डल विधान सम्पन्न हुआ जिसमें उपस्थित इन्द्र इन्द्राणियों ने भक्तिपूर्वक प्रभु के सम्मुख अर्घ समर्पित किए। सायकाल जिज्ञासा समाधान के दौरान मुनि श्री ने श्रावको द्वारा की गई जिज्ञासाओं का सम्यक समाधान किया। इसके उपरान्त महाआरती भव्य शोभायात्रा के साथ पहुंची जहां इन्द्र इन्द्राणियों ने प्रभु की भक्ति की। तदुपरान्त अयोध्यापुरी में सौधर्म इन्द्र की समा में तत्वचर्चा के दौरान आसन कम्पायमान हुआ। अवधिज्ञान द्वारा धनपति कुवेर का आगमन एवं रत्नों की दृष्टि हुई देवियों द्वारा माता मरूदेवी को सोलह स्वप्न इन्द्र दर्शन तथा अष्टकुमारियों ने माता की सेवा कर भेंट समर्पित की।

व्यवस्थाओं को सतोदय तीर्थ सेरोन अध्यक्ष सतीश जैन वंटी, महामंत्री सिंघई मनोज जैन, कोषाध्यक्ष विजय जैन लागौन, अरविन्द जैन बरोदा, अजय जैन जखौरा, आनंद जैन साइ?किल, नीतेश विलौआ, अमितेश जैन, मुकेश जैन नेता, राजेन्द्र मिठया, श्रयांस जैन गदयाना, अरूण जैन, अजय जैन, अभय जैन, अमित जैन, प्रदीप जैन बरौदा, रवि जैन, अवध किशोर जैन के अतिरिक्त जैन पंचायत के अध्यक्ष डा0 अक्षय टड़या, महामंत्री आकाश जैन, संयोजक सनत खजुरिया समेत पूरी टीम द्वारा संयोजित की जा रही हैं।

**प्रतिष्ठा महोत्सव में जन्मकल्याणक आज**

प्रतिष्ठा महोत्सव में आज 6 मार्च को प्रातःकाल नित्यमह अभिषेक पूजन के उपरान्त प्रातः 7-11 बजे तीर्थकर बालक का जन्म, अयोध्या में बधाईयां सौधर्म इन्द्र शचि तीर्थंकर बालक को लेकर ऐरावत्त हाथी पर आरुढ होकर अयोध्यानगरी की परिक्रमा के उपरान्त प्रतिष्ठामंच पर शचि सौधर्म इन्द्र की वार्ता का अलौकिक दृश्य। मुनि श्री सुधासागर महाराज के प्रवचन के उपराना सौधर्म इन्द्र सचि इन्द्राणि का ऐरावत हाथी पर पाण्डुक होकर वन प्रस्थान जन्माभिषेक जलूस प्रमुख मार्गो से होते हुए पाण्डुकशिला पर पहुंचेगा जहां 1008 कलशों द्वारा तीर्थंकर वालक का अभिषेक। उक्त जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी अक्षय अलया ने बताया कि सायंकाल आचार्य भक्ति जिज्ञासा समाधान के उपरान्त आरती के बाद महाराजा नाभिराय का राजदरवार तीर्थंकर बालक का पालना झूला एवं बालकीड़ा का मंचन होगा।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार किसान की हुई मौत

### ●कार्यवाही की मांग को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने लगाया जाम, काटा हंगामा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोंच(जालौन)-** नगर में पंचानन चौराहे पर मंगलवार की देर शाम तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर सहित फरार हो गया। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने चौराहे पर हंगामा काटते हुए चौराहे पर आड़े तिरछे वाहन खड़े कर करीब दो घंटे तक जाम लगाए रखा। त्योहार के समय आवागमन ठप रहने से राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।



मामले के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदेवरा निवासी किसान संजीव पटेल उर्फ बबलू (48) मंगलवार की शाम बाइक से कोंच आया था। कुछ देर बाद वह वापस अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वह पंचानन चौराहे पर पहुंचा, सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और उसे रौंदते हुए निकल गया। पीछे चल रहे एक अन्य ट्रैक्टर को मौके पर मौजूद लोगों ने रोक लिया जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। हादसे के बाद राहगीरों ने गंभीर रूप से घायल संजीव को तत्काल कोंच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजन व ग्रामीण बड़ी संख्या में पंचानन चौराहे पर पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। आक्रोशित लोगों ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने, नगर में तेज रफ्तार दौड़ रहे ट्रैक्टरों पर कार्रवाई और आरोपी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग करने लगे। मौके पर पहुंचे सीओ परमेश्वर प्रसाद व कोतवाल ब्रजेश बहादुर सिंह ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ अपनी मांगों पर अड़ी रही। इस दौरान पुलिस और आक्रोशित लोगों के बीच नोकझोंक भी हुई। करीब दो घंटे बाद सीओ के आश्वासन पर जाम खुल सका तब जाकर आवागमन सामान्य हुआ। जिसके बाद पुलिस ने सीएचसी में आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है। मृतक के तीन बेटियां ही हैं जिनमें से दो की शादी हो चुकी है। मृतक लघु किसान था जिसके नाम मात्र दो बीघा ही जमीन थी। घर में वह अकेला ही था जो परिवार का भरण पोषण करता था।

# शहर में मौत बनकर दौड़ रहे ओवरलोड गिट्टी डम्पर

### ●एआरटीओ की सुस्ती से बढ़ा खतरा, जर्जर सड़कों पर हर पल हादसे का डर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** शहर की सड़कों पर इन दिनों गिट्टी से लदे ओवरलोड डंपर बेखौफ दौड़ रहे हैं, जिससे किसी बड़े सड़क हादसे की आशंका दिन-ब-दिन गहराती जा रही है। नियमों को ताक पर रखकर चल रहे ये भारी वाहन न केवल आम लोगों की जान जोखिम में डाल रहे हैं, बल्कि करोड़ों की लागत से बनी सड़कों को भी समय से पहले तबाह कर रहे हैं।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रात होते ही शहर के प्रमुख मार्गों बाजार, स्कूल क्षेत्रों और आवासीय इलाकोंसे क्षमता से कई गुना अधिक भार लेकर डंपर गुजरते हैं। ओवरलोडिंग के कारण इन वाहनों की ब्रेकिंग दूरी बढ़ जाती है, स्टेयरिंग नियंत्रण कमजोर पड़ता है और जरा सी चूक बड़े हादसे में बदल सकती है।

**सड़कें टूट रहीं, हादसे को न्यौता**

जानकार बताते हैं कि मानक से अधिक वजन लेकर चलने वाले भारी वाहन सड़क की संरचना पर कई गुना दबाव डालते हैं। इसी का परिणाम है कि शहर की कई सड़कों पर समय से पहले गडढे उभर आए हैं और डामर उखड़ रहा है। कई जगहों पर चलते डंपरों से गिरती गिट्टी और धूल दोपहिया चालकों के लिए फिसलन भरा जाल बन चुकी है।

**एआरटीओ की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल**

शहरवासियों में इस बात को लेकर तीखी नाराजगी है कि ओवरलोडिंग पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा। लोगों का आरोप है कि यदि एआरटीओ विभाग नियमित चैकिंग, वेट ब्रिज सत्यापन और कड़ी चालान कार्रवाई करे तो इस समस्या पर तुरंत नियंत्रण पाया जा सकता है।स्थानीय व्यापारियों और अभिभावकों का कहना है कि सरेआम दौड़ रहे ओवरलोड वाहनों के बावजूद कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही, जिससे विभागीय ढिलाई पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**बाजार क्षेत्र सबसे ज्यादा संवेदनशील**

यातायात विशेषज्ञों के अनुसार शाम के व्यस्त बाजार घंटों में भारी डम्परों की आवाजाही बेहद खतरनाक है। भीड़भाड़ वाले इलाकों में ओवरलोड वाहन पलटने या ब्रेक फेल होने की स्थिति में बड़े पैमाने पर जनहानि से इनकार नहीं किया जा सकता।

**कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा**

विशेषज्ञों की चेतावनी है कि यदि तुरंत सख्त अभियान नहीं चलाया गया तो ललितपुर में गंभीर सड़क दुर्घटना होना तय माना जा रहा है। लगातार बढ़ रही ओवरलोडिंग शहर के लिए चलता-फिरता खतरा बन चुकी है।

**शहरवासियों की मांग**

ओवरलोड वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान, प्रमुख मार्गों पर 24 इनटू 7 चेकिंग, दोषी वाहन मालिकों पर भारी जुर्माना और परमिट निलंबन, स्कूल और बाजार क्षेत्रों में भारी वाहनों का समयबद्ध प्रतिबंध, शहर के लोगों ने प्रशासन से तत्काल कठोर कदम उठाने की मांग की है, ताकि संभावित बड़ी दुर्घटना को टाला जा सके और सड़कों को बर्बादी से बचाया जा।

### बोल सकता है न सुन सकता है

**6 दिनों से लापता रामेश्वर के लिए परिजन परेशान**

**ललितपुर।** मदनपुर थाना क्षेत्र से एक विचलित करने वाली खबर सामने आ रही है, जहां एक दिव्यांग किशोर पिछले 6 दिनों से लापता है। मदनपुर के ग्राम उल्दना खुर्द में एक परिवार पिछले 6 दिनों से गहरी मानसिक पीड़ा से गुजर रहा है। 16 वर्षीय रामेश्वर, जो मूक-बधिर (बोल और सुन नहीं सकता) है, 27 फरवरी को बिना बताए घर से कहीं चला गया। परिजनों ने अपने स्तर पर रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन की, लेकिन रामेश्वर का कहीं कोई पता नहीं चला। जैसे-जैसे समय बीत रहा है, परिवार की चिंता और असुरक्षा बढ़ती जा रही है क्योंकि किशोर अपनी बात किसी से कह पाने में असमर्थ है। 16 वर्षीय किशोर रामेश्वर के लापता होने के मामले में मदनपुर पुलिस ने कानूनी कार्रवाई तेज कर दी है। पिता काशीराम कुशवाहा की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत मामला दर्ज किया है।

### झुकेंगे नहीं, क्लीनचिट के बाद ललितपुर लौटे ऋतिक शुक्ला

### ●ट्रेड डील के खिलाफ हुंकार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव ऋतिक शुक्ला मोंटी को दिल्ली ए.आई. समिट मामले में बड़ी राहत मिली है। इस घटनाक्रम को अलग-अलग दृष्टिकोण से यहां प्रस्तुत किया गया है। दिल्ली पुलिस की 9 दिनों की पूछताछ और हिरासत के बाद बेगुनाह साबित होकर ऋतिक शुक्ला उर्फ मोंटी वापस ललितपुर लौटे। रेलवे स्टेशन पर समर्थकों के हुजूम ने उनका जोरदार स्वागत किया। घर वापसी के साथ ही मोंटी ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिका-भारत ट्रेड डील भारत विरोधी है और युवा कांग्रेस इस समझौते के रद्द होने तक अपना संघर्ष जारी रखेगी। ललितपुर पहुँचते ही युवा नेता ऋतिक शुक्ला ने केन्द्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री द्वारा की गई ट्रेड डील देश के युवाओं और किसानों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वह भारत के युवाओं और किसानों का भविष्य किसी विदेशी ताकत (अमेरिका) के नियंत्रण में नहीं जाने देंगे. उनके अनुसार, सरकार चाहे जितने भी मुकदमे दर्ज कर ले, वह प्रताडना से डरकर पीछे नहीं हटेंगे। दिल्ली एआई समिट प्रदर्शन मामले में क्लीनचिट मिलने की खुशी ललितपुर की सड़कों पर साफ दिखाई दी। ऋतिक शुक्ला के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में समर्थक स्टेशन पहुँचे। इस दौरान यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंकित यादव, रामप्रताप, रोमन खान, साहिल अली, गोलू मालिक, दानिश खान, शुभम शुक्ला, शाकिब अली और अयान खान जैसे कई अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। 20 फरवरी को हिरासत में लिए जाने के बाद से ही समर्थकों में रोष था, जो अब जीत के उत्साह में बदल गया है।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर

### ●युवककाहाथटूटा, मड़ावरा में केस दर्ज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा अंतर्गत ग्राम बम्हौरीकला के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक का हाथ टूट गया और उसकी चाची भी घायल हो गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर कार चालक के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना मदनपुर के ग्राम पहाड़ीकलां निवासी जयहिन्द सिंह पुत्र रामकुमार सिंह ने पुलिस को बताया कि वह 14 फरवरी 2026 को अपनी बाइक (यू.पी.94 ए.डी. 4782) से अपनी चाची क्रांति के साथ निजी काम के लिए मड़ावरा आ रहे थे। दोपहर करीब 12.30 बजे जैसे ही वह बम्हौरीकला के पास पहुँचे, सामने से आ रही एक हुंडई कार (एम.पी.04 सी.क्यू.4329) के चालक ने लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़ावरा ले जाया गया। जयहिन्द की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजनों ने उन्हें झांसी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां एक्स-रे में उनके बाएं हाथ की हड्डी टूटी पाई गई, जिसके बाद उनका ऑपरेशन किया गया। पीड़ित ने सोमवार (2 मार्च) को थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। जयहिन्द के अनुसार, उन्हें बाद में पता चला कि घटना के समय गाड़ी मुकेश रावत चला रहे थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125(ए), 125(बी) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# उधारी के गुटखे से मना करने पर दुकानदार पर हमला

### ●दबंगों ने परिवार को पीटा, मोबाइल भी तोड़ा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र केनिकटवर्ती ग्राम में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां उधारी में गुटखा न देने पर एक युवक ने दुकानदार, उसके पिता और भाई के साथ जमकर मारपीट की। इतना ही नहीं, पुलिस को सूचना देने पर आरोपी ने पीड़ित का मोबाइल छीनकर तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।ग्राम चमरऊवा निवासी भगत सिंह (37 वर्ष) पुत्र तुलसीराम लोधी ने कोतवाली में दी अपनी तहरीर में बताया कि रविवार शाम करीब 4.30 बजे वह अपनी दुकान पर बैठा था। उसी समय गांव का ही लवकुश यादव पुत्र कीरत सिंह यादव दुकान पर आया और उधारी में गुटखा मांगने लगा। जब भगत सिंह ने उधार देने से मना किया, तो लवकुश गाली-गलौज पर उतारू हो गया।आरोप है कि मना करने पर लवकुश ने दुकानदार भगत सिंह के साथ लात-घूंसों और लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आरोपी ने पत्थर उठाकर दुकान में फेंका, जो भगत सिंह के कान के पास लगा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जब बीच-बचाव करने पीड़ित के पिता और भाई आगे आए, तो आरोपी ने उन्हें भी नहीं बख्शाऔर उनके साथ भी लाठी-डंडोंसेमारपीट की, जिसस उन्हें अंदरूनी चोटें आई हैं। घटना के दौरान जब भगत सिंह ने 112 नंबर डायल कर पुलिस को जानकारी देने की कोशिश की, तो आरोपी लवकुश ने उसका मोबाइल छीनकर जमीन पर पटक कर तोड़ दिया। मौके पर मौजूद मोविन्द्र पुत्र अमरसिंह ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराने की कोशिश की, तो आरोपी ने उन्हें भी धमकी दी कि अगर कोई कानूनी कार्यवाही की तो जान से मार दूंगा।पीड़ित की शिकायत पर ललितपुर पुलिस ने आरोपी लवकुश के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115 (2), 351 (3), 125, 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### शराब के नशे में घर में घुसकर हमला

**पति-पत्नी व बहू घायल — आरोपी पर मुकदमा**

**ललितपुर।** थाना पाली क्षेत्र के ग्राम निवउवा में शराब के नशे में घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम निवउवा निवासी दयाली पुत्र लटोरे अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 3 मार्च 2026 की शाम करीब 7 बजे वह अपने घर पर थे। तभी गांव बरौदा विजलौन (थाना जालौन) निवासी देवेंद्र पुत्र लटोरे अहिरवार शराब पीकर उनके घर के पास आया और गाली-गलौज करने लगा। पीड़ित के विरोध करने पर आरोपी कुछ देर बाद वापस लौटा और डंडे व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में दयाली, उनकी पत्नी फुला देवी और बहू सुनीता घायल हो गईं। आरोप है कि घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है। थाना पाली पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक कोमल सिंह को सौंपी गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### अबीर - गुलाल लगाकर शोहरतगढ़ में भ्रमण कर लोगों ने खेली होली



**सिद्धार्थनगर।** रंगोत्सव के दिन नगर पंचायत शोहरतगढ़ में धूम रही। बुधवार सुबह से ही भारी संख्या नगर के नागरिक श्री राम जानकी मंदिर में इकट्ठा हुए। मंदिर मे भगवान श्रीकृष्ण को अबीर गुलाल लगाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद होली की शुरुआत नपं अध्यक्ष उमा अग्रवाल, पति रवि अग्रवाल ने किया। नपं अध्यक्ष की अगुवाई में मंदिर परिसर से होली टोली का जुलूस निकलकर गड़ाकुल , धर्मशाला, गोलघर, मस्जिद टोला, मुसाफिर खाना, कुंजड़ा मोहल्ला, सोनारी मोहल्ला, पुलिस पिकेट चौराहा होते पुनः श्रीराम जानकी मंदिर पहुंची। होली जुलूस में शामिल लोग ढोल नगाड़ों के साथ फाल्गुनी गीतों पर खूब थिरकते रहे। अबीर गुलाल व तमाम रंगों से सराबोर होली प्रेमियों ने खूब आनंद लिया। जगह- जगह लोगों को होली टोली ने बधाई दी। सुरक्षा को लेकर पूरे कस्बे मे जगह जगह पुलिस के जवान तैनात रहे। इस दौरान एसडीएम विवेकानंद मिश्रा, सीओ मयंक द्विवेदी, एसओ नवीन कुमार सिंह, रवि अग्रवाल, नंदू गौड़, राम उजागिर, मनोज गुप्ता, शैलेंद्र कौशल, राजकुमार मोदनवाल, अरविंद शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### रंग गुलाल उड़ाते हुए नगर पंचायत बिस्कोहर में मनाई गई होली

**बिस्कोहर।** नगर पंचायत बिस्कोहर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में बुधवार को हर्षोल्लास एवं शांतिपूर्ण ढंग से अबीर गुलाल का पर्व होली मनाया गया। होली पर्व पर लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर होली की बधाई दी। बिस्कोहर कस्बे में युवाओं ने अबीर गुलाल उड़ाकर डीजे पर होली के भोजपुरिया गाने पर थिरकते नजर आये। सुबह दस बजे युवा होरियारो की टोली नगर के मुख्य कस्बे में पहुंचा तो यहां पर कपड़े फाड़ होली शुरू हो गई। उसके बाद युवाओं ने अबीर गुलाल उड़ाकर डीजे पर होली के भोजपुरिया गाने पर थिरकते हुए नजर आए । वही नगर पंचायत क्षेत्र के सिकौथा, लालपुर, मधवापुर, सिकरा बुजुर्ग, संग्रामपुर, बेलवा बाबू, फुलपुर राजा, भलुइया, देवीपुर के साथ, शीतलभीटा, अहिरौली पड़री, मछली गांव, खरिकवा गांव के साथ - साथ नावडीह में पुलिस की व्यवस्था मौजूदगी में शांतिपूर्ण ढंग से होली का पर्व मनाया गया ।

### सामुदायिक शौचालय बन्द रहने के बावजूद भी भुगतान




**सिद्धार्थनगर।** सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवों में लाखों रुपये खर्च कर सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया गया है ताकि ग्रामीणों को सुविधा मिल सके। लेकिन सिद्धार्थनगर जिले के इटवा विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तुरकौलिया में जो जमीनी हकीकत उसमें अंतर देखने को मिल रहा है, तुरकौलिया के सामुदायिक शौचालय में अतिरिक्त कार्य के नाम पर पिछले कई महीनों में विभिन्न किस्तों में धनराशि निकाली गई है। एक तरफ जहाँ हजारों रुपये अतिरिक कार्य और सप्लायर्स के नाम पर निकाले जा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ शौचालय के मुख्य द्वार पर लगा ताला प्रशासन के दावों की पोल खोल रहा है। शौचालय की दीवार पर केयर टेकर का नाम और खुलने का समय बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सिर्फ दिखावा है। शौचालय अक्सर बंद रहता है, जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिस शौचालय में ताला लटका हो, वहां अतिरिक्त कार्य के नाम पर लगातार भुगतान हो रहा हो सीधे तौर पर वित्तीय अनियमितता की ओर इशारा करते हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और मुख्य विकास अधिकारी से मांग की है कि इस मामले की जांच टीम गठित करके कराई जाए जिससे सरकारी धन के दुरपयोग पर रोक लग सकें।

# अस्पतालों पर आयुष्मान कार्ड के बावजूद मरीजों से रुपए लिए जाते है : नही दी जाती है खर्च बिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

हरीश कुमार चौधरी

**सिद्धार्थनगर** – गरीबों के लिए वरदान मानी जाने वाली आयुष्मान भारत योजना में गड़बड़ी कर कुछ हॉस्पिटल दिन दूना रात चौगुन रफ्तार से बढ़ रहे है। सिद्धार्थनगर जिले में जिला मुख्यलय से लगायत तहसील व कस्बों में स्थित कुछ प्राइवेट अस्पतालों में जहां आयुष्मान कार्डधारकों को फ्री में इलाज और ऑपरेशन की व्यवस्था है सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई है,लेकिन कुछ अस्पताल प्रबंधन द्वारा आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद उनसे रुपये की अवैध वसूली की जाती है। जबकि नगद रहित है, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आयुष्मान कार्ड धारक मरीज से कतिपय अस्पतालों द्वारा न केवल नगद राशि ली जाती है , बल्कि उन्हें इस भुगतान का कोई आधिकारिक बिल भी नहीं दिया जाता है । सूत्रों की मानें तो जिले के कुछ अस्पताल आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों के नाम पर बिल बाउचर बढ़ा चढ़ा कर इलाज की राशि निकाल ली जाती है । यानी अस्पताल प्रबंधन द्वारा सरकार और गरीब मरीज, दोनों को एक साथ चूना लगाया जाता है । सरकार गरीब तपके लोग का आयुष्मान कार्ड इसीलिए बनवाया है ताकि मुसीबत में काम आए। लेकिन जनपद के कतिपय प्राइवेट अस्पताल आयुष्मान कार्ड धारकों के मरीजों का रुपये लेकर इलाज और ऑपरेशन करते है । आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों के साथ किये गए धोखाधड़ी के खुलासे के लिए जिला प्रशासन टीम गठित कर जिले में आयुष्मान कार्ड धारकों जिन लोगों ने कतिपय हॉस्पिटलों में इलाज और ऑपरेशन कराया है ऐसे अस्पताल संचलकों ने कागज तैयार कर(बिल बाउचर) लगा कर भुगतान लिया हो और टीम द्वारा उन लोगों से सम्पर्क कर जांच की जाय जिन मरीजों के नाम पर धन की निकासी की गई हो और मरीजों से पूछा जाय की इलाज और ऑपरेशन के नाम पर सम्बंधित अस्पताल द्वारा पैसा लिया गया था की नही,यदि मामला सही पाए जाते हैं, तो उन अस्पताल का लाइसेंस रद्द होने के साथ-साथ प्रबंधन पर आपराधिक प्रकरण भी दर्ज करने की लोगों ने मांग की है।

## सिद्धार्थनगर में रंग डालने को लेकर हुई मारपीट, केस दर्ज

**● होली विवाद में दो पुलिसकर्मी निलंबित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** होली पर्व के दौरान रंग खेलने को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद में पुलिस की सक्रियता से स्थिति नियंत्रित कर ली गई। प्रकरण में शिकायत मिलने पर विभागीय स्तर पर त्वरित कार्रवाई भी की गई है। जानकारी के अनुसार मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के चेतिया निवासी अशफाक पुत्र इस्माइल अपने एक साथी के साथ बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में होली खेल रहे कुछ युवकों के बीच से गुजरते समय उन पर रंग के छींटे पड़ गए। इसको लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। बताया जाता है कि अशफाक वहां से वापस लौट गए, लेकिन थोड़ी देर बाद इम्तियाज पुत्र कुतुबुल्लाह को साथ लेकर पुनः पहुंचे, जिसके बाद विवाद फिर बढ़ गया। सूचना पर कठेला समय माता थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत कराते हुए सुलह-समझौते का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान विवाद दोबारा उभर आया। घटना स्थल गोल्हौरा थाना क्षेत्र में होने की जानकारी देते हुए कठेला समय माता थाना पुलिस वापस लौट गई। इसके बाद डायल 112 तथा गोल्हौरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करते हुए दोनों पक्षों के कुछ लोगों को थाने लाकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाने में एक पक्ष द्वारा ताली बजाकर फाग गाने की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिसे रोकने के प्रयास में मौजूद कर्मचारियों द्वारा हल्का बल प्रयोग किया गया। मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को होते ही त्वरित संज्ञान लिया गया। शिकायत के आधार पर उपनिरीक्षक सुधीर राय व एक कांस्टेबल को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है। बृहस्पतिवार को पुलिस ने इम्तियाज व अशफाक के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में चालान कर न्यायालय भेज दिया। साथ ही चंदन सिंह की तहरीर पर दोनों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जा रही है तथा क्षेत्र में शांति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है। घटना को लेकर क्षेत्र में विभिन्न तरह की चर्चाएं जरूर हो रही हैं, लेकिन प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की है।

### प्रतापगढ़ में बड़ा हादसाः नहर में नहाते समय तीन किशोरियां डूबीं, मची चीखपुकार



**प्रतापगढ़–** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिला मुख्यालय से साठ किलोमीटर दूर संग्रामगढ़ थानाक्षेत्र में खानवारी गांव के पास शारदा सहायक नहर में बृहस्पतिवार दोपहर नहाते समय तीन किशोरियां डूब गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनंदन राय ने बताया कि खनवारी ग्राम पंचायत के डंडिया गांव निवासी राम नरेश की बेटी आंचल (14), रिया (12) और अनिल पटेल की बेटी मोहनी (12) शारदा सहायक नहर में नहाने गई थीं, उसी बीच अचानक गहरे पानी में जाने से वे डूब गई । राय के अनुसार पुलिस मौके पर पहुंच गयी है तथा अग्निशमन दल को बुलाया गया है, जो बचाव एवं राहत कार्य में जुटा है।

## पुलिस लाइन में होली का हुड़दंग, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने उमंग में लगाये ठुमके



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** होली के पावन पर्व के अवसर पर बुधवार को पुलिस लाइन प्रतापगढ़ में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी शिवसहाय अवस्थी एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर की गरिमामयी उपस्थिति रही। उक्त अवसर पर जनपद के राजपत्रित अधिकारीगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारीगण एवं पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं समरसता का वातावरण परिलक्षित हुआ। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के संग उमंग में ठुमके लगाते हुए रंग एवं गुलाल लगाकर गले मिलकर होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम के दौरान सभी को जलपान कराया गया तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मिलन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी से होली पर्व को शांति, सौहार्द एवं सामाजिक समरसता के साथ मनाने की अपील की तथा जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सतर्क एवं समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

## पैंतीसवां होली मिलन समारोह धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया

**● राघव लोककला सोसाइटी तथा हास्य कलाकार विक्की मंचला की डांस प्रस्तुतियों ने शमां बांधा**

**घंटो फाग, गुलाल, डांस और मस्ती का दौर चला, संगीत की धुन पर थिरके लोग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड विकास सेना तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारतीय संस्कृति भाईचारा, उत्साह उमंग और बुन्देली लोक संस्कृति को संजोने वाला 35 वां रंगारंग कार्यक्रम स्थानीय कम्पनी बाग में मनाया गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण ने लोगों को होली की प्रशन्सा की। सदर विधायक ने कहा कि अनेक वर्षो से आयोजित करने वाले ऐसे कार्यक्रम हमारी बुन्देली संस्कृति को प्रोत्साहित करते रहते है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि ललितपुर में बु.वि. सेना का मनाया जाने वाला आयोजन पूरे बुन्देलखण्ड में अभूतपूर्व है। लोक संस्कृति से ओत- प्रोत राघव ज्ञलोक कला सोसाइटी नृत्य मण्डली ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया। इसके अलावा सुप्रसिद्ध हास्य कलाकार विक्की मंचला ने अपने डांस प्रस्तुतियों से लोगों को हंसा हंसाकर लोटपोट कर दिया। इस मौके पर फ्रेण्ड्स ऑर्केस्ट्रा के कलाकारों में अभिमन्यु तोमर, संदेश परिहार, अरमान कुरैशी तथा बांसुरी वादक प्रमोद मुड़ेले ने सुमधुर, मस्ती और तरंग के गीतों से जमकर तालियां बटोरी। इस दौरान बुन्देली फाग, अबीर, गुलाल, डांस मस्ती के माध्यम लोगों ने थिरकते हुए जमकर लुत्फ उठाया। इस दौरान लकी ड्रा के माध्यम से जनता को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बुविसे प्रमुख हरीश कपूर टीटू अपनी टीम के साथ शहरवासी भी मौजूद रहे।

### मामूली कहासुनी में भतीजे ने उठाया खौफनाक कदम, चाची की गोली मारकर की हत्या

जिले के हस्तिनापुर क्षेत्र में बृहस्पतिवार सुबह एक युवक को अपनी चाची की गोली मारकर हत्या करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (मवाना) पंकज लवानिया ने बताया कि गणेशपुर गांव में 18 वर्षीय युवक शिवा त्यागी ने अपनी चाची पूजा (33) को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि गोली चलने की आवाज सुनकर लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो गया था। हालांकि बाद में उसे पकड़ लिया गया। लवानिया ने बताया कि आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को बताया कि उसकी अपनी चाची से आए दिन कहासुनी व झगड़ा होता था और इसी मनमुटाव के कारण उसने उसकी हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## घरेलू हिंसा से महिला को बचाना युवक को पड़ा भारी

**●पति ने पत्थर मारकर सिर फोड़ा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** बानपुर थाना अंतर्गत ग्राम सूरीकलां में मानवता दिखाना एक युवक के लिए भारी पड़ गया। अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर रहे एक व्यक्ति को जब युवक ने रोकने की कोशिश की, तो आरोपी ने उस पर पत्थरों से हमला कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।ग्राम सूरीकला निवासी सिद्धार्थ पुत्र मुलायम परिहार ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार (27 फरवरी) की रात करीब 8 बजे वह अपने खेत पर जा रहा था। रास्ते में उसी के गांव के सतीश बरार की पत्नी उसे मिली, जो बदहवास हालत में थी। महिला ने सिद्धार्थ को रोककर गुहार लगाई कि मेरे पति से मुझे बचा लो, वह मुझे मार रहा है।पीड़ित सिद्धार्थ के अनुसार, जब उसने महिला को बचाने का प्रयास किया, तो आरोपी सतीश ने अपनी पत्नी को छोड़कर सिद्धार्थ पर हमला कर दिया। आरोपी ने पीछे से एक बड़ा पत्थर सिद्धार्थ के सिर में मार दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। इसके बाद आरोपी ने सिद्धार्थ के बाएं हाथ पर भी दो पत्थर मारे, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद शिशुपाल यादव ने जब बीच-बचाव किया, तो आरोपी ने उनके साथ भी मारपीट की और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग निकला।घटना के बाद घायल सिद्धार्थ ने बानपुर थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने आरोपी सतीश पुत्र जीवन बरार के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 (ए), 115(2), 351(3), 352 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

### सत्येंद्र कुमार शुक्ल महामंत्री पद व संगठन के दायित्वों से हटाए गए

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (प्राथमिक संवर्ग) के जिलाध्यक्ष अशोक राय और जिला महामंत्री जय प्रकाश पाण्डेय ने अपनी एक संयुक्त विज्ञप्ति में बताया है कि संगठन के जिला संयुक्त मंत्री व मान्धाता के ब्लाक महामंत्री रहे सत्येंद्र कुमार शुक्ल द्वारा संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों और वैचारिक संगठन के विरुद्ध अनर्गल बयानबाजी करने और अनुशासन हीनता के कारण उन्हें 27 फरवरी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिसका जवाब उनके द्वारा 03मार्च को प्रेषित किया गया। उक्त जवाब में किसी भी प्रकार से यह परिलक्षित नहीं हुआ कि उनको अपने कृत्य पर कोई पछतावा है।तदोपरांत सम्यक विचारोपरांत सत्येन्द्र कुमार शुक्ल को संगठन की प्राथमिक सदस्यता और सभी दायित्वों से तत्काल प्रभाव से मुक्त किये जाने का निर्णय लिया गया है।

## बांसी के डहरताल में होली खेलने के बाद नहाने गए दो युवकों की डूबने से मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर–** जिले के बांसी कोतवाली क्षेत्र में बुधवार की शाम दो युवकों की डहरताल में डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान 19 वर्षीय अनुप पुत्र कपिल, निवासी ग्राम प्रतापपुर बांसी, और दूसरा 18 वर्षीय शिवकरन पुत्र संजय, निवासी खचुआगढ़ पटेल नगर के रूप में हुई है। इस हादसे के बाद पूरे इलाके में सन्नाटा पसर गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दोनों युवक होली खेलने के बाद हाथ-मुंह धोने और नहाने के लिए डहरताल गए थे। नहाते समय गहरे पानी का अंदाजा न होने के कारण दोनों युवक डूबने लगे। शोर सुनकर स्थानीय ग्रामीण और गोताखोर मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को पानी से बाहर निकाला।

परिजन और ग्रामीण आनन-फानन में दोनों युवकों को बांसी स्थित 50 शैय्यायुक्त संयुक्त चिकित्सालय ले गए। जहां डॉक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम निखिल चक्रवर्ती, पुलिस क्षेत्राधिकारी शुवेंदु सिंह और प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक का कहना है कि मामले में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## होली मेलजोल के जरिए भारत के स्वभाव का दर्शन है- प्रमोद तिवारी

**● राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने अच्छाई, सहयोग व स्नेह के साथ भरोसे के विकास पर दिया जोर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने गुरूवार को स्थानीय लालगंज बाजार समेत क्षेत्र मे कई स्थानों पर होली को लेकर लोगों से मुलाकात की। उन्होने विभिन्न स्थानों पर आयोजित होली मिलन कार्यक्रमों में स्वयं तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से पर्व की शुभकामनाएं सौपी। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि होली मेलजोल के भारतीय स्वभाव का दुनिया में रंग गाढ़ा किया करती है। उन्होने कहा कि अच्छाई तथा सहयोग व स्नेह के साथ रामपुरखास मे सदैव भरोसे के विकास का वातावरण मजबूत रहेगा। यहां लालगंज बाजार में सांसद प्रमोद तिवारी लोगों से घर घर व व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर होली के पर्व की खुशियां साझा करते दिखे। बाजार में जलेशरगंज लालगंज मोड पर ब्लाक प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज व चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी की अगुवाई में व्यापारियों तथा सभासदों व कार्यकर्ताओं ने सांसद प्रमोद तिवारी का माल्यार्पण कर स्वागत भी किया। कालाकांकर रोड, प्रतापगढ़ रोड व बाबा घुइसरनाथ रोड के साथ रायबरेली रोड पर होली मिलने निकले सांसद प्रमोद तिवारी का फूल मालाओं के साथ गाजे बाजे के बीच स्वागत भी हुआ दिखा। कालाकांकर रोड पर चौक के समीप वरिष्ठ अधिवक्ता दयाशंकर त्रिपाठी, रोहित तिवारी व राहुल तिवारी के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होने कहा कि यह पर्व हमें आपसी भेदभाव भूलकर मजबूत राष्ट्र के निर्माण में पूर्ण समर्पण का भी संदेश दिया करता है। यहां कार्यक्रम के आयोजकों ने विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी को भगवान राधाकृष्ण का चित्र एवं पगड़ी भेंटकर सम्मानित किया। नगर स्थित रवि त्रिपाठी म्यूजिकल इंस्टीटयूट मे आयोजित रंगारंग उत्सव में भी वह शामिल हुए। यहां ओम शिव के द्वारा भक्ति गीत ने होली की समां बांधी। कार्यक्रम का संयोजन जानेमाने पार्श्वगायक रवि त्रिपाठी व समाजसेवी श्रीकृष्ण तिवारी ने किया। नगर में सत्य कुमार मिश्र व कमला प्रसाद जायसवाल के संयोजन में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी को बुकें तथा मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। हनुमत निकेतन में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने मत्था टेका। घुइसरनाथ रोड पर अधिवक्ता विकास मिश्र, समाजसेवी रामलखन जायसवाल व डा0 हीरालाल शुक्ल के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में भी सांसद प्रमोद तिवारी शामिल हुए। वहीं श्री तिवारी ने नगर मे पूर्व प्राचार्य दयाशंकर पाण्डेय, डा. अंजनी कौशल व श्यामजी संवरिया, आनन्द सिंह के संयोजन मे आयोजित कार्यक्रमों मे शामिल हुये। वहीं विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सराय निर्भय, नरई, बाभन की बखरी, रामपुर बावली, धारूपुर तथा हिसामपुर, भिटारी, गोसांई का पुरवा, रतनपुर महेशपुर, रामापुर, कस्बा लतीफपुर आदि गांवो मे भी लोगों को होली की शुभकामनाएं प्रदान की। इस मौके पर मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आशीष उपाध्याय, व्यापार मण्डल अध्यक्ष उदयशंकर दुबे, रवि सिंह, सभासद दारा सिंह, धर्मपाल गौतम, आशीष कौशल, पन्नेलाल पाल, देवानंद मिश्र, छोटेलाल सरोज, पप्पू तिवारी, सिंटू मिश्र, मुरलीधर तिवारी, शास्त्री सौरभ त्रिपाठी, विनय पाण्डेय, शिवम पाण्डेय, बृजेश द्विवेदी, हृदय नारायण मिश्र, धीरेन्द्र पाण्डेय, रामलोचन त्रिपाठी, इं. सुनील पाण्डेय, प्रो. राजकुमार पाण्डेय, डा0 पुरूषोत्तम शुक्ल, बलराम शुक्ल, श्रीकांत मिश्र, प्रियम मिश्र, शैलेन्द्र मिश्र, मनीष शुक्ल, राजू मिश्र, राजू पाण्डेय, सोनू मिश्र आदि रहे।

## पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए कलश यात्रा निकाली गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर–** नगर पंचायत बिस्कोहर क्षेत्र के भरौली कैथोलिया गांव में गुरुवार को शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के साथ पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ और संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा का शुभारंभ हुआ। आयोजन को लेकर पूरे गांव में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना रहा। कलश यात्रा की शुरुआत यज्ञ स्थल से जल भरने के साथ हुई। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर मंगल गीत गाते हुए भाग लिया। कलश यात्रा गांव के विभिन्न मार्गों से होती हुई पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वेदी का पूजन कर विधिवत कलश स्थापना की गई।आयोजक मिठाई लाल यादव ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कारों का आयोजन किया जाएगा। वहीं शाम 7 बजे से 10 बजे तक शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे कथावाचक कैलाश नाथ तिवारी द्वारा संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा का प्रवचन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महायज्ञ और कथा के माध्यम से समाज में नैतिकता, सदाचार और आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। इस अवसर पर गोवर्धन यादव, शेष राम चौधरी, जंगली यादव, लवकुश यादव, स्वामीनाथ तिवारी, विजय यादव, शिवनरायन मौर्य सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिजन और ग्रामीण मौजूद रहे।

### दहेज की मांग को लेकर बहू से मारपीट

**घर से निकालने का आरोप- पति सहित चार पर मुकदमा**

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के ग्राम करमू में दहेज उत्पीडन् का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित चार ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ग्राम करमू निवासी नेहा नायक ने शिकायत दर्ज कराई कि वर्ष 2019 में उनकी शादी गौरव नायक से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उन्हें लगातार प्रताड़ित करता रहा और ताने देता था। पीड़िता का आरोप है कि 1 मार्च 2026 की शाम करीब 6 बजे पति गौरव नायक, सास सीमा नायक, देवर सौरभ नायक और ससुर जगदीश नायक ने मिलकर उनके साथ मारपीट की, लात-घूंसों और डंडों से पीटा तथा उनके जेवरात छीन लिए। इसके बाद उन्हें घर से बाहर निकाल दिया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। महिला ने बताया कि उसने 1090 पर कॉल कर मदद मांगी और बाद में पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। मेडिकल परीक्षण के बाद थाना बार में रिपोर्ट दर्ज की गई।

## रास्ते से निकलने को लेकर दंपत्ति पर हमला

**●बीच-बचाव करने आए पिता को भी दी धमकी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा अंतर्गत ग्राम गोराकछ्या में रास्ते से गुजर रहे एक दंपत्ति के साथ गांव के ही कुछ लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। बीच-बचाव करने आए पीड़ित के पिता के साथ भी अभद्रता की गई और आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में एक महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।ग्राम गोराकछ्या निवासी खुशीलाल पाल पुत्र अच्छेलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार, 2 मार्च 2026 को दोपहर करीब 1 बजे वह अपनी पत्नी लाडकुंवर के साथ मोटरसाइकिल से मध्य प्रदेश के रामटोरिया जा रहा था। जैसे ही वे गांव में ही लम्पूके दरवाजे के सामने मुख्यमार्गपर पहुँचे, वहांपहलेसे मौजूद आरोपियों ने उन्हें रोक लिया। पीड़ित का आरोप है कि रोड पर खड़े महेशपुरा वारी पत्नी लम्पू, भरतऔर अनुरुद्ध पुत्रगण लम्पू ने बिना किसी कारण के उन्हें और उनकी पत्नी को गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ जमकर मारपीट की, जिससे पति-पत्नी दोनों को शारीरिक चोटें आई हैं। चीख-पुकार सुनकर जब पीड़ित के पिता अच्छेलाल मौके पर पहुँचे और बीच-बचाव किया, तो आरोपियों ने उन्हें भी धमकाया और जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। मड़ावरा पुलिस ने पीड़ित खुशीलाल की शिकायत पर आरोपी महेशपुरा वारी, भरत और अनुरुद्ध के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352, 351(2) व351(3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## कल्याणपुरा के सिद्ध बाबा मंदिर में चोरी

**ललितपुर।** थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत कल्याणपुरा में स्थित सिद्ध बाबा मंदिर को अज्ञात चोरों ने अपना निशाना बनाया है। चोरों ने न केवल मंदिर में चोरी की, बल्कि धार्मिक भावनाओं को आहत करते हुए वहां स्थापित मूर्तियों को भी खंडित कर दिया। घटना का खुलासा मंगलवार 3 मार्च 2026 की सुबह उस वक्त हुआ जब लगभग 9.30 बजे महाराजजी, प्रधान प्रतिनिधि और कीरत कुशवाहा, ब्रजलाल मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर परिसर का नजारा देख ग्रामीण दंग रह गए। वहां स्थापित मूर्तियां टूटी हुई थीं और मंदिर में लगे पीतल के घंटे गायब थे। ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई सूचना के अनुसार, चोर मंदिर से कुल 5 घंटे ले गए हैं। इनमें 3 छोटे घंटे शामिल हैं और 2 बड़े घंटे गायब हैं, जिनमें से एक-एक घंटे का वजन लगभग 5 किलोग्राम बताया जा रहा है। इस घटना को लेकर ग्रामवासियों में गहरा आक्रोश है। ग्राम पंचायत कल्याणपुरा (विकास खंड जखौरा) के प्रधान प्रकाश चंद्र और समस्त ग्रामवासियों ने चौकी इंचार्ज बांसी (ललितपुर) को शिकायती पत्र सौंपकर मामले की जानकारी दी है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि अज्ञात चोरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए और मंदिर की क्षतिपूर्ति कराई जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### होली पर रंग डालने को लेकर बाराबंकी में बवाल... दो पक्ष भिड़े, 11 घायल



**लखनऊ। बाराबंकी** पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के एक गांव में होली के दिन रंगों से खेलने को लेकर हुए विवाद ने दो गुटों के बीच हिंसक झड़प का रूप ले लिया, जिसमें कम से कम 11 लोग घायल हो गए। यह घटना बुधवार दोपहर उत्तर प्रदेश के टिकारिया गांव में घटी। पुलिस के अनुसार, रंगों से खेलने को लेकर दोनों गुटों के बीच हुई कहासुनी जल्द ही खूनी झड़प में तब्दील हो गई। आरोप है कि दोनों गुटों ने करीब 10 मिनट तक एक-दूसरे पर लाठियों, डंडों और लोहे की छड़ों से हमला किया, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने हस्तक्षेप किया और स्थिति को नियंत्रण में लाने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने दोनों पक्षों को शांत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि एक पक्ष के आठ और दूसरे पक्ष के तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि सभी घायलों को चिकित्सा जांच के लिए भेजा गया है। एक ग्रामीण अवधेश ने आरोप लगाया कि जब घर में कोई पुरुष सदस्य नहीं था, तब विरोधी गुट के सदस्य उसके घर में घुस आए और उसके परिवार पर हमला किया। उसने दावा किया कि जब वह और अन्य लोग वहां पहुंचे और बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो उन्हें भी पीटा गया। अवधेश ने आगे आरोप लगाया कि चार लोगों ने उसे पकड़ लिया और चाकू से उस पर हमला किया। पुलिस ने बताया कि झड़प के बाद गांव में तनाव फैल गया था, लेकिन फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। देवा थाना अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि दोनों पक्षों ने शिकायतें दर्ज कराई हैं और उनके आधार पर मामला दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि घायलों की चिकित्सा जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस घटना से संबंधित वीडियो की भी जांच कर रही है और निवासियों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

### नोएडा में उपभोक्ताओं को मिलेगी बेहतर बिजली बिलिंग सुविधा, दो नए दफ्तर खुलेंगे

**नोएडा।** जिले में उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए इसी माह दो नए बिलिंग दफ्तर शुरू होंगे। बीते माह तीन दफ्तर शुरू कर दिए गए हैं। उपभोक्ताओं की और बेहतर सुविधाओं के लिए यह दफ्तर शुरू किए जाएंगे। जिले में नई व्यवस्था शुरू होने के बाद एक समस्या को सुनने और बिना देरी के समय पर हल करने के लिए नए दफ्तर शुरू किए जा रहे हैं। नई व्यवस्था के तहत जिले में बिलिंग की व्यवस्था की जिम्मेदारी एक अधिशासी अभियंता को दे दी गई है। सेक्टर-18 में दफ्तर है। अब समस्या यह आ गई है कि देहात क्षेत्र के उपभोक्ता आनलाइन शिकायत करने के बजाए बिजली दफ्तर पर आकर शिकायतें दर्ज करा रहे हैं। इसके चलते सेक्टर-18 बिजली दफ्तर पर लोगों की भीड़ लगी रहती थी। इसके चलते तीन नए दफ्तर दादरी, जेवर और दनकौर में भी बिलिंग दफ्तर बीते माह शुरू कर दिए गए। तीनों स्थानों पर बाबू और जेई की स्थाई तैनाती दे दी गई है। इसके अलावा अभी एई सप्ताह में एक-एक दिन तीनों दफ्तरों पर बैठ रहे हैं। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा वेस्ट और सेक्टर-23 नोएडा में भी बिलिंग दफ्तर शुरू करने की तैयारी की जा रही है। इसी माह यहां दफ्तर शुरू हो सकते हैं।

### गुरुग्राम नगर निगम का हेल्पर 40 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार, ACB ने ऐसे बिछाया जाल

**गुरुग्राम।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने गुरुग्राम नगर निगम के हेल्पर को एक व्यक्ति से 40 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। आरोपी हेल्पर ने व्यक्ति से घर के निर्माण कार्य को न रुकवाने के एवज में 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। एसीबी की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज कर लिया। एसीबी की टीम ने गुरुवार को बताया कि नगर निगम गुरुग्राम के कार्यलय में तैनात हेल्पर कपिल के बारे में रिश्वत मांगने की शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि आरोपी कपिल ने उसके घर के निर्माण कार्य को न रुकवाने के एवज में 50 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी। बातचीत के बाद 40,000 रुपये में सौदा तय हुआ। इस पर टीम ने जाल बिछाया। शिकायतकर्ता को मांगी गई राशि देकर आरोपी के पास भेजा गया। जैसे ही कपिल ने शिकायतकर्ता से 40,000 रुपये रिश्वत की राशि स्वीकार की, टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे नगर निगम गुरुग्राम कार्यालय के बाहर से पकड़ लिया।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार का आश्वासन, देश में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं

**आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त भंडार उपलब्ध हैं। कतर वैश्विक एलएनजी आवश्यकताओं का 20% आपूर्ति करता है। कतर एनर्जी ने अप्रत्याशित स्थिति (फोर्स मेज्योर) घोषित कर दी है। प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जीएआईएल (गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड) भी अप्रत्याशित स्थिति (फोर्स मेज्योर) घोषित करेगी।**




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच भारत वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की तलाश कर रहा है, ऐसे में ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने भारत को गैस बेचने की पेशकश की है। सरकारी सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सरकार गैस खरीदने के लिए वैकल्पिक बाजारों की खोज कर रही है, क्योंकि भारत वर्तमान में प्रतिदिन 195 मिलियन मीट्रिक मानक घन मीटर (एमएमएससीएमडी) गैस आयात करता है, जिसमें से कतर 60 मिलियन एमएमएससीएमडी की आपूर्ति करता है। भारत कच्चे तेल और एलपीजी की खरीद के लिए प्रमुख तेल उत्पादकों और व्यापारियों से बातचीत कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि सरकार अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) और पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) के साथ भी चर्चा कर रही है। भारत जहाजों के बीमा के लिए अमेरिका से भी बातचीत कर रहा है।

सूत्रों ने आगे बताया कि पेट्रोल और डीजल की राशनिंग की कोई योजना नहीं है। आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त भंडार उपलब्ध हैं। कतर वैश्विक एलएनजी आवश्यकताओं का 20% आपूर्ति करता है। कतर एनर्जी ने अप्रत्याशित स्थिति (फोर्स मेज्योर) घोषित कर दी है। प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जीएआईएल (गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड) भी अप्रत्याशित स्थिति (फोर्स मेज्योर) घोषित करेगी।

**संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका के साथ नया अनुबंध**

देश ने हाल ही में अपनी ऊर्जा आपूर्ति को बढ़ाने के लिए संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका के साथ एक नया अनुबंध किया है। सूत्रों के अनुसार, भारत दिन में दो बार ऊर्जा स्थिति की समीक्षा कर रहा है और ऊर्जा सुरक्षा के मामले में काफी मजबूत स्थिति में है। भारत का मौजूदा भंडार भी पर्याप्त है और प्रतिदिन नए भंडार भरे जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, विश्व में एलपीजी, एलएनजी और कच्चे तेल की कोई कमी नहीं है। सूत्रों ने बताया कि भारत अन्य आपूर्तिकर्ताओं के भी संपर्क में है।

पश्चिम एशिया में चल रही उथल-पुथल के बीच, सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को कहा कि भारत के पास आठ सप्ताह का कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों का भंडार है, जिसमें रणनीतिक भंडार भी शामिल हैं। भारत के कच्चे तेल आयात का केवल लगभग 40 प्रतिशत ही होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है, जिससे क्षेत्रीय व्यवधानों का प्रभाव काफी हद तक कम हो जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पश्चिम एशियाई क्षेत्र में बदलती स्थिति के बावजूद देश ऊर्जा सुरक्षा के मामले में मजबूत स्थिति में बना हुआ है।

## नोएडा में विवाहेतर संबंध को लेकर मारी गोली, प्रेमी साहिल सिंघल की मौत; महिला के भाई ने की फायरिंग

**नोएडा।** सेक्टर-75 स्थित आईवी काउंटी में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। थाना सेक्टर-113 को डायल-112 के जरिए सूचना मिली कि वहां एक व्यक्ति को गोली लगी है। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि पीड़ित साहिल सिंघल (पुत्र योगेश कुमार सिंघल, उम्र 39 वर्ष), निवासी आईवी काउंटी, सेक्टर-75, गौतमबुद्ध नगर को गोली मारी गई थी। उसके पिता ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में सामने आया कि साहिल सिंघल पहले से विवाहित था और पिछले लगभग 4 वर्षों से एक महिला के साथ उसका विवाहेतर संबंध चल रहा था। घटना के दिन वह महिला अपने दो भाइयों के साथ साहिल से मिलने आई थी, जिनकी सोसाइटी में एंट्री साहिल ने ही कराई थी। दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया और महिला के एक भाई ने साहिल पर गोली चला दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामला दर्ज किया है और दो व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया है। अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। यह घटना विवाहेतर संबंध से जुड़े विवाद के कारण हुई बताई जा रही है।

## चाय जनजाति की जाति/पदवी संबंधी समस्याओं के लेकर मंत्री पीयूष हजारिका को सीधे ज्ञापन सौंपा



**● मंत्री ने शीघ्र आवश्यक कदम उठाने और समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**श्रीभूमिः** असम के बराक चाय श्रमिक यूनियन के नेतृत्व में चाय जनजाति समुदाय ने जाति प्रमाणपत्र से जुड़ी जटिलताओं तथा हाल ही में नौकरी प्राप्त उम्मीदवारों को बार-बार सत्यापन के नाम पर कथित उत्पीड़न के खिलाफ एक मांग-पत्र सौंपा। ज्ञापन में इन समस्याओं के स्थायी समाधान की मांग की गई है। गत 2 मार्च (सोमवार) को यह मांग-पत्र कछार जिला आयुक्त के माध्यम से असम के मुख्यमंत्री Himanta Biswa Sarma और राज्यपाल Gulab Chand Kataria को भेजा गया। इसके बाद गत 3 मार्च (मंगलवार) को सिलचर स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में मंत्री पियूष हजारीका को सीधे ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन की प्रतिलिपि मंत्री कौशिक राय, मंत्री कृष्णेंदु पाल, बराक के पूर्व सांसद राजदीप राय, सांसद कनाद पुरकायस्थ, विधायक विजय मालाकार, मिहिर कान्ति सोम तथा निहार रंजन दास सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को भी दी गई।

इस अवसर पर बराक चाय श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष कृपानाथ मालाह, महासचिव राजदीप ग्वाला सहित अनेक पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। मंत्री पियूष हजारीका ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक कदम उठाने और समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।

## मिठाई लेने के विवाद में हुई बुजुर्ग की मौत घर में मचा कोहराम, दुकानदार- पुत्र पर मारपीट कर हत्या का लगाया आरोप

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र में मिठाई की दुकान पर सामान लेने को लेकर हुए विवाद के बाद मारपीट में घायल एक बुजुर्ग की मौत हो गई। परिजनों ने दुकानदार और उसके पुत्र पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बेलहैया गांव निवासी हेतम पुत्र जुल्फू मिठाई लेने के लिए बुधवार देर शाम को स्थानीय दुकान पर गए थे। इसी दौरान दुकानदार से किसी बात को लेकर उनका विवाद हो गया। परिजनों के अनुसार दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बाद मामला बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गई परिजनों का आरोप है कि दुकानदार श्रीकेशन और उसके पुत्र ने बुजुर्ग के साथ जमकर मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद घायल बुजुर्ग को परिजन इलाज के लिए एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां गुरुवार को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। बुजुर्ग की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के परिजनों ने दुकानदार श्रीकेशन और उसके पुत्र के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी!!

## गुरुग्राम में ब्लैकमेल, दुष्कर्म और फिर जेल से छूटते ही फर्जी शादी, अब विरोध करने पर महिला को लूटकर फरार

**गुरुग्राम।** ब्लैकमेल कर शादीशुदा महिला का यौन शोषण करने के बाद फर्जी कागजात पर कोर्ट मैरिज करने का मामला सामने आया है। महिला ने विरोध किया तो आरोपित महिला से मारपीट करने के बाद गहने और नकदी लेकर घर से फरार हो गया। अब महिला ने सेक्टर 37 थाने में आरोपित के खिलाफ शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में उत्तर प्रदेश के औरैया जिले की रहने वाली महिला ने बताया कि उसका मायका वहीं के एक गांव में है। करीब चार साल पहले जब वह मायके में थी। उसी दौरान पड़ोस में रहने वाले प्रदीप यादव ने नहाने के दौरान आपत्तिजनक वीडियो बना ली। इसके बाद ब्लैकमेल कर कई बार दुष्कर्म किया। यह जानकारी पति को देने के साथ ही महिला ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कराया। इस पर पुलिस ने आरोपित को पकड़कर जेल भेज दिया। वहीं विवाद होने पर पति ने भी महिला को तलाक दे दिया। इधर आरोपित प्रदीप यादव ने महिला को शादी का भरोसा दिया। जमानत पर आने के बाद आरोपित ने महिला से कोर्ट मैरिज कर ली। उसने इसके कागजात दिखाए।

## धेमाजी जिले में मुख्यमंत्री हीमंत बिस्वा शर्मा की जन आशीर्वाद यात्रा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**असम धेमाजी।** 2026 के असम विधान सभा चुनाव के दिन नजदीक आते ही असम में सत्ताधारी भाजपा दल के साथ विपक्ष के राजनीतिक दलों ने चुनावी प्रचार तेज करते दिखाई दे रही हे। भाजपा के दल के कार्यक्रम अनुसार मुख्यमंत्री हीमंत विश्व शर्मा ने असम के चुनावी क्षेत्रों में जाकर जन आशीर्वाद लेने की कार्यक्रम अनुसार आज सुबह 11 बजे धेमाजी जिले की गोगामुख के सुबंशीरी महाविद्यालय खेल मैदान में हेलिकाप्टर से मुख्यमंत्री के साथ भाजपा असम प्रदेश के अध्यक्ष रंजीत कुमार सैकिया पहुंचे । मुख्यमंत्री को भाजपा जिला अध्यक्ष रूपा कामान, सहित टिकट प्रत्याशी गीतार्थ गोस्वामी, मंत्री रनोज पेगू, संसद प्रदान बरुआ, विधायक भुवन पेगू ने फूलों की माला पहनाकर मुख्यमंत्री को स्वागत किया।

गोगामुख में हजारों की तादात में लोगों ने मुख्यमंत्री के जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल हुए। दुपहर को मुख्यमंत्री ने धेमाजी सदर में यात्रा कर 3 बजे मुख्यमंत्री ने सिसीबरगांव चुनावी क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 15 के सिसीबरगांव, कुलाजान के बाद सिलापथार मंडल भाजपा के तरफ से नामचोक में भाजपा टिकट प्रत्याशी गीतार्थ गोस्वामी सहित मंडल भाजपा के हजारों कार्यकर्ता साहित लोगों ने फूल बरसाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। रेली कर मुख्यमंत्री के साथ दस हजारों से अधिक लोगों ने झलकियांसूती भंगा दलंग पुल तक पद यात्रा किया। जिले की डेमो एवं

सिमेन छापरी में मुख्यमंत्री को स्वागत के लिए राजमार्ग पर लोगों की लंबे लाइन दिखाई दिए। आज के जन आशीर्वाद यात्रा में मुख्यमंत्री को संग दिया भाजपा के असम प्रदेश अध्यक्ष दिलीप शैकिया, मंत्री रनोज पेगू,सांसद प्रदान बरुआ और जोनाई के विधायक भुवन पेगु भी थे। शाम को मुख्यमंत्री ने जोनाई चुनावी क्षेत्र में जन आशीर्वाद यात्रा में भाग लेंगे।

## डीजे पर डांस को लेकर हुआ विवाद जमकर चले लाठी-डंडे एक ही परिवार के चार लोग घायल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में होली के मौके पर डीजे पर डांस करने को लेकर हुए विवाद में जमकर लाठी-डंडे चल गए। मारपीट में एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के दलावल गांव का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार होली के अवसर पर गुरुवार दोपहर को गांव में डीजे लगाया गया था, जहां महिलाएं डांस कर रही थीं। इसी दौरान गांव के ही कुछ युवक वहां पहुंच गए और डीजे पर जबरन डांस करने लगे महिलाओं के बीच युवकों के डांस करने का विरोध किया गया तो दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक उस समय युवक वहां से चले गए, लेकिन कुछ देर बाद अपने साथियों के साथ लाठी-डंडे लेकर वापस आ गए आरोप है कि इसके बाद युवकों ने परिवार के लोगों पर हमला कर दिया और जमकर मारपीट की इस हमले में रागिनी नाम की महिला के पिता, भाई और चाचा सहित कुल चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया घायलों को परिजनों और ग्रामीणों की मदद से तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पीड़िता रागिनी ने बताया कि महिलाएं डीजे पर नाच रही थीं, तभी दलावल के कुछ लड़के आकर डांस करने लगे। मना करने पर पहले धक्का-मुक्की की और बाद में लाठी-डंडे लेकर हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी!!

## नेपाल में वोटिंग खत्म, 60% वोटिंग हुई: PM कार्की बोलीं- अब मेरा रोल पूरा हुआ; गगन थापा-बालेन शाह और केपी शर्मा ओली के बीच मुकाबला

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

नेपाल में आम चुनाव के लिए सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक वोटिंग हुई। रात 12 बजे से काउंटिंग शुरू होगी। चुनाव आयोग के मुताबिक दोपहर 60% वोटिंग हुई। दूरदराज इलाकों में अभी भी वोटिंग हो रही है। अंतिम आंकड़ा जल्द जारी किया जाएगा। इससे पहले प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने काठमांडू के धापासी स्थित मतदान केंद्र पर वोट डाला था। उन्होंने कहा कि अब उनका रोल पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश का भविष्य तय करने वाला है। नेपाल चुनाव पर दुनिया के कई देशों की नजर है, क्योंकि सितंबर 2025 में युवाओं के हिंसक प्रदर्शनों के बाद यह पहला आम चुनाव है। तब तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सरकार गिर गई थी। ओली के इस्तीफे के बाद नेपाल की पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनी, जो अब चुनाव करा रही है। इस चुनाव में काठमांडू के पूर्व मेयर बालेन शाह, केपी शर्मा ओली और गगन थापा को प्रधानमंत्री पद का प्रमुख दावेदार माना जा रहा है।

**नतीजों में हो सकती है देरी**

इलेक्शन कमीशन नेपाल के चीफ प्रवक्ता नारायण प्रसाद भट्टाराई ने दैनिक भास्कर से बात की। उन्होंने बताया कि चुनाव में GenZ ने पूरे उत्साह से भाग लिया। नेपाली कांग्रेस के PM कैंडिडेट गगन थापा की सीट सर्लाही में थोड़ा विवाद हुआ था। इसके अलावा शांति से चुनाव निपटा है। आज रात से वोट काउंटिंग शुरू होगी। 165 सीटों का रिजल्ट अगले 3 से 4 दिन और फाइनल रिजल्ट लगभग 15 दिनों में आएगा।

**काफी संख्या में GenZ युवाओं में वोटिंग की**

नेपाल के चुनाव आयोग के अनुसार इस बार GenZ के युवाओं ने चुनाव में काफी उत्साह के साथ हिस्सा लिया। करीब 10 लाख नए GenZ- मतदाताओं ने इस चुनाव के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था और इनमें से बड़ी संख्या में युवाओं ने मतदान किया।



हालांकि कितने युवाओं ने वोट डाला, इसका सटीक आंकड़ा मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही जारी किया जाएगा।

**चुनाव में 60% वोटिंग हुई**

नेपाल चुनाव आयोग के मुताबिक दोपहर 60% वोटिंग हुई। दूरदराज इलाकों में अभी भी वोटिंग हो रही है। अंतिम आंकड़ा जल्द जारी किया जाएगा।

**नेपाल के पिछले चुनावों में मतदान प्रतिशत**

2022: 61.63%
2017: 68.67%
2013: 78.34%
2008: 61.70%

## लवि में नए सत्र से एमफार्म की पढ़ाई, फार्मास्युटिकल और फार्माकोलॉजी की 15-15 सीटों पर होंगे प्रवेश

**● लवि में 2026-27 सत्र से एम.फार्म पाठ्यक्रम होंगे शुरू।**

**● पीसीआइ ने फार्मास्युटिक्स और फार्माकोलॉजी को दी अनुमति।**

**● छात्रों को उच्च शिक्षा और शोध के व्यापक अवसर मिलेंगे।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में आगामी सत्र 2026-27 से एम.फार्म पाठ्यक्रम की भी पढ़ाई शुरू होगी। फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया (पीसीआइ) ने लवि के द्वितीय परिसर में एम.फार्म (फार्मास्युटिक्स) और एम.फार्म (फार्माकोलाजी) पाठ्यक्रमों के संचालन की अनुमति दे दी है।

संस्थान के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। इस सुविधा के बाद अब यहां स्नातक से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक फार्मेसी शिक्षा ली जा सकेगी। जानकीपुरम स्थित विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में स्थापित इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्युटिकल साइंसेज में अभी तक स्नातक स्तर पर बी.फार्म और डी.फार्म (डिप्लोमा पाठ्यक्रम) संचालित है।

**पीसीआइ ने दी मान्यता**

बी.फार्म की 100 सीटों पर कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) और डी.फार्म में लवि की प्रवेश परीक्षा से प्रवेश लिए जाते हैं। पीसीआइ ने इन दोनों की अगले सत्र की पुन : मान्यता भी दे दी है। कुलपति प्रोफेसर जेपी सैनी ने कहा कि एम.फार्म पाठ्यक्रमों की स्वीकृति संस्थान की शैक्षणिक प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा, शोध एवं विशेषज्ञता विकसित करने के व्यापक अवसर प्राप्त होंगे।



विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रोफेसर मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि पहली बार एम.फार्म के दोनों पाठ्यक्रमों में 15-15 सीटों पर प्रवेश होंगे। यह स्वीकृति संस्थान की उच्च स्तरीय अधोसंरचना, उन्नत प्रयोगशालाओं एवं शोध-सुविधाओं की औपचारिक पुष्टि करती है। पीजी के इन पाठ्यक्रमों की अवधि दो साल(चार सेमेस्टर) की होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि इन पाठ्यक्रमों में सीयूईटी पीजी या ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट (जीपैट) की मेरिट से प्रवेश लेने पर विचार विमर्श किया जा रहा है।

## भ्रष्टाचार के दोषी सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता व सहायक को चार-चार साल की सजा, सजा सुनते ही दया की करने लगे गुहार

**बादशाहपुर (गुरुग्राम)।** ठेकेदार के रूप में पंजीकरण करने के बदले रिश्वत मांगने के आरोपित सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता नवीन कुमार यादव एवं सहायक चंद्रशेखर को दोषी ठहराते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील चौहान की अदालत ने दो मार्च को चार-चार साल की सजा सुना दी। दोनों को पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

**सार्वजनिक पद की गरिमा प्रभावित**

अदालत ने आदेश में कहा कि जुर्माने की राशि जमा न करने की स्थिति में दोनों दोषियों को छह-छह महीने और जेल में रहना होगा। सजा सुनाने के दौरान टिप्पणी करते हुए अदालत ने कहा कि लोकसेवकों को वैधानिक जिम्मेदारियां सौंपी जाती हैं। उनसे निष्पक्षता व ईमानदारी की अपेक्षा की जाती है, लेकिन दोषियों ने ऐसा आचरण किया जिससे प्रशासनिक व्यवस्था में जनता का विश्वास कमजोर हुआ। सार्वजनिक पद की गरिमा प्रभावित हुई।

**दोनों को 10-10 हजार रुपये दे दिए**

दरअसल, गांव भोंडसी के रहने वाले अनंतराम ने एंटी करप्शन ब्यूरो के गुरुग्राम कार्यालय में 16 दिसंबर 2022 को शिकायत दी थी। शिकायत में कहा था कि उन्होंने एक वर्ष पहले ठेकेदार के रूप में पंजीकरण कराने के लिए आवेदन सिंचाई विभाग में आवेदन किया था। उनकी फाइल सिंचाई विभाग के सेक्टर-14 कार्यालय में कार्यकारी अभियंता नवीन कुमार के पास लंबित थी। जब लंबित होने का कारण पूछा तो कार्यकारी अभियंता नवीन कुमार यादव एवं सहायक चंद्रशेखर ने रिश्वत के रूप में 35 हजार रुपये की मांग की। इस पर उन्होंने दोनों को 10-10 हजार रुपये दे दिए।

**तब एंटी करप्शन ब्यूरो ने जाल बिछाया**

इसके बाद भी फाइल नहीं निकाली गई और पैसे की मांग की जाती रही। कहा गया जब पैसे पूरे नहीं होंगे तब तक फाइल लंबित रहेगी। पूरा मामला समझने के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो ने जाल बिछाकर रिश्वत लेते हुए चंद्रशेखर को गिरफ्तार किया। चंद्रशेखर से पूछताछ के आधार नवीन कुमार यादव को भी गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में साक्ष्य व गवाहों के बयान के आधार पर जिला अदालत ने आरोपितों को दोषी ठहराते हुए सजा सुना दी। शिकायतकर्ता ने कार्यकारी अभियंता एवं सहायक से बातचीत की रिकॉर्डिंग भी कर ली थी। इस वजह से बचाव की कोई गुंजाइश नहीं बची।

**सजा सुनाए जाने के दौरान दोनों गिड़गिड़ाते रहे**

सजा पर बहस के दौरान चंद्रशेखर (41 वर्ष) ने दलील दी कि वह दो नाबालिग बेटियों, पत्नी और वृद्ध माता-पिता का एकमात्र कमाने वाला एक सदस्य है। उसका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। नवीन कुमार यादव (36 वर्ष) ने भी पारिवारिक जिम्मेदारियों और पूर्व में किसी आपराधिक मामले में संलिप्त न होने का हवाला देते हुए दया की प्रार्थना की। दोनों की बातों को अदालत ने एक सिरे से खारिज करते हुए लोक अभियोजक ने तर्क दिया कि सार्वजनिक सेवकों द्वारा रिश्वत लेना कानून के शासन को कमजोर करता है। ऐसे मामलों में कठोर दंड आवश्यक है ताकि समाज में बेहतर संदेश जाए। अदालत ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कहा कि भ्रष्टाचार से प्रशासनिक तंत्र की साख को गंभीर क्षति पहुंचती है, इसलिए ऐसे अपराधों से सख्ती से निपटना आवश्यक है।

**दो महीने के दौरान चार को सजा**

दो महीने के दौरान भ्रष्टाचार के मामले में चार अधिकारियों व कर्मचारियों को सजा सुनाए जाने से साफ है कि एंट्री करप्शन ब्यूरो जीरो टालरेंस को ध्यान में रखकर काम कर रहा है। आरोपितों को बचाव का रास्ता न मिले, वे शिकायतकर्ता को प्रभावित न कर सकें, इसके ऊपर भी ब्यूरो ध्यान दे रहा है। इससे बड़े-बड़े अधिकारी बच नहीं पा रहे हैं। दो महीने पहले भी जिला अदालत ने जीएसटी नंबर जारी करने के बदले रिश्वत लेने के आरोपित आबकारी एवं कराधान निरीक्षक (इंस्पेक्टर) सुमित्रा गोदारा एवं आबकारी एवं कराधान अधिकारी (ईटीओ) रोशनलाल को पांच-पांच साल की कैद व दो-दो लाख लाख रुपये का जुर्माने लगाकर भ्रष्टाचार के मामले में सख्त संदेश दिया था। दोनों अदालत के सामने गिड़गिड़ाते रहते लेकिन उनकी एक न सुनी गई।